
# दैनिक जागरण Sunday

वर्ष 73 अंक 124 पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 01 फरवरी, 2026
माघ शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए
www.dainikjagranmpcg.com


## ईशान का 42 गेंदों में शतक

**तिरुवनंतपुरम, जेएनएन।** टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम में लंबे समय बाद वापसी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन के बल्ले से न्यूजीलैंड के खिलाफ 5वें टी20 मैच में 42 गेंदों में शतकीय पारी खेली। भारत ने आखिरी मैच 46 रन से जीतकर सीरीज 4-1 से अपने नाम की। ईशान भारत की तरफ से रोहित शर्मा के बाद दूसरे ऐसे खिलाड़ी बने हैं, जो वनडे में दोहरा शतक लगाने के बाद टी20 इंटरनेशनल में शतकीय पारी खेली। ईशान मुकाबले में 43 गेंदों का सामना कर 103 रनों की पारी खेली। ईशान ने शानदार शतकीय पारी के दौरान कुल 6 चौके, 10 छक्के जड़े। ईशान ने टीम में वापसी के बाद अब तक बल्ले से जिस तरह प्रदर्शन किया है, उससे उनको प्लेइंग 11 से बाहर करना मुश्किल है।

# बजट आजः सस्ते हो सकते हैं सोना, चांदी

## ड्यूटी घटकर 4 फीसदी होने की संभावना, 2025 में चांदी 167 सोना 75 फीसदी महंगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रविवार एक फरवरी को पेश होने वाले बजट के बाद सोना-चांदी खरीदना सस्ता हो सकता है। सरकार इस पर लगने वाली कस्टम ड्यूटी को 6 फीसदी से घटाकर 4 फीसदी कर सकती है। अगर ऐसा होता है, तो सोना प्रति 10 ग्राम करीब 3 हजार और चांदी 6 हजार रुपए सस्ती हो सकती है। 2025 में सोना 75 फीसदी और चांदी 167 फीसदी बढ़ी है। अभी यानी जनवरी 2026 में 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1.50 लाख और एक किलो चांदी 3.50 लाख रुपए में मिल रही है। फाइनेंशियल एक्सपर्ट्स के मुताबिक, एक साथ बड़ी खरीदारी की बजाय किस्तों में निवेश का तरीका अपनाना चाहिए, ताकि कीमतों में होने वाले भारी उतार-चढ़ाव के जोखिम को कम किया जा सके। आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स में कमोडिटीज के डायरेक्टर नवीन माथुर का सुझाव है कि बाजार की अनिश्चितता और ऊंचे स्तरों को देखते हुए निवेशकों को 'तेजी के पीछे भागने के बजाय गिरावट पर खरीदारी' करनी चाहिए। बजट के पहले और बाद दोनों समय छोटी-छोटी किस्तों में 'बाय-ऑन-डिप्स' की रणनीति अपनाना सही रहेगा।

### सोना-चांदी के बढ़ने की पांच वजहें




- **जंग और अनिश्चितता:** दुनिया में बढ़ते तनाव (ट्रेड वॉर और जियो-पॉलिटिकल रिस्क) के कारण निवेशकों ने जोखिम कम करने के लिए सोने को 'सेफ एसेट' माना। फाइनेंशियल सर्विसेज फर्म जेपी मॉर्गन के मुताबिक, अनिश्चितता ही कीमतों का सबसे बड़ा ड्राइवर रही।
- **कमजोर डॉलर:** अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें घटाने से डॉलर कमजोर हुआ। चूंकि सोना-चांदी डॉलर में ट्रेड होते हैं, इसलिए डॉलर गिरते ही इनकी कीमतें उछल गईं।
- **केंद्रीय बैंकों की खरीदारी:** दिसंबर 2025 तक दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों के पास अब कुल 32,140 टन सोना था। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार, 2022 में केंद्रीय बैंकों ने 1,082 टन सोना खरीदा, 2023 में 1,037 टन और 2024 में रिकॉर्ड 1,180 टन सोना खरीदा। साल 2025 में भी सेंट्रल बैंकों की खरीदारी 1 हजार टन के पार होने की उम्मीद है।
- **चांदी की इंडस्ट्रियल डिमांड :** चांदी का 50 फीसदी से ज्यादा इस्तेमाल सोलर पैनल, ईवी बैटरी और चिप्स बनाने में होता है। डिमांड बढ़ने की वजह से चांदी ने सोने से भी ज्यादा रिटर्न दिया।
- **सप्लाई में कमी:** माइनिंग से सोने-चांदी की सप्लाई सीमित रही, जबकि मांग बढ़ती गई। सप्लाई की इस कमी से सोने-चांदी के दामों में उछाल आया है।

### निवेश के 2 तरीके

- **फिजिकल गोल्ड-सिल्वर:** भरोसेमंद ज्वेलर्स या बैंक से सोने-चांदी के सिक्के या बार खरीद सकते हैं। निवेश के लिहाज से 24 कैरेट सोने को सबसे अच्छा माना जाता है। हालांकि, इसे घर में रखने पर चोरी का डर रहता है। बैंक लॉकर में रखने पर अलग से किराया देना पड़ता है।
- **गोल्ड-सिल्वर ईटीएफ:** इसके लिए आपके पास एक डीमैट अकाउंट होना जरूरी है। जैसे आप कंपनियों के शेयर खरीदते हैं, वैसे ही आप स्टॉक मार्केट से गोल्ड या सिल्वर ईटीएफ की यूनिट्स खरीद सकते हैं। यहां चोरी का कोई डर नहीं और शुद्धता की 100 फीसदी गारंटी होती है।

**क्रैश हुई चांदी, 1.10 लाख गिरकर 2.91 लाख पर आई, सोना 20 हजार रुपए सस्ता**
गोल्ड और सिल्वर मार्केट 30 जनवरी को क्रैश हो गया। एमसीएक्स पर चांदी 1.10 लाख रुपए (27 फीसदी) गिर गई। अब 1 किलो चांदी 2.91 लाख रुपए में मिल रही है। एक दिन पहले यानी 29 जनवरी को चांदी 4.01 लाख रुपए प्रति किलो में मिल रही थी। सोने में भी 20 हजार रुपए (12 फीसदी) की गिरावट रही।

## आज 11 बजे पेश होगा आम बजट


केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार को लोकसभा में वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। यह पहली बार होगा, जब केंद्रीय बजट रविवार को पेश किया जाएगा। केंद्रीय बजट भाषण सुबह 11 बजे संसद में शुरू होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भाषण लोकसभा में देंगी। उनका भाषण करीब 60 से 90 मिनट तक चल सकता है। बजट भाषण के बाद इससे जुड़े सभी दस्तावेज लोकसभा और राज्यसभा, दोनों सदनों में पेश किए जाएंगे। इसे टीवी पर दूरदर्शन संसद टीवी पर लाइव देखा जा सकेगा। प्रसारण भाषण शुरू होने से कुछ देर पहले शुरू हो जाएगा। भाषण को ऑनलाइन भी सुबह 11 बजे से लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। इसे संसद टीवी, पीआईबी इंडिया के यूट्यूब चैनल इंडिया बजट डॉट जीओवी डॉट इन और अन्य सरकारी वेबसाइटों पर देखा जा सकता है।

# महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बनीं सुनेत्रा

## अजित के निधन के चौथे दिन पत्नी ने ली शपथ

**मुंबई/बारामती, जेएनएन।** अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बन गईं। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने लोकभवन में सुनेत्रा को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह करीब 12 मिनट तक चला। शरद पवार इस समारोह में नहीं पहुंचे। इससे पहले दिन में एनसीपी विधायक दल और विधान परिषद सदस्यों की विधान भवन में बैठक बुलाई गई थी, जिसमें सुनेत्रा को पार्टी नेता चुना गया था। डिप्टी सीएम की शपथ से पहले सुनेत्रा ने राज्यसभा के सांसद पद से इस्तीफा दे दिया। अजित की तीन दिन पहले 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत के बाद डिप्टी सीएम पद खाली हो गया था। सुनेत्रा को मुंबई के लोक भवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी इस मौके पर मौजूद रहे।

**शपथ में नहीं पहुंचे शरद पवार**



### अजीत दादा के सपनों को साकार करने ईमानदारी से करूंगी काम : सुनेत्रा

सुनेत्रा पवार ने शपथ लेने के बाद पहला भावुक ट्वीट किया। एक्स पर पोस्ट में उन्होंने लिखा, अजीत दादा ने किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों के लिए पूरी जिंदगी जीने का मंत्र दिया है। मैं उनके सपनों को साकार करने के लिए बिना थके और ईमानदारी से काम करती रहूंगी। सुनेत्रा ने लिखा, आदरणीय अजीत दादा ने किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों के लिए पूरी जिंदगी जीने का मंत्र दिया है।

## दावाः राजस्थान की साध्वी की इंजेक्शन से हुई मौत

**जयपुर, जेएनएन।** राजस्थान की कथावाचक साध्वी प्रेम बाईसा (23) के पिता वीरमनाथ (गुरुजी) ने दावा किया है कि गलत इंजेक्शन की वजह से बाईसा की जान चली गई। पूरे घटनाक्रम में सवालों के घेरे में आए पिता वीरमनाथ ने दावा किया कि प्रेम बाईसा ने अंतिम समय में उनसे कहा था 'गुरुजी, मुझे न्याय दिलाना।' इसी उद्देश्य से 4 घंटे बाद सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) पर मैंने ही पोस्ट डलवाई थी। दरअसल, कथावाचक साध्वी प्रेम बाईसा की बुधवार (28 जनवरी) को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। शुक्रवार (30 जनवरी) को बालोतरा के परेऊ गांव में आश्रम में संत परंपरा के अनुसार समाधि दी गई। वीरमनाथ ने बताया कि 27 जनवरी की रात अजमेर से जोधपुर लौटे थे। 28 जनवरी की सुबह प्रेम बाईसा को गले में खराश और जुकाम की शिकायत थी। 31 जनवरी को अजमेर और फरवरी में चंडीगढ़ व अजमेर में बड़े धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तावित थे। इनमें से एक कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आने वाले थे। इस बीच अजमेर से लौटने के बाद बाईसा के गले में कफ की समस्या बढ़ गई तो इलाज के लिए कंपाउंडर देवीलाल सिंह को बुलाया था। पहले भी एक बार वही कंपाउंडर आया था, लेकिन तब उसने केवल दवाइयां दी थीं। इस बार उसने इंजेक्शन लगाया, लेकिन जैसे ही इंजेक्शन लगाया गया, 30 सेकेंड में बाईसा की हालत बिगड़ गई।

# सीएम का ऐलान, प्रदेश में जल्द ही होंगे 50 मेडिकल कॉलेज



**भोपाल/रीवा, जेएनएन।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि राज्य में कैंसर मरीजों का इलाज अत्याधुनिक मशीनों से किया जाएगा। रीवा स्थित श्याम शाह चिकित्सा कॉलेज में स्पेशल कैंसर यूनिट सहित विस्तारीकरण कार्यों का भूमि-पूजन करते हुए उन्होंने बताया कि भोपाल, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर में भी आधुनिक तकनीक से कैंसर उपचार की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद 55 वर्षों में प्रदेश में केवल 5 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में तेजी से विस्तार हो रहा है और जल्द ही मेडिकल कॉलेजों की संख्या 50 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा विंध्य क्षेत्र के विकास का इंजन है, जो पूरे क्षेत्र को गति दे रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि संकट के समय विदेशों में फंसे भारतीय छात्रों को सुरक्षित वापस लाना सरकार की संवेदनशीलता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने बताया कि श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय के लगभग 350 करोड़ रुपए के विस्तारीकरण से नया अस्पताल भवन बनेगा, जिससे 2400 से अधिक बेड की क्षमता होगी। नए भवन में कार्डियोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और कैंसर के लिए विशेष यूनिट स्थापित होंगी।

### गुढ़ में बनेगा 100 एकड़ में नया औद्योगिक क्षेत्र

मुख्यमंत्री ने रीवा जिले के गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में 100 एकड़ में नए औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि विंध्य क्षेत्र में उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं और देशभर से निवेशक यहां उद्योग लगाने के लिए आ रहे हैं, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री शनिवार को गुढ़ स्थित बाबा भैरवनाथ मंदिर परिसर में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 17 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत से बने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

## बलूचिस्तान में 12 जगहों पर बलूचों का हमला


**क्वेटा, जेएनएन।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक साथ 12 जगहों पर हमले किए। हमलों में 10 सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं। वहीं, पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में 37 लड़ाके भी मारे गए। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि बलूच विद्रोहियों ने क्वेटा, पसनी, मस्तुंग, नुश्की और ग्वादर जिले में शनिवार सुबह 12 से ज्यादा जगहों पर एक साथ हमले किए। राजधानी क्वेटा में चार पुलिसकर्मी मारे गए। हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया कि यह चार पुलिसकर्मी उन 10 सुरक्षाकर्मियों में शामिल हैं या नहीं। क्वेटा के एक सीनियर अफसर ने यह भी बताया कि लड़ाकों ने नुश्की जिले के डिप्टी कमिश्नर का अपहरण कर लिया है।

## सजा देना पुलिस का अधिकार नहीं: हाईकोर्ट

**प्रयागराज, जेएनएन।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उप्र में बढ़ती पुलिस मुठभेड़ों, खासकर आरोपियों के पैरों में गोली मारकर उन्हें 'एनकाउंटर' बताने की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता जताई है। प्रयागराज में जस्टिस अरुण कुमार देशवाल की सिंगल बेंच ने साफ शब्दों में कहा कि पुलिस कानून से ऊपर नहीं है और अपराधी को सजा देना न्याय पालिका का काम है, न कि पुलिस का। अदालत ने कहा कि प्रमोशन, वाहवाही या सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरने के लिए गोली चलाने की प्रवृत्ति न केवल गलत बल्कि खतरनाक भी है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि आरोपी के शरीर के किसी गैर-जरूरी हिस्से पर गोली मारना भी कानूनन अस्वीकार्य है।







# एकेएस विश्वविद्यालय के बीबीए एमबीए छात्रों का चयन



**जागरण, सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय सतना के प्रबंधन संकाय के वर्ष 2026 में उत्तीर्ण होने वाले बीबीए एवं एमबीए पाठ्यक्रम के कुल 10 विद्यार्थियों का चयन जेएमएस माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को मध्य प्रदेश के अनूपपुर स्थित कार्यस्थल पर सेवाएँ देने का अवसर प्राप्त होगा। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत बीबीए पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों का चयन जूनियर ऑफिस एसोसिएट ग्रेड-1 पद के लिए तथा एमबीए पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों का चयन ऑफिस एसोसिएट ग्रेड-2 पद के लिए किया गया है। यह चयन विश्वविद्यालय में दी जा रही व्यावहारिक शिक्षा कौशल विकास और उद्योग.समन्वित प्रशिक्षण का प्रत्यक्ष परिणाम है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रो.चांसलर अनंत कुमार सोनी ने कहा कि एकेएस विश्वविद्यालय का विजन विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक रूप से सक्षम बनाना नहींए बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और रोजगार के लिए पूरी तरह तैयार करना है। उद्योगों के साथ सशक्त सहभागिता के माध्यम से विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना रहा है। जेएमएस माइनिंग में हुआ यह चयन हमारे उसी दूरदर्शी विजन की पुष्टि करता है। एकेएस विश्वविद्यालय का सतत प्रयास है कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगारोन्मुख अवसर भी उपलब्ध कराए जाएँ। विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी मेहनत और विश्वविद्यालय की प्रशिक्षण व्यवस्था की मजबूती को दर्शाती है। यह वक्तव्य एकेएस विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रमुख बालेंद्र विश्वकर्मा ने बीबीए एवं एमबीए विद्यार्थियों के चयन की जानकारी देते हुए दिया।प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट समन्वयक प्रफुल्ल गौतम एवं मनोज सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि चयनित विद्यार्थी अपने कार्यस्थल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को और ऊँचाइयों तक ले जाएँगे।

# मुश्किल हालात के बावजूद एबिटिडा 18 प्रतिशत बढ़ा

**जागरण, सतना।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने दिसंबर तिमाही में 53 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड शुद्ध लाभ दर्ज किया जो पिछले साल इसी समय के मुकाबले 71 प्रतिशत ज्यादा है जबकि कंसोलिडेटेड एबिटिडा 18 प्रतिशत बढ़कर 312 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी संचालन लागत को सही करने और प्रोडक्ट और जियो.मिक्स को बेहतर बनाने के साथ.साथ अपने प्लांट्स में कैपेसिटी यूटिलाइजेशन को बेहतर बनाने के लिए और कई कदम उठा रही है। सीमेंट डिवीजन का एबिटिडा मार्जिन इस तिमाही में 14.8 प्रतिशत था जबकि पिछले साल इसी समय में यह 11.9 प्रतिशत था। सीमेंट प्रोडक्शन की कुल लागत पिछले साल के मुकाबले 4 प्रतिशत कम थी। बीती तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड आय साल.दर.साल 4 प्रतिशत घटकर 2,178 करोड़ रुपए रहाए क्योंकि वॉल्यूम के हिसाब से सीमेंट की बिक्री 6 प्रतिशत घटकर 4.23 मिलियन टन एमटी रह गई और बाजारों में कीमतों में अनुमानित 4.6 प्रतिशत की गिरावट आई। अक्टूबर और नवंबर में मांग कम थी लेकिन दिसंबर में बी2बी सेगमेंट की वजह से इसमें अच्छी रिकवरी हुई जिससे तिमाही में साल.दर.साल 7.8 प्रतिशत की अनुमानित कुल बढ़ोतरी हुई। बी2बी या नॉन.ट्रेड सेगमेंट में कीमतें नरम रहने के साथए कंपनी ने बी2बी मार्केट में ब्लेंडेड और प्रीमियम सीमेंट की बिक्री पर ध्यान देने की अपनी भरोसेमंद स्ट्रैटेजी को मजबूती से आगे बढ़ाया और अच्छे परिणाम भी प्राप्त किए। दिसंबर तिमाही में ब्लेंडेड सीमेंट की बिक्री कुल बिक्री का 87 प्रतिशत हो गईए जबकि एक साल पहले इसी समय में यह 79 प्रतिशत थी। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के फ्लैगशिप ब्रांड परफेक्ट प्लस की वजह से प्रीमियम सीमेंट की बिक्री बी2बी सेगमेंट में बिक्री का 63 प्रतिशत हो गई जबकि एक साल पहले यह 59 प्रतिशत थी। इस तिमाही में ट्रेड चैनल से बिक्री कुल बिक्री का 78 प्रतिशत थी जबकि एक साल पहले यह 68 प्रतिशत थी।

# श्वानों का निः शुल्क रेबीज टीकाकरण आज



फाइल फोटो

**जागरण, सतना।** ज्योतिर्मय वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में सतना शहर में श्वानों का निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण तथा पशु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन आज 01 फरवरी को किया गया है। आयोजक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस विशाल शिविर में सतना शहर के साथ आसपास के गांवों के लोग अपने श्वानों को निःशुल्क टीकाकरण कराने के साथ अपने पशुओं के स्वास्थ्य की जांच करा सकते हैं। आयोजक ने आगे कहा कि गली मोहल्ले में घूमने वाले अवारा श्वानों को लाकर भी उनका एंटी रेबीज टीकाकरण कराया जा सकता है। शहर भर में प्रतिदिन लगभग सैकड़ों लोग डॉग बाइट का शिकार हो रहे हैं तथा रेबीज के प्रसार का खतरा आए दिन बढ़ता जा रहा है। आयोजक ने आम जनमानस से यह अपील की है कि निःशुल्क शिविर में अपने पालतू पशुओं के साथ आवारा पशुओं का भी टीकाकरण कराकर पशुओं सहित अपने आप को भी सुरक्षित करें। ज्ञात हो कि ज्योतिर्मय वेलफेयर सोसायटी द्वारा विगत पांच वर्षों से सतना शहर सहित आसपास के शहरों में ऐसे निःशुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता रहा है, जिसमें प्रतिवर्ष सैकड़ों श्वानों का निःशुल्क टीकाकरण किया जाता है। आयोजक ने आगे कहा कि इस वर्ष यह शिविर आज 01 फरवरी को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पानी टंकी के पास ट्रांसपोर्ट नगर सतना में आयोजित किया गया है। उन्होंने अपील की है कि भारी संख्या में पहुंचकर इस शिविर का लाभ उठाएं।

# पटियाला ने सीधी को हराया




**जागरण, सतना।** रामपुर बाघेलान के लाल चंद्रकांत सिंह स्टेडियम में विधायक विक्रम सिंह द्वारा आयोजित स्वर्गीय कप्तान अवधेश प्रताप सिंह स्मृति अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच पटियाला और सीधी के बीच खेला गया ।जिसमें सीधी ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 9 विकेट खोकर 158 रन बना पाई। जवाब में 158 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पटियाला टीम ने मैच को 6 विकेट से जीत कर फाइनल में पहुँच गई ।जिसमें मैन ऑफ द मैच पटियाला के दमन प्रीत सिंह रहे जिन्होंने 22 रन के साथ 3 विकेट लिएएइस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह वही खिलाड़ियों का उत्सव वर्धन करने विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी विश्वविजय सिंह पुष्पेंद्र सिंह पुष्पे अजीत सिंह रामपाल सिंह परिहार अजीत सिंह सागर सिंह सरपंच प्रदीप द्विवेदी शेरू शारदा ट्रेडर्स शिवमोहन सिंह लाला वरिष्ठ समाज सेवी अशीष सिंह अम्बू हरिओम सिंह अजीत सिंह कमलेश कचेर अंशू सिंह बघेल ट्रेडर्स प्रदीप सिंह मोहित सिंह करही भरत सिंह परिहार सुनील सिंह कुबेर ताम्रकार अब्दुल इसहाक खान शुभम सिंह गंगा सिंह सौरव सिंह भोलू गौरव खाद भंडार अंकुश चौधरी सोनू शर्मा सहित हजारों खेल प्रेमियों ने मैच का आनंद लिया ।जिसमें इस मैच के अंपायर धीरज सिंह और प्रणय सिंह मराठा के साथ स्कोरर पंकज सिंह सिद्धांत बघेल के साथ कॉमेंटेटर सानू मिश्रा सहित आयोजक समित के सभी सदृस्योंकि मौजूदगी रही।

## बच्चों ने बनाई आकर्षक ड्रॉइंग, मिले पुरस्कार

**सतना।** मध्य प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपाल के निर्देश पर जैवविविधता प्रबंधन समिति पिथौराबाद द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अटरा में कचरा प्रबंधन पर ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित कर प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉण् राजेश तिवारी रहे जबकि अध्यक्षता प्रबंधन समिति अध्यक्ष पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय प्राचार्य प्रेमलाल वर्मा एवं कृषि विशेषज्ञ भैरव साइनी पश्चिम बंगाल रहे। नवांकुर संस्था सर्जना पिथौराबाद के विशेष सहयोग से हुए इस कार्यक्रम का समापन माध्यपान निषेध की शपथ के साथ हुआ।

**कचरे ने हमारा विकास रोंका :** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिषद के जिला समन्वयक डॉण् तिवारी ने कहा कि हमारे चारों तरफपानी आकाश जमीन हर जगह पहले से ही कचरा मौजूद है। अब नया खतरा सोशल मीडिया रूपी कचरे से पैदा हो गया है जो हमारे विचारों में आ गया हैं। हम नशे में हैंए सब कुछ देख कर भी इस स्थित को सुधारने के प्रति गंभीर नहीं हैंए हमारी बौद्धिक एवं सनातनी संस्कृति है जिसके तहत हम में हर प्रतिस्पर्धा पार करने की ताकत है हम विकास के नए आयाम गढ़ सकते हैं लेकिन हर तरह के कचरे ने हमारे विकास को रोक दिया है इस पर हमें ध्यान देना होगा हमें यह देखना होगा कहीं हम कचरे के बीच रहकर खुद तो कचरा नहीं हो गए उन्होंने इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को याद करते हुए समाज में नशे कि बढ़ती लत और उसके दुष्परिणामों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

# ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम




**जागरण, सतना।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है। विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक 2025 के लोकसभा में पारित होने पर जिला कार्यालय भरहुत नगर में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिले के 'लोकप्रिय सांसद गणेश सिंह रहे। सांसद गणेश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह विधेयक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। यह योजना मनरेगा का उन्नत और प्रभावशाली स्वरूप है जो ग्रामीण विकास को नई गति देगी और भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत रोजगार के दिनों को 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है जिससे ग्रामीण परिवारों की आय और आजीविका को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि आजीविका एवं परिसंपत्ति निर्माण के निर्णयों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। इस योजना को लेकर कुछ स्थानों पर भ्रम फैलाया जा रहा हैए जबकि यह योजना किसानोंए मजदूरों और ग्रामीण समाज के हित में है। इससे न केवल जिला बल्कि पूरे प्रदेश और राज्य का चेहरा बदलेगा और ग्रामीण रोजगार की यह नई क्रांति निश्चित रूप से सफल होगी। मध्य प्रदेश शासन की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी' ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत सरकार ने गांवों को विकसित बनाने का महान सपना देशवासियों को दिया है। यह योजना भारत को विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

## अतिक्रमण कारियों पर चला नगर पालिका का डंडा



**जागरण, सतना।** अतिक्रण कारियों पर नगर परिषद रामपुर बाघेलान सीएमओ अरुण कुमार श्रीवास्तव ने नकेल कसते हुए हनुमानगंज में यातायात बाधित करने पर उनके ऊपर चालानी कार्रवाई की जिस पर अतिक्रमण करते पाए जाने पर 500 के पांच चालान काटकर हाथ ठेला संचालकों को सख्त निर्देश दिए की वह सड़क से 5 फीट दूर अपना व्यवसाय करें सड़क पर ठेले निकाल कर खड़े होने पर उनके ऊपर चालानी कार्रवाई की जाएगी जिसके जवाबदार वे स्वयं होंगे। वहीं सीएमओ श्री श्रीवास्तव ने चूना डलवा कर हाथ ठेला संचालकों को दुकान लगाने के लिए चिन्हित किया की इस जगह पर अपनी दुकानें संचालित करें ।जिसमें मुख्य रूप से अतिक्रमण प्रभारी राम विश्वास कुशवाहा मोहम्मद ताबिल के साथ नगर परिषद स्टाफ उपस्थित रहा।

# बगहा में आज होगा जिला टीम का चयन

**जागरण, सतना।** जिला क्रिकेट संघ सतना एडहॉक कमेटी के निर्देशानुसार 30 जनवरी को संघ कार्यालय में एडहॉक कमेटी की एक बैठक आयोजित की गई बैठक में वरिष्ठ खिलाड़ियों की उपस्थिति के साथ एडहॉक कमेटी द्वारा गठित चयन समिति के सदस्य भी मौजूद रहे बैठक का उद्देश्य आगामी क्रिकेट प्रतियोगिताओं के लिए टीम चयन की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाना रहा बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर.13 बॉयज अंडर . 18 गर्ल्स एवं सीनियर महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए टीम का चयन 1 फरवरी को सुबह 10 बजे टी एन टी ग्राउंड बगहा सतना में किया जाएगा इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर.13 बॉयज यह टूर्नामेंट फरवरी 2026 में प्रस्तावित है चयन प्रक्रिया में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनकी जन्मतिथि 1 सितंबर 2012 से 31 अगस्त 2014 के बीच हो एमपीसीए के दिशा.निर्देशों के अनुसार 11 वर्ष से कम एवं 13 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ी इस वर्ग में पात्र नहीं होंगे। अंडर.18 गर्ल्स क्रिकेट टीम के चयन का भी निर्णय लिया गया जिसमें वे खिलाड़ी पात्र होंगी जिनका जन्म 1 सितंबर 2007 या उसके बाद हुआ हो चयन के दौरान खिलाड़ियों को डिजिटल जन्म प्रमाण पत्रए पिछले तीन वर्षों की मार्कशीट आधार कार्ड एवं आधार कार्ड हिस्ट्री एदो पासपोर्ट फोटो जिसमें डेट प्रिंट हो अनिवार्य रूप से साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं सीनियर महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया भी शुरू करने पर सहमति बनीद्य बैठक में एडहॉक कमिटी के सदस्य रतन श्रीवास्तव राजेश कैला एवं प्रमोद शर्मा अभिनव भट्ट राजेश मिश्रा विराग जैन साकेत गौतम नवीन श्रीवास्तव ललित खुरान मनोज रावत उमेश तिवारी डॉ पुष्पराज सिंह आकांसु खुराना सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे जिला क्रिकेट संघ एडहॉक समिति ने स्पष्ट किया कि यह पहल सतना के युवा खिलाड़ियों को बेहतर मंच देने सही प्रतिभाओं का चयन करने और जिले का नाम प्रदेश व देश स्तर पर रोशन करने की दिशा में एक मजबूत कदम हैण् उपरोक्त जानकारी डॉ पुष्पराज सिंह ने दी।

## सेवानिवृत होने पर दी भावभीनी विदाई



**सतना.रामपुर बघेलान ।** जमुना हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ रहे उमेश प्रताप सिंह परिहार सेवानिवृत हुए। जिनके विदाई समारोह के दौरान प्राचार्य विजय कुमार जायसवाल शिक्षक शशिकांत तिवारी राजेश प्रसाद पांडेय चक्रभण सिंह उषा मिश्रा वीणा पांडेय विनय द्विवेदी सुशीला सिंह नागेंद्र बुनकर लालमन सिंह प्रसून सिंह परिहार शिमला सिंह प्रीती सिंह खुशबू सिंह अथर्व देव सिंह अद्रिक सिंह प्रणिका सिंह हिमांशू द्विवेदी राकेश सिंह बघेल सहित अन्य ग्रामीणों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी साथ ही उनके नए जीवन में प्रवेश करने की शुभकामनाएं दी।



## ओलंपियाड की परीक्षा में विकासखंड रामनगर के बच्चों ने मारी बाजी

**रामनगर।** जनपद शिक्षा केन्द्र रामनगर में 16 जनवरी एवं 17 जनवरी को जिला स्तरीय ओलंपियाड की परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में कक्षा 2 से 8 तक के बच्चे शामिल होते हैं।उक्त परीक्षा को तीन समूहों में विभाजित किया गया था जिसमें पहला समूह कक्षा 2 एवं 3 का दूसरा समूह कक्षा 4 एवं 5 का तथा तीसरा समूह कक्षा 6, 7 एवं 8 का था। इस परीक्षा में कक्षा 2-3 के तीन विषय हिंदी, गणित एवं अंग्रेजी कक्षा 4-5 के चार विषय हिंदी,अंग्रेजी,गणित एवं पर्यावरण तथा कक्षा 6.7 एवम 8 के 6 विषय हिंदी, अंग्रेजी,संस्कृत,गणित, विज्ञान एवं पर्यावरण विषय की परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा में प्रत्येक समूह से प्रति विषय 2.2 बच्चे जिन्होंने अपने जिले में सबसे अधिक अंक प्राप्त किया है उनको चयनित किया गया है।जिसमें समूह एक यानी कक्षा 2.3 से 6 छात्रएसमूह दो यानी कक्षा 4.5 से 8 छात्र एवं समूह तीन यानी कक्षा 6 7 एवं 8 से 18 छात्र कुल 32 छात्रों का प्रत्येक जिला से चयन किया गया है।

## रामनाथ प्रजापति बने नागौद ब्लॉक अध्यक्ष



**सतना।** प्रजापति कुम्हार संघ सतना ब्लाक नागौद की बैठक सम्पन्न हो गई। सर्वसम्मति से रामनाथ प्रजापति खैरा को ब्लॉक अध्यक्ष एवं गया प्रजापति धौरहरा को युवा ब्लॉक अध्यक्ष एवं सत्यनारायण प्रजापति ब्लॉक उपाध्यक्ष रामप्रसाद प्रजापति ब्लाक उपाध्यक्ष रामखेलावन प्रजापति ब्लॉक कोषाध्यक्ष छोटेलाल प्रजापति ब्लॉक संरक्षक वहीं गोरेलाल प्रजापति को युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष रामलाल प्रजापति रामकुमार प्रजापति एवं लखनलाल प्रजापति को संरक्षक नवनियुक्त पत्र देकर समाज कल्याण उत्थान कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई बैठक के मुख्य अतिथि गोरेलाल प्रजापति जिला प्रवक्ता एवं जिला संरक्षक अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुंजीलाल प्रजापति वरिष्ठ अतिथि रामबहोरी प्रजापति जिला संरक्षक पूर्व जिला पंचायत सदस्य कामता प्रसाद प्रजापति जिला संरक्षक संभागीय अध्यक्ष रामबहोरी आर बी प्रजापति युवा जिला अध्यक्ष संतोष प्रजापति शहर अध्यक्ष जयनारायण प्रजापति व्यवसाई जिला अध्यक्ष कामता प्रजापति संरक्षक पप्पू प्रजापति सह संगठन मंत्री बी डी प्रजापति संगठन मंत्री बद्री विशाल प्रजापति मीडिया प्रभारी हरि प्रसाद प्रजापति जिला उपाध्यक्ष प्रभारी नागौद सुदर्शन प्रजापति वीरन प्रजापति लालमन प्रजापति बुद्धा प्रजापति अजय प्रजापति राजेश प्रजापति सहित अन्य सैकड़ों सामाजिक गणमान्य जन उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाया।

# मुख्यमंत्री का सांसद गणेश सिंह ने किया आत्मीय स्वागत



**जागरण, सतना।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का शनिवार को रीवा आगमन हुआ। रीवा एयरपोर्ट पर उनका सतना सांसद गणेश सिंह ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद गणेश सिंह ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया तथा उनसे सौहार्दपूर्ण चर्चा की। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर एयरपोर्ट परिसर में विशेष तैयारियां की गई थीं। स्वागत कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी एवं पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित रहे और मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान सांसद गणेश सिंह ने सतना जिले के विकास से संबंधित चल रही योजनाओं पर मुख्यमंत्री से चर्चा की ताकि जिले में संचालित विकास कार्यों को और गति मिल सके।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**जागरण,अमदरा ।** शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमदरा में एक गरिमामय एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकासखंड विस्तार प्रशिक्षक श्रीमती पार्वती पटेल एएनएम श्रीमती चम्पा सिंह एवं आशा कार्यकर्ता श्रीमती उमा तिवारी को उनके सराहनीय निष्ठावान एवं अनुकरणीय सेवाकाल के लिए ससम्मान विदाई दी गई। कार्यक्रम में पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अनूपपुर सतना डॉ अशोक कुमार अवधिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पियूष पांडेय द्वारा की गई। इस अवसर पर विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक मनोज सिंह विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइज़र अरवाज़ खान विकासखंड लेखा प्रबंधक हबीब मंसूरी डाटा एंट्री ऑपरेटर पंकज मिश्रा एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्री अवधिया ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल में ईमानदारी समर्पण एवं मानवीय संवेदना के साथ जनसेवा की जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। वहीं डॉक्टर पीयूष पांडे ने कहा की विदाई केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि सम्मान कृतज्ञता और मधुर स्मृतियों को सहेजने का अवसर होती है।

## उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन शासकीय आवासों का किया निरीक्षण

**जागरण, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने चिरहुला कॉलोनी में हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाये जा रहे 165 शासकीय आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिये कि पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करायें। श्री शुक्ल ने कहा कि शासकीय आवासों के बन जाने से अधिकारियों और कर्मचारियों की आवास संबंधी समस्या का स्थाई तौर पर निराकरण हो जायेगा। उल्लेखनीय है कि 40 करोड़ रूपये की लागत से एक डी टाइप ड्यूप्लेक्स, चार ई टाइप ड्यूप्लेक्स, 16 एफ टाइप पी प्लस 4 के साथ ही 48-48 जी, एच व आई टाइप पी प्लस 6 आवासों का निर्माण किया जा रहा है।



# पांच दिवसीय कॅरियर मेला सम्पन्न

**जागरण, मुकुंदपुर।** मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुकुंदपुर में सत्र 2025.26 का 5 दिवसीय करियर मेला का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से विभिन्न क्षेत्रों के अतिथि विषेषक्ष स्वास्थ्यएशिक्षाए ब्यूटी,आईटी,प्लम्बरिंग एवं विद्यालय में अध्यापन कार्य करा रहे विषय शिक्षकों ने अपने . अपने संकाय की जानकारी विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के छात्राओं को मार्गदर्शित किया गया। छात्राओं ने करियर मेला में हर्षोल्लास के साथ भाग लेकर विभिन्न संकाय एवं अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त किये। समस्त बिषय के शिक्षकगणों में मदन प्रजापति, इन्द्र बहादुर प्रजापति,उमेश चर्मकार,अम्युदय सिंह, चंद्रदेव मिश्रा, श्रीमती स्नेहलता सिंहएगुड्डू सिंहए मोहसिन खान, सियाराम पाण्डेय, संतोष कुमार सोनी, प्रेरणा सिंह,सुमन सिंह, संजीव कुमार मिश्रा, रामप्रसाद पाण्डेय आदि एवं छात्राओं का कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा। जिसे कार्यक्रम उपरांत उक्त विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती राम श्री यादव के द्वारा सभी को आभार व्यक्त किया गया।

# बिरसिंहपुर में हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम सम्पन्न



**सतना।** बिरसिंहपुर नगर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में विशाल हिन्दू सम्मेलन का कार्यक्रम बड़े ही धूम धाम से हर्षोल्लाश पूर्वक मनाया गया साथ में सांस्कृतिक कार्यक्रमो की भी प्रस्तुति की गई एवं दूर दराज से आए हुए साधु संतों के मुखारविंदु से अमृतमय प्रवचन सुनने को प्राप्त हुआ इस दौरान नगर एवं क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिक समेत मातृ शक्ति भी मौजूद रही।

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 01 फरवरी 2026 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित



सूर्य उदय - अस्त
05.47 अस्त : आज
06.44 उदय : कल

शहर का तापमान
26.0 ⁰ अधिकत
10.0 ⁰ न्यूनतम

# फिल्म फेस्टिवल के तीसरे दिन प्रस्तुतियों ने बांधा समां

जागरण फिल्म फेस्टिवल

## शॉर्ट फिल्मों एवं सिनेमा प्रस्तुतियों का हुआ प्रदर्शन

### हस्तशिल्प एवं स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी भी रही आकर्षण का केंद्र



जागरण, सीधी

विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के तीसरे दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से फिल्मी कार्यक्रमों की भव्य शुरुआत हुई। फेस्टिवल के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों की शॉर्ट फिल्मों एवं सिनेमा प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। सिनेप्रेमियों, कलाकारों और फिल्म निर्माताओं की उत्साहपूर्ण मौजूदगी ने आयोजन को और भी यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान देश-विदेश से आए डायरेक्टर्स एवं मूवी मेकर्स ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि सीधी जैसे शहर में इस स्तर का अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल होना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इस मंच से स्थानीय बच्चों और युवाओं का मनोबल बढ़ेगा और वे भविष्य में फिल्म, सिनेमा, लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगे। इसी क्रम में वक्ता देवयानी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि शिमथोलॉजी पढ़ने से न सिर्फ इतिहास और परंपराओं का ज्ञान मिलता है, बल्कि यह नैतिकता, निर्णय क्षमता और आत्मचिंतन को भी मजबूत करती है। इन कथाओं में छिपे प्रतीक और संदेश आज के दौर में भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने प्राचीन समय में थे। उनके विचारों को उपस्थित दर्शकों ने सराहना के साथ सुना। फिल्मी प्रस्तुतियों के साथ-साथ फेस्टिवल परिसर में पारंपरिक कला और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में सुपारी और मिट्टी से बने शिल्प लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। यहां सुपारी से निर्मित गणेश प्रतिमा, सुपारी से बने खिलौने एवं मिट्टी से बने पारंपरिक खिलौनों को प्रदर्शित किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसके साथ ही महुआ से बने स्वदेशी उत्पादों को प्रमोट करने के लिए भी विशेष स्टॉल लगाया गया, जहां महुआ से बने बिस्किट और लड्डू प्रदर्शित किए गए। स्थानीय उत्पादों की इस पहल को लोगों ने सराहा और इसे ग्रामीण एवं आदिवासी संस्कृति को मंच देने वाला प्रयास बताया। तीसरे दिन प्रदर्शित की गई शॉर्ट फिल्म बेउला दर्शकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रही। यह एक संवेदनशील शॉर्ट फिल्म है, जो मानवीय रिश्तों, आत्म-संघर्ष और सामाजिक सच्चाइयों को बेहद सादगी और गहराई के साथ प्रस्तुत करती है। फिल्म की कहानी आम जीवन से जुड़ी परिस्थितियों पर आधारित है, जहां पात्रों की भीतरी भावनाएं और उनके निर्णय कथा को प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ाते हैं। फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसका मिनिमल ट्रीटमेंट है। कम संवाद, प्रभावशाली दृश्य और स्वाभाविक अभिनय। बेउला शोर-शराबे से दूर रहकर दर्शकों को सीधे भावनाओं से जोड़ती है और सोचने का अवसर देती है। यह फिल्म यह संदेश देती है कि खामोशी भी एक भाषा होती है, और कई बार छोटे से पल जिंदगी के बड़े अर्थ समझा देते हैं। फिल्म देखने के बाद इसका असर दर्शकों पर देर तक बना रहा। विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का तीसरा दिन कला, संवेदना, संस्कृति, स्वदेशी उत्पादों और सिनेमा के विविध रंगों से सराबोर रहा। इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि छोटे शहर भी बड़े सिनेमा और सांस्कृतिक संवाद के सशक्त मंच बन सकते हैं।

## कबाड़ में स्कूल बैग तलाशती दिखी दिव्यांग छात्रा



**जागरण, सीधी।** कुसमी स्थित सीएम राइज संदीपनी विद्यालय से एक बेहद मार्मिक और व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। कक्षा 5वीं में पढ़ने वाली एक छात्रा जो दोनों पैरों से दिव्यांग है, स्कूल बैग न होने के कारण कबाड़ के ढ़ेर में बैठकर बैग और कॉपी ढूंढती नजर आई। जिस स्थान पर वह बच्ची बैठी थी, वहीं उसके पास रखा बैग देखा गया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि किताबें ले जाने के लिए आवश्यक संसाधनों के अभाव में उसे कबाड़ जैसे स्थानों पर जाना पड़ रहा है। छात्रा के पास न तो स्कूल बैग है और न ही कॉपी-पेन। बैग और कॉपी खरीदने के लिए कबाड़ बेचने की मंशा से वह कबाड़ बिन तक पहुंची थी। यह दृश्य न केवल संवेदनशील है, बल्कि सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत भी उजागर करता है। संबंध में सीएम राइज संदीपनी विद्यालय कुसमी के प्राचार्य राजेश पाण्डेय ने बताया कि पिछले दो वर्षों से बच्चों को शासन की ओर से ड्रेस उपलब्ध कराई जा रही थी, लेकिन इस वर्ष जनवरी माह में आदेश आया है कि फीडिंग चल रही है और बच्चों के खातों में 600 रुपये की राशि भेजी जाएगी। यह राशि केवल ड्रेस के लिए है। शासन की ओर से कॉपी, पेन और बैग की अलग से कोई राशि प्रदान नहीं की जाती। मामला सामने आने के बाद कुसमी एसडीएम विकास कुमार आनंद ने गंभीरता दिखाते हुए तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने परियोजना अधिकारी माया गिरी, कुसमी को पूरे मामले की जांच करने तथा संबंधित छात्रा के घर जाकर उसके माता-पिता को समझाइश देने के निर्देश दिए हैं।

## जिला जेल सीधी में जागरुकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित

जागरण, सीधी। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शनिवार दिनांक 31 जनवरी 2026 को जिला जेल, सीधी का निरीक्षण कर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जेल में निरूद्ध बंदियों को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता योजना एवं पैरोल, आदि से संबंधित जानकारियॉं प्रदान करना रहा। साथ ही उपस्थित बंदियों को यह भी बताया गया कि वे किस प्रकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क विधिक परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। सचिव मुकेश कुमार शिवहरे ने अपने संबोधन में जेल में निरूद्ध बंदियों को उनकें अधिकारों के बारे में जागरूक कर बताया कि विधिक जागरूकता और साक्षरता के माध्यम से हम आपकी न्याय तक पहुंच आसान कर आपको आपके अधिकारों से अवगत कराना चाहते हैं, और यही हमारे प्राधिकरण का उद्देश्य है। उक्त संबंध में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक द्वारा यह जानकारी दी गई कि प्रत्येक व्यक्ति को न्याय प्राप्त करने का समान अधिकार है और कोई भी व्यक्ति आर्थिक या सामाजिक कारणों से न्याय से वंचित नहीं रहेगा। उन्हें बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता, परामर्श, आवेदन एवं अपील संबंधी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उक्त शिविर में मुकेश कुमार शिवहरे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी, मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी, जेल अधीक्षक, उप जेल अधीक्षक सहित जिला जेल सीधी का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहें।

## यूजीसी के विरोध में रामपुर नैकिन में बैठक आयोजित



**जागरण, सीधी।** रामपुर नैकिन के चंदेल टावर परिसर में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ऋषिराज मिश्र की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण संगोष्ठी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि ऋषिराज मिश्र ने वैचारिक उद्बोधन देते हुए कहा कि यह यूजीसी नियम सामाजिक समरसता को समाप्त करने वाला, समाज में अलगाव और बंटवारा पैदा करने वाला तथा नवयुवकों के भविष्य को चौपट करने वाला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे काले कानून को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। बैठक में क्षेत्र के सम्मानित जन, सवर्ण वर्ग के युवा, पत्रकार, वकील एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने एकजुट होकर विरोध व्यक्त किया और संकल्प लिया कि जब तक सरकार इस बिल/नियमों को वापस नहीं लेगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। आगे के आंदोलन का रोडमैप भी तैयार किया गया, जिसमें 1 फरवरी 2026 को प्रस्तावित भारत बंद को सफल बनाने का आह्वान शामिल है।

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## शिक्षक के सेवा निवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित



**जागरण, सेमरिया।** शासकीय गुरुकुल कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया में पदस्थ रहे शिक्षक शिवनारायण पाण्डेय के सेवा निवृत्ति के अवसर पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल कुमार मिश्र, प्राचार्य सांदीपनी उच्च माध्यमिक विद्यालय सेमरिया उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूजा पटेल सीएचसी सेमरिया, हरीश मिश्र आजाद अध्यापक संघ, सुरेश पाण्डेय, भरतलाल जन शिक्षक सेमरिया, दिनेश नापित, रामनारायण पाण्डेय, राजेंद्र सिंह एवं अवध राज मिश्र मौजूद रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य हनुमान प्रसाद मिश्र उपस्थित रहे। उन्होंने श्री पाण्डेय के सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके योगदान को स्मरणीय बताया। इस अवसर पर शिवनारायण पाण्डेय को स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में राघवेन्द्र पाण्डेय, रामनारायण त्रिपाठी, पुष्पराज पाण्डेय, माया सिंह, मंजुलता अग्निहोत्री, मधुलिका सिंह, रमा सिंह, राजेश कुमार दुबे, भूपेंद्र कुमार सिंह, जितेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तनु सिंह ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीता रजत पदक



**जागरण, सीधी।** लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा सीधी के उपाध्यक्ष अजय सिंह चौहान, निवासी ग्राम डेम्हा की सुपुत्री तनु सिंह चौहान ने एक बार फिर अपने शानदार प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन किया है। दिनांक 29 जनवरी को अंडर-17 खेलो एमपी के अंतर्गत तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में तनु सिंह चौहान ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया और रजत पदक अपने नाम किया। उल्लेखनीय है कि तनु सिंह चौहान इससे पूर्व भी जिला, संभाग एवं राज्य स्तर की विभिन्न बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में अनेक पदक जीत चुकी हैं। उनकी यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। तनु की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार और संगठन के लिए गौरव का विषय है, बल्कि सीधी जिले की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत भी है। इस सफलता पर कोच सूरज शुक्ला, आदर्श द्विवेदी, विष्णु सिंह सेंगर, जिले के खेल प्रेमियों, सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं आगामी प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।

## रॉयल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने देखी बॉर्डर 2 मूवी



**जागरण, सीधी।** रॉयल पब्लिक स्कूल द्वारा विद्यार्थियों के प्रोत्साहन एवं सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एक विशेष शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में विद्यालय की अर्धवार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं तथा गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्रुप सॉन्ग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क शामिल किया गया। इस अवसर पर चयनित छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिसर से बसों द्वारा समदरिया सिनेमा हॉल ले जाया गया, जहां उन्होंने देशभक्ति पर आधारित फिल्म बॉर्डर 2 देखी। फिल्म के माध्यम से बच्चों को भारतीय सैनिकों के शौर्य, साहस, त्याग और देश के प्रति समर्पण की भावना से अवगत कराया गया। फिल्म ने विद्यार्थियों में देशप्रेम, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध को और अधिक सशक्त किया। फिल्म प्रदर्शन के पश्चात विद्यार्थियों को धार्मिक स्थल चिरहुला नाथ मंदिर ले जाया गया, जहां सभी ने श्रद्धापूर्वक दर्शन कर भगवान शिव से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान बच्चों को धार्मिक आस्था, संस्कार एवं सांस्कृतिक मूल्यों का महत्व भी बताया गया। पूरे भ्रमण में विद्यालय के संचालक राजेश गुप्ता एवं शिक्षकगण बच्चों के साथ रहे और उनकी सुरक्षा, अनुशासन एवं मार्गदर्शन का विशेष ध्यान रखा। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के प्रोत्साहन कार्यक्रम विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। इस ट्रिप में विशेष रूप से रॉयल पब्लिक स्कूल के निदेशक राजेश गुप्ता, उप प्राचार्य राजेंद्र पटेल, एकेडमिक हेड मनीष सेन, एक्टिविटी इंचार्ज दीपक सिंह, साथ ही सुजीत सिंह, प्रीतेश कछवाह, ध्रुव गुप्ता, प्रवीण विश्वकर्मा, माधव तिवारी, इंद्रमणि कुशवाहा, रोली सिंह, शशिकला गिरी, रूपांशी नामदेव, सुमन पटेल, प्रिया पाण्डेय, साधना पटेल, पारुल पाण्डेय, स्मिता सिंह, अर्पणा गुप्ता, गौसिया परवीन, जया मिश्रा, संध्या सिंह एवं आकांक्षा पटेल, अजय वर्मा आदि शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थी अत्यंत प्रसन्न एवं उत्साहित दिखाई दिए।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी हेतु पंजीयन 7 से

**जागरण, सीधी।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जाती है। इसके लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक किया जाएगा। किसान एमपी किसान ऐप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल ऐप के माध्यम से अपना पंजीयन कर सकते हैं। जिले में गेहूं उपार्जन के लिए प्रस्तावित सभी खरीदी केन्द्रों पर भी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अनिवार्य रूप से ऑनलाइन पंजीयन कराएं, क्योंकि केवल पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जाएगी। पंजीयन की निःशुल्क सुविधा स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्रों एवं ग्राम पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र एवं साइबर कैफे में 50 रूपये शुल्क देकर भी पंजीयन कराया जा सकता है। पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाता विवरण दर्ज करें, जिससे भुगतान ऑनलाइन किया जा सके। पंजीयन हेतु बोए गए खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी अनिवार्य होगी। भूमि स्वामी किसान एवं सिकमी किसान के मध्य 2 फरवरी 2026 से पूर्व वैधानिक अनुबंध होने पर ही सिकमी किसान को समर्थन मूल्य पर पंजीयन का अवसर प्रदान किया जाएगा।

## मझौली में आयोजित हुआ विशाल हिंदू सम्मेलन, हुआ सुंदरकांड पाठ

### देश के एकता व अखंडता के लिए विभाग प्रमुख ने हिंदू समाज से किये आह्वान




जागरण, मझौली

हिन्दू सनातन धर्म की गरिमा, हिंदू समाज में एकता, सांस्कृति संरक्षण, युवाओं में सामाजिक जागरूकता लाकर समाज व सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जात-पात की करो विदाई हम सब हैं हिंदू भाई-भाई के तर्ज पर देश प्रदेश व जिले के साथ मझौली खंड में भी हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज 30 जनवरी को नगर क्षेत्र मझौली के शीलू शगुन पैलेस में विशाल हिंदू सम्मेलन सकल हिंदू समाज नगर क्षेत्र मझौली के सानिध्य में संपन्न हुआ। जहां मुख्य वक्ता प्रशांत कुमार विभाग प्रचारक सीधी/सिंगरौली विभाग, नारी शक्ति के रूप में समाजसेवी नागेन्द्र सिंह कन्हाई की धर्म पत्नी पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत क्षेत्र देवरी साधना सिंह, ज्योतिष पुरोहित वीरेंद्र शुक्ला, जनजातीय प्रमुख बाल करण बैगा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुंदरकांड पाठ के साथ किया गया। मंचासीन अतिथियों द्वारा भारत माता व सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जहां अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट व माल्यार्पण कर स्वागत तथा शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सरस्वती विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधित गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। धार्मिक उद्बोधन में मचासीन अतिथियों द्वारा कार्यक्रम को उद्बोधित किया गया। मुख्य वक्ता प्रशांत कुमार ने बताया गया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे देश में 80 हजार स्थानों पर हिंदू समाज के द्वारा विशाल हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उसी कड़ी में यहां भी कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। हिंदू समाज आत्म विस्मृत होता जा रहा है, समाज बिखरता हुआ दिख रहा है, समाज को तोड़कर भारत की एकता अखंडता को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, हिंदुओं के मान बिंदुओं को भी तोड़ने का काम किया जा रहा है जिसके लिए समाज को आगे आने का आह्वान किया। वहीं कहा गया कि संघ शक्ति ही राष्ट्र का निर्माण कर पाएगी। हमारा भारत चिरंजीवी भारत को, अजेय भारत को इसके लिए भी हिंदू समाज का आह्वान करते हुए हर समय सजग रहने एवं तत्पर रहने का सुझाव दिया। नारी शक्ति के रूप में साधना सिंह ने कुल कुटुंब के संबंध में संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज के साथ-साथ परिवार भी टूट रहे हैं और समाज की मान्यताएं, परंपराएं भी टूट रही हैं जो चिंता का विषय है जिसके लिए हमें अपने अतीत के इतिहास को जानना और समझना होगा और उसका अनुसरण करना होगा। तत्पश्चात भारत माता की आरती संपन्न कराया जाकर प्रसाद वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में हिंदू धर्म प्रेमी महिला पुरुष भारी संख्या में शामिल रहे।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग सिंगरौली (म.प्र.)
हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पचखोरा बैढ़न जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश 486886
E-Mail ID-eednhbsgl@mp.gov.in

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गायत्री कॉलोनी सीधी में स्थित EWS भवन क्रमांक 20 हितग्राही श्री विश्वनाथ गुप्ता S/o स्व. श्री बैजनाथ प्रसाद गुप्ता निवासी ग्राम पुराना हनुमान मंदिर कोटहा पोस्ट सीधी तह. गोपद बनास जिला सीधी (म.प्र.) के नाम मण्डल द्वारा आवंटित किया गया था। आवन्टी द्वारा उक्त भवन को श्रीमती पूजा विश्वकर्मा W/o श्री शिव कुमार शर्मा निवासी ग्राम- कोतरकला वार्ड नं. 05 भगवती आफसेट प्रेस स्टेट बैंक रोड सीधी तह. गोपद बनास सीधी जिला सीधी (म.प्र.) के नाम दिनांक 24.11.2020 को विक्रय विलेख निष्पादित कराया गया है। श्रीमती पूजा विश्वकर्मा द्वारा उक्त EWS भवन क्रमांक 20 को अपने नाम नामांतरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः विज्ञप्ति प्रकाशित तिथि से 15 दिवस के अन्दर किसी व्यक्ति, वारिस अथवा किसी वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो ठोस आधार के साथ निर्धारित समयावधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय को सूचित करे। अन्यथा समयावधि समाप्त हो जाने के उपरांत उक्त EWS भवन क्रमांक 20 का नामांतरण आवेदिका श्रीमती पूजा विश्वकर्मा के नाम कर दिया जावेगा। इसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मण्डल
संभाग सिंगरौली म.प्र.

कार्यालय:- नगर परिषद रामपुर नैकिन जिला सीधी (म.प्र.)

क्र. 119/ई-टेन्डर/न.परि./2026 रामपुर नैकिन दिनांक........................

ऑनलाईन द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एतद द्वारा लोकनिर्माण विभाग अंतर्गत पंजीकृत समस्त संविदाकारों को सूचित किया जाता है कि इस निकाय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डों में शौचालय निर्माण कार्य कराया जाना है। अतः इच्छुक संविदाकार निम्न तालिका अनुसार अपनी दरे प्रस्तुत कर सकते है कार्य की विस्तृत विवरण वेबासाइट www.mptenders.gov.in देखा जा सकता है।

| क्र. | सिस्टम टेन्डर नं. | निर्माण कार्य | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा फार्म क्रय शुल्क | आपूर्ति की अवधि (माह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UA_478896_1 | वार्ड क्रमांक 09 मे कोलान बस्ती के पास शौचालय निर्माण कार्य | 1177308 | 8830 | 2000 | कार्यादेष जारी होने दिनांक से 03 माह |
| 2 | 2026_UA_478864_1 | वार्ड क्रमांक 06 में रायखोर तिराहा के पास शौचालय निर्माण कार्य | 1177311 | 8830 | 2000 | कार्यादेष जारी होने दिनांक से 03 माह |
| 3 | 2026_UA_478974_1 | वार्ड क्रमांक 08 में बसोर बस्ती के पास शौचालय निर्माण कार्य | 1177314 | 8830 | 2000 | कार्यादेष जारी होने दिनांक से 03 माह |
| 4 | 2026_UA_478990_1 | वार्ड क्रमांक 14 में स्वास्थ्य विभाग के पास शौचालय निर्माण कार्य | 1177314 | 8830 | 2000 | कार्यादेष जारी होने दिनांक से 03 माह |
| 5 | 2026_UA_478834_1 | वार्ड क्रमांक 03 में पेट्रोल टंकी के पास शौचालय निर्माण कार्य | 1177313 | 8830 | 2000 | कार्यादेष जारी होने दिनांक से 03 माह |

* निविदा दिनांक 27.01.2026 को 10:30 बजे शाम से दिनांक 11.02.2026 को दोपहर 05:30 बजे तक आनलाईन प्राप्त/प्रस्तुत की जा सकती है।
* निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निकाय के पास सुरक्षित रहेगा एवं सषर्त निविदा मान्य नही होगी।
* देयको में नियमानुसार शासकीय करो की कटौती की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद रामपुर नैकिन
जिला सीधी (म.प्र.)

# हप्पू की उलटन पलटन से मिली पहचान: कामना

जागरण कला संस्कृति

## विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने आईं टीवी कलाकार

### विंध्य में बीता अभिनेत्री कामना पाठक का बचपन



जागरण, सीधी

बचपन से जिस बच्चे को जिस क्षेत्र में रुचि होती है यदि उसको परिवार का साथ और सही अवसर मिला तो वह निश्चित ही अपने मुकाम तक पहुंचकर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन करता है। ऐसी ही कुछ कहानी टीवी सीरियल की दुनिया में हास्य कलाकार के रूप में अपनी पहचान बनाने वाली अभिनेत्री कामना पाठक की है। अभिनेत्री कामना पाठक का जन्म प्रयागराज में हुआ था। किंतु जन्म के बाद से उनका बचपन विंध्य की दहलीज सीधी-सिंगरौली में बीता। उनकी कक्षा 1 से 12वीं तक की शिक्षा सिंगरौली में ही हुई। उसके बाद उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए उन्होने दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिला लिया और वहीं से वह मुंबई पहुंचकर फिल्म इंडस्ट्री की ओर कदम रखा और टीवी सीरियल हप्पू की उलटन पलटन में हास्य अभिनेत्री रज्जो का किरदार निभाया जो काफी चर्चित रहा और लोगों को काफी पसंद आया। इसी सीरियल से उन्हें टेलीविजन इंडस्ट्रीज में हास्य कलाकार के रूप में खूब वाहवाही मिली और कई अवार्ड भी अर्जित किए। विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल सीधी में सिरकत करने आईं अभिनेत्री कामना पाठक ने जागरण से चर्चा करते हुए कहा कि इस समय मैं खुद एक प्रोड्यूसर बतौर काम कर रही हूं और एक शार्ट फिल्म एक थी चिड़िया का निर्माण की हूं। यह एक रियल स्टोरी है। जिसमें बुंदेलखंड की एक बेड़नी जाति में कन्याओं को शिक्षा से दूर रखकर उनसे नृत्य कराया जाता है और उक्त जाति के परिजन अपनी बेटियों से नृत्य कराकर जीवकोपार्जन करते हैं। इसी समाज की एक लड़की पढ़ना चाहती है और आगे बढ़ना चाहती है किंतु उसके मार्ग में सामाजिक रूढ़िवादिता आड़े आती है। इन सबके बाद भी वह अपनी शिक्षा ग्रहण करने में सफल होती है। फिल्म की कहानी बहुत रोचक और मार्मिक है एवं कन्याओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। उन्होने कहा कि फिल्म इंडस्ट्रीज में कदम रखने के बाद सीधी पहली बार आई हूं। यहां की कला, संस्कृति एवं रंगमंच पूरे देश में चर्चित है। इस छोटे से जिले में विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल निरंतर कई सालों से हो रहा है जो गौरव की बात है। मैं यहां आकर और यहां के लोगों से मिलकर काफी गौरवान्वित महसूस कर रही हूं।

### सीधी की अनुकरणीय है लोक कला एवं संस्कृति

टीवी सीरियल की प्रमुख चर्चित अभिनेत्री कामना पाठक ने बताया कि सीधी भले ही बहुत छोटा जिला है लेकिन यहां की लोक कला एवं संस्कृति पूरे देश में नाम कमा रही है। सीधी जैसे छोटे शहर में 151 दिन तक महाठर महोत्सव का आयोजन करना बड़ी बात है। यहां का रंगमंच पूरे देश में चर्चा का विषय बना रहता है। नीरज कुंदेर जैसे रंगकर्मी इसी जिले से हैं जिन्होने अपना सबकुछ लगाकर यहां की लोक कला एवं रंगकर्म को आगे बढ़ाने का काम किया है और अभी भी कर रहे हैं। उनके द्वारा किए जा रहे अनुकरणीय कार्य से हम सभी को सीखने का अवसर मिलता है। मैं सीधी आकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रही हूं।

### मां से मिली अभिनय करने की प्रेरणा

अभिनेत्री कामना पाठक ने बताया कि मुझे अपनी मां से अभिनय करने की प्रेरणा मिली। मेरी मां फाग सिंगर हैं जो तबला बजाकर लोकगीत गाती हैं। उन्हीं से प्रेरणा लेकर मैं अभिनय की दुनिया में कदम रखी हूं। आज मैं जहां तक पहुंची हूं उसमें मेरे माता-पिता ने महती भूमिका निभाई है। उन्हीं के सहयोग और आशीर्वाद से मुझे निरंतर मुकाम हांसिल हो रहे हैं। उन्होने बताया कि मैं 5 साल की उम्र से थिएटर में काम करती रही हूं। अभी तक मैने तीन सीरियल में मुख्य किरदार निभाया है। जिसमें सबसे चर्चित हप्पू की उलटन पलटन रहा है। उन्होने कहा कि हर व्यक्ति में कुछ न कुछ कला जरूर होती है बस उसको निखारने का सही अवसर मिलना चाहिए।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# आर्थिक समीक्षा ने बजट से पहले उठाए बड़े सवाल

*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा हर साल संसद में पेश होने वाली आर्थिक समीक्षा आमतौर पर इस बात का ब्योरा होती है कि पिछले बजट में देश की अर्थव्यवस्था और अन्य मोर्चे पर सुधार के लिए जो वादे किए गए थे, वे किस हद तक पूरे किए जा सके। यह इसका भी संकेत होता है कि अगले वित्त वर्ष में सरकार के आर्थिक फैसलों में किन मसलों को प्राथमिकता मिल सकती है। इस लिहाज से देखें, तो वित्त मंत्री ने जो आर्थिक समीक्षा पेश की है, वह देश की परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खड़ी हो रही आर्थिक चुनौतियों के बीच उम्मीद जगाती है, लेकिन यह आने वाले वक्त के जोखिमों के प्रति आगाह भी करती है।*

*समीक्षा में वित्त वर्ष 2026-27 में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 6.8 फीसद से 7.2 फीसद के बीच रहने का अनुमान जताया गया है। विदेशी पूंजी प्रवाह में कमी के कारण रुपए पर प्रतिकूल असर और बीते वर्ष भारतीय मुद्रा में कमजोरी के बावजूद यह अनुमान अर्थव्यवस्था में स्थिरता का संकेत देता है। हालांकि समीक्षा में विकसित भारत और वैश्विक प्रभाव का लक्ष्य हासिल करने के उद्देश्य से मजबूत और स्थिर मुद्रा को एक स्वाभाविक जरूरत बताने के समांतर रुपए के मूल्य में गिरावट को हानिकारक नहीं माना गया, क्योंकि यह भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क में इजाफे के असर को कुछ हद तक कम करता है।*

*समीक्षा के मुताबिक, अनिश्चित वैश्विक माहौल में भारत को घरेलू वृद्धि को प्राथमिकता देने की जरूरत है और इसके लिए वित्तीय सुरक्षा उपायों और नकदी पर ज्यादा जोर देना चाहिए। आर्थिक समीक्षा में नवोन्मेष को कमजोर किए बिना दक्षता और स्वदेशी को अपनाने का आह्वान किया गया है, जो निश्चित रूप से आत्मनिर्भरता की संभावनाओं को मजबूत करेगा। कृषि क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा है। इस बिंदु पर सर्वेक्षण में यह कहा गया है कि कृषि निर्यात में व्यापार नीति का उपयोग कीमतों और उत्पादन में अस्थिरता के बीच अल्पकालिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया जाता है। मगर बार-बार नीतिगत बदलाव आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करते हैं।*

*यह देखने की बात होगी कि समीक्षा में जाहिर इस चिंता के संदर्भ में बजट की क्या दिशा होती है। समीक्षा में अस्थायी कामगारों के लिए काम से जुड़ी शर्तें नए सिरे से तय करने के उद्देश्य से नीति लाने की जरूरत पर जोर दिया गया है। इसके अलावा, नागरिकों की सेहत की सुरक्षा के मद्देनजर अधिक वसा और चीनी वाले अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की बढ़ती खपत पर और इसके विज्ञापनों पर चिंता जताई गई है।*


*सवाल है कि जिस दौर में मुफ्त सुविधाओं की घोषणा को चुनावी जीत का जरिया बनाने की प्रवृत्ति हावी हो रही हो, उसमें बजट में क्या कोई ऐसी घोषणा सामने आ सकती है, जो इस पर लगाम लगाए!*

---

मुक्त व्यापार समझौता

विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच इतिहास का सबसे बड़ा व्यापार समझौता

# भारत-यूरोपीय संघ के बीच एफटीए-भविष्य का रोडमैप



**पीयूष गोयल**
केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इससे लाखों रोजगार पैदा होंगे तथा भारतीय युवाओं और किसानों के लिए व्यापक अवसरों का सृजन होगा। इसके साथ ही लगभग 2 अरब की उस आबादी के लिए धन पैदा होगा जो मिल कर वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक-चौथाई भाग है।

विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच यह एफटीए इतिहास के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक है। वास्तव में यह व्यापार समझौते से ज्यादा व्यापक है। यह कृत्रिम मेधा (एआई), रक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाली विस्तृत साझीदारी है। इस एफटीए से भारत के हर क्षेत्र और नागरिक तथा खास तौर से निर्धन तबकों को लाभ पहुंचेगा।

यह एफटीए नियम आधारित व्यापार और आर्थिक नीतियों में स्थिरता सुनिश्चित करता है जिससे भारत स्वदेशी और विदेशी निवेश के लिए और ज्यादा आकर्षक बनेगा। यह छोटे व्यवसायियों, स्टार्टअप संस्थाओं और कामगारों के लिए अनेक अवसर पैदा करेगा।

विश्व ने प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा की सराहना करते हुए इस एफटीए को सभी समझौतों से बड़ा बताया है। यह वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में स्थिरता को मजबूत करता है। यह भारत और यूरोपीय संघ को मुक्त बाजार, पूर्वानुमान क्षमता और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध भरोसेमंद साझीदारों के रूप में स्थापित करता है।

भारत ने व्यापार मूल्य के हिसाब से यूरोपीय संघ में अपने 99 प्रतिशत से ज्यादा निर्यात के लिए अभूतपूर्व बाजार पहुंच प्राप्त की है जिससे 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को बल मिलेगा। इस एफटीए से कपड़ा,



रेडीमेड वस्त्र, चमड़ा, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरी सामान और ऑटोमोबाइल जैसे श्रमसाध्य क्षेत्रों को निर्णायक मजबूती मिलेगी।

इस समझौते से लगभग 33 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर 10 प्रतिशत तक टैरिफ खत्म होगा। इससे कामगारों, हस्तशिल्पियों, महिलाओं, युवाओं तथा सूक्ष्म, छोटे और मझोले उपक्रमों (एमएसएमई) का सशक्तीकरण होगा। वैश्विक मूल्य श्रृंखला से भारतीय व्यवसाय ज्यादा गहराई से जुड़ेंगे और वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की भूमिका मजबूत होगी।

यह समझौता व्यवसायियों और पेशेवर तबके के लिए दूसरे देशों में जाने को आसान बनाते हुए शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाओं और कंप्यूटर जैसे सेवा क्षेत्रों में अवसरों के नए द्वार खोलता है। व्यापार समझौते गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने की मोदी सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। यह रणनीति भारत को अपनी ताकत का सही इस्तेमाल करने और उन लाभकारी बाजारों तक पहुंच बनाने में सक्षम बनाती है जो कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की रक्षा करते हुए श्रमसाध्य क्षेत्रों में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं।

विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते भारतीय उद्योगों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रदान करते हैं और उपभोक्ताओं को विश्व स्तरीय उत्पाद उपलब्ध कराते हैं। मोदी सरकार ने ऐसे समझौते किए हैं जिनमें टैरिफ में कमी धीरे-धीरे की जाती है। जिससे उद्योगों को उचित नीतिगत समर्थन के साथ अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता में सुधार करने के लिए पर्याप्त समय मिलता है।

प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण का केंद्र है। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के पूरी तरह अनुरूप है। यह भारत को वैश्विक मंच पर एक गतिशील, विश्वसनीय और दूरदर्शी भागीदार के रूप में स्थापित करता है, जो दोनों क्षेत्रों के लिए समावेशी, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार विकास की नींव रखता है। मोदी सरकार ने सिर्फ़ विकसित देशों के साथ ही व्यापार समझौते किए हैं, जो कपड़ा, जूते, रत्न और आभूषण, और हस्तशिल्प जैसे भारत के प्रमुख रोजगार पैदा करने वाले क्षेत्रों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। यह यूपीए शासन से बिल्कुल उल्टा है उन्होंने प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं के साथ समझौतों में जल्दबाजी की और अक्सर भारत को मिलने वाले लाभ की तुलना में कहीं अधिक रियायतें दीं। मोदी सरकार ने अर्थशास्त्रियों, औद्योगिक निकायों, विशेषज्ञों और कई सरकारी विभागों एवं मंत्रालयों के साथ गहन विचार-विमर्श के बाद ही मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। परिणामस्वरूप, मोदी सरकार द्वारा हस्ताक्षरित प्रत्येक व्यापार समझौते को उद्योगों से व्यापक सराहना मिली है। मोदी सरकार द्वारा संपन्न प्रत्येक मुक्त व्यापार समझौते ने दोनों पक्षों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं और भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार किया है। इन समझौतों ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनने की दिशा में उसकी यात्रा को तेज़ किया है।

यूपीए के कार्यकाल के दौरान, यूरोपीय संघ सहित विकसित देशों की भारत में रुचि कम हो गई थी, क्योंकि आर्थिक विकास धीमा हो गया था, मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर बनी हुई थी और व्यापार का माहौल निराशाजनक था। तब भारत ने ऐसे लाभप्रद व्यापार समझौतों के मूल्यवान अवसर गंवा दिए, जो विकास को गति दे सकते थे और रोजगार पैदा कर सकते थे।

मोदी सरकार द्वारा संपन्न अन्य व्यापार समझौतों के साथ, भारत-ईयू एफटीए, ढुलमुल और निर्णायक नेतृत्व के बीच के अंतर को रेखांकित करता है। जहाँ पहले की सरकारें हिचकिचाती थीं और घुटने टेकती थीं वहीं मोदी सरकार ने बदलाव लाने वाला एक ऐसा समझौता किया है जो बाजारों का विस्तार करने के साथ साथ रोजगार पैदा करता है और भारत के मुख्य हितों की रक्षा करता है। यह इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि कैसे मजबूत नेतृत्व और रणनीतिक स्पष्टता नए अवसरों के दरवाजे खोल सकती है, जो देश को समृद्धि के रास्ते पर ले जा सकते हैं।

---

जब मैंने अंतरिक्ष से भारत को देखा तो सोचा ....

# यही है महान भारत, मेरा घर - सुनीता विलियम्स

"अंतरिक्ष स्टेशन से हम जितनी बार भी भारत के ऊपर से गुजरे, हमने देखा शानदार हिमालय। खूबसूरत रंगों की वह लहर देख हम सभी मंत्रमुग्ध थे। मैंने सोचा यही है महान भारत। यही घर है मेरा।"



भारत अद्भुत देश है! अंतरिक्ष से देखने पर यह अद्भुत दिखता है। अमेरिकी अंतरिक्ष स्टेशन से हम जितनी बार भी हिमालय के ऊपर से गुजरे, तो मेरे साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने इसकी शानदार तस्वीरें लीं, जो बेहद अद्भुत हैं! अंतरिक्ष से दिखने वाले भारत के नजारे देखकर मैं मंत्रमुग्ध हो जाती हूं-पश्चिम में मछली पकड़ने वाले बेड़ों से लेकर उत्तर में शानदार हिमालय तक, यह मेरे लिए घर जैसा ही है। मैंने पहले भी हिमालय को एक लहर की तरह बताया है, जो साफ तौर पर तब बनी, जब प्लेटें टकराईं और फिर, जैसे-जैसे यह भारत में नीचे आती है, इसके कई-कई रंग होते हैं। मुझे लगता है कि जब आप पूरब से गुजरात और मुंबई की तरफ जाते हैं, और (आप) वहां तट के पास मछली पकड़ने वाले जहाजों का बेड़ा देखते हैं, तो यह आपको एक तरह से इशारा देता है कि हम भारत आ गए हैं। मुझे लगता है कि पूरे भारत को लेकर मेरी धारणा यह थी कि यह रोशनी का एक नेटवर्क है, जो बड़े शहरों से लेकर छोटे शहरों तक फैला हुआ है, और रात एवं दिन में भी देखने में बहुत शानदार लगता है, खासकर हिमालय की वजह से, जो भारत में नीचे की ओर जाते हुए सबसे आगे है।

मुझे खुशी है कि मुझे भारत यात्रा के दौरान ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ अपने अनुभव साझा करने का अवसर मिल रहा है, क्योंकि यह एक महान देश है और एक शानदार लोकतंत्र है। मेरे पिता भारत में पैदा हुए थे, इसलिए अपने 'पिता के देश' की यात्रा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं बहुत दिन से इस यात्रा की उम्मीद कर रही थी। भारत अंतरिक्ष में अपने अंतरिक्षयान भेजने वाले देशों में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहा है और मैं इसका हिस्सा बनना चाहूंगी और भारत की मदद करना चाहूंगी। इस समय मुझे लगता है कि पूरी दुनिया में अंतरिक्ष की होड़ चल रही है। लोग इस पर चर्चा कर रहे हैं। हम चांद पर वापस जाना चाहते हैं, ताकि वहां काम करने के नियमों और तरीकों के बारे में बातचीत शुरू कर सकें, कि हम वास्तव में चांद पर कैसे काम करेंगे, खासतौर पर दूसरे देशों के साथ मिलकर। लेकिन यह भी सुनिश्चित करना है कि यह काम अंटार्कटिका की तरह ही उत्पादक और लोकतांत्रिक तरीके से हो। मेरा मतलब है, यह उसी तरह की चीज है।

मुझे लगता है कि जब आप अंतरिक्ष में जाते हैं, तो सबसे पहली चीजों में से एक जो आप करते हैं, वह यह कि हम सब अपना घर ढूंढना चाहते हैं, जैसे हमारा अपना घर। मैं मैसाचुसेट्स में पली-बढ़ी हूं। मेरे पिता भारत से हैं। मेरी मां स्लोवेनिया से हैं। इसलिए मैं जाहिर है कि उन जगहों को ढूंढ रही हूं, जिन्हें मैं अपना घर कह सकूं। मुझे लगता है कि हर कोई ऐसा करता है, या हो सकता है कि मैं गलत कह रही हूं। और यही आपका पहला मकसद है-इस ग्रह को एक ग्रह के तौर पर देखना। हमारा ग्रह जिंदा है। कुछ लोगों को लगता है कि वहां सिर्फ चट्टानें हैं। लेकिन यह हिल रहा है। मैं वे खास हलचलें तो नहीं देख पाई, लेकिन मैं वातावरण को देख सकती थी। मैं पारस्परिक क्रिया को देख सकती थी। मैं मौसम देख सकती थी। मैं समुद्र के रंगों में बदलाव देख सकती थी, जैसे कि शैवाल के खिलने से, या उत्तरी गोलार्ध में या अंटार्कटिका के पास बर्फ बनने को देख सकती थी। आप यह सब देख सकते हैं। हवा और पानी जुड़े हुए हैं। और फिर आप खुद अपने बारे में सोचते हैं। मेरे लिए, यह ऐसा था, ओह, हे भगवान, मैं जितने भी लोगों को जानती हूं, वे सब वहां हैं। हर जानवर, हर पौधा, हम जो कुछ भी जानते हैं, वे सब वहां है। और हम सब इस एक चीज पर हैं, जिसे वे हमारे सौर मंडल में एक छोटा-सा अंतरिक्षयान कहते हैं। यह हमारे बीच किसी भी तरह के मतभेदों के बारे में सोच को बदल देता है। यह सच में आपको ऐसा महसूस कराता है कि हम सब एक हैं, और हम सभी को शायद थोड़ा और करीब तथा मिलकर काम करना चाहिए, क्योंकि मुझे लगता है कि मेरी सबसे बड़ी धारणा यह है कि लोग अच्छे होते हैं। लोग भले होते हैं। लेकिन हम जिंदगी की उलझनों में कभी-कभी यह भूल जाते हैं। क्योंकि हम इस या उस बात पर, धर्म, राजनीति, वगैरह-वगैरह पर बहस करने लगते हैं। लेकिन हम सब इन्सान हैं और हम एक-दूसरे की परवाह करते हैं। यह अंतरिक्ष में मेरी सीखी हुई सबसे बड़ी सीखों में से एक है।

**(विभिन्न साक्षात्कारों पर आधारित)**

---


न्यूट्रीशन ट्रेंड

# ओट्स, ज्वार, रागी, बाजरा या गेंहू... आपके लिए कौन सा आटा सही है?

**कोई एक सबसे अच्छी रोटी नहीं होती। सही आटा आपकी पाचन शक्ति, सेहत, मौसम और जीवनशैली पर निर्भर करता है। ओट्स, ज्वार, बाजरा, रागी या बेसन तभी फायदेमंद हैं जब वे आपको एनर्जी दें और पेट को आराम पहुंचाएं।**

● खुशी छाबड़ा ●
न्यूट्रिशनिस्ट

आज किसी भी किराना स्टोर की शेल्फ देखें तो साफ दिखता है कि हमारी साधारण रोटी कितनी बदल चुकी है। ओट्स, मिलेट्स, सोया, मल्टीग्रेन, जौ जैसे अनगिनत विकल्प हैं और उतनी ही ज्यादा उलझन भी। कभी जो रोटी रोजमर्रा का भोजन थी, आज वह हेल्थ डिबेट बन गई है। सच्चाई सोशल मीडिया की सलाहों से कहीं आसान है। आटा या चावल का चुनाव ट्रेंड से ज्यादा इस बात पर होना चाहिए कि आपका शरीर क्या स्वीकार करता है। सही अनाजों का मिश्रण हो तो मल्टीग्रेन रोटी पोषण से भरपूर हो सकती है। इसमें फाइबर, बी विटामिन और मिनरल्स मिलते हैं। लेकिन कई मल्टीग्रेन आटे में गेहूं ज्यादा और दूसरे अनाज कम होते हैं, जो ग्लूटेन से परेशानी वालों के लिए सही नहीं। लेबल पढ़ना जरूरी है।



## ओट्स रोटी

ओट्स में घुलनशील फाइबर होता है, जो खून में शुगर के अवशोषण को धीमा करता है और कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में मदद करता है। डायबिटीज और हार्ट पेशेंट्स के लिए यह फायदेमंद हो सकती है। लेकिन हर किसी की पाचन शक्ति के लिए ओट्स सही नहीं है। जिन लोगों को पेट फूलने, गैस या भारीपन की समस्या रहती है, उनके लिए ओट्स रोटी पेट में भारी पड़ सकती है।

## सोया रोटी

सोया प्रोटीन और आइसोफ्लेवोन्स से भरपूर होती है, इसलिए शाकाहारियों, जिम जाने वालों और प्रोटीन की कमी वालों को पसंद आती है। लेकिन सोया शरीर पर जैविक असर डालती है। थायरॉइड या हार्मोन से जुड़ी समस्याओं वाले लोगों को इसे रोज बिना सलाह के नहीं लेना चाहिए। इसका इस्तेमाल सोच-समझकर करना बेहतर है।

## चावल के आटे की रोटी (अक्की रोटी)

यह ग्लूटेन-फ्री होती है और पचाने में हल्की होती है। कमजोर पाचन या बीमारी से उबरते समय इसे खाना आसान रहता है और तुरंत ऊर्जा देती है। लेकिन यह जल्दी पचती है और ब्लड शुगर तेजी से बढ़ा सकती है, इसलिए डायबिटीज या इंसुलिन रेजिस्टेंस वालों के लिए रोजाना सही नहीं है।

**ज्वार रोटी :** ज्वार में फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट और मैग्नीशियम जैसे मिनरल्स होते हैं। यह पेट को भरा रखती है, दिल की सेहत के लिए अच्छी है और ग्लूटेन सेंसिटिविटी वालों को भी सूट करती है। ज्यादातर लोगों के लिए यह रोज की रोटी बन सकती है। हालांकि जिनका पाचन बहुत धीमा है या जो कम पानी पीते हैं, उनमें ज्वार कब्ज बढ़ा सकती है।

**बाजरा रोटी :** बाजरा आयरन, जिंक और फाइबर से भरपूर होता है। परंपरागत रूप से इसे सर्दियों में खाया जाता रहा है। यह ऊर्जा, सहनशक्ति और वजन संतुलन में मदद करता है। लेकिन बाजरा शरीर में गर्मी बढ़ाता है, इसलिए एसिडिटी, आईबीएस या ज्यादा गर्म तासीर वाले लोगों को इससे दिक्कत हो सकती है।

**बेसन रोटी :** बेसन में प्रोटीन और फाइबर होता है, जो ब्लड शुगर कंट्रोल और इंसुलिन सेंसिटिविटी सुधारने में मदद करता है। डायबिटीज और पीसीओएस में इसे पसंद किया जाता है। लेकिन बेसन गैस बना सकता है, खासकर जब पाचन कमजोर हो। अगर खाने के बाद भारीपन या सूजन हो, तो इसे कभी-कभी ही लें।

---

गूगल फोटो ऐप में खास फीचर लॉन्च

ओरिजनल



एडिटेड



# गूगल से सिर्फ बोल दें, आपकी फोटो एडिट कर देगा....

**"गूगल फोटो एप में भारत के लिए नए एआई एडिटिंग टूल्स लॉन्च हुए हैं। यूजर अब टेक्स्ट या वॉइस कमांड से फोटो सुधार सकते हैं। यह फीचर कई भारतीय भाषाओं को सपोर्ट करता है और एंड्रायड फोन पर उपलब्ध है।**

गूगल ने भारतीय यूजर्स के लिए गूगल फोटो एप में खास फीचर जारी कर दिया है। इस फीचर की मदद से अब यूजर्स बोलकर या लिखकर फोटो को एडिट कर सकेंगे। गूगल ने एआई पावर्ड फोटो एडिटिंग फीचर्स रोलआउट करना शुरू कर दिया है, जिससे फोटो एडिट करना पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है। अब यूजर्स को स्लाइडर या जटिल टूल्स में उलझने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि फोटो में बदलाव सिर्फ टेक्स्ट या आवाज के जरिए किया जा सकेगा। यह फीचर जेमिनी एआई पर आधारित है और ये हिंदी, तमिल, तेलुगु, मराठी, बंगाली और गुजराती समेत कई भारतीय भाषाओं में काम करेंगे।

## नैनो बनाना से मिलेगा क्रिएटिव टच

गूगल फोटो में नैनो बनाना नाम का फीचर भी जोड़ा गया है, जिससे फोटो को नए अंदाज में बदला जा सकता है। यूजर किसी कमरे में फर्नीचर जोड़ने, फोटो का फ्रेम बढ़ाने, पुरानी तस्वीरों को रीस्टोर करने या लोगों और पालतू जानवरों को नए सीन में रखने जैसे बदलाव कर सकते हैं। यह फीचर उन लोगों के लिए खास है, जो फोटो को सिर्फ सुधारना नहीं बल्कि नया रूप देना चाहते हैं।

## अब शब्दों से बदलेगी आपकी फोटो

अब यूजर गूगल फोटोज से कह सकते हैं कि बैकग्राउंड ब्लर कर दो, विंडो की रिफ्लेक्शन हटा दो या फोटो की लाइटिंग बेहतर कर दो। एक ही कमांड में कई बदलाव भी किए जा सकते हैं, जैसे फोटो को सीधा करना, शैडो ठीक करना और रंगों को निखारना। इसका मकसद फोटो एडिटिंग को उन लोगों के लिए भी आसान बनाना है, जिन्हें प्रोफेशनल टूल्स की समझ नहीं होती।

## ये स्मार्ट बदलाव भी होंगे आसान

नए फीचर की खास बात यह है कि यह सिर्फ बैकग्राउंड तक सीमित नहीं है। यूज़र फोटो में मौजूद लोगों को लेकर भी बदलाव मांग सकते हैं, जैसे किसी दोस्त का चश्मा हटाना, आंखें खोलना या मुस्कान जोड़ना। गूगल का कहना है कि यह फीचर यूजर के प्राइवेट फेस ग्रुप्स की मदद से ज्यादा सटीक रिजल्ट देता है, खासकर ग्रुप फोटो में जहां छोटी डिटेल्स अक्सर छूट जाती हैं।

---

# क्यों घटती-बढ़ती है करंसी की वैल्यू?

नॉलेज

**"करंसी की वैल्यू का मतलब आम तौर पर एक मुद्रा की दूसरी मुद्रा के मुकाबले कीमत से होता है. जैसे आज 1 डॉलर = 92 रुपये है तो इसका अर्थ है कि 1 डॉलर खरीदने के लिए 92 रुपये देने पड़ते हैं. जब कहा जाता है कि रुपया मजबूत हुआ तो मतलब होता है कि कम रुपये देकर 1 डॉलर मिल रहा है (जैसे 92 से 90). और रुपया कमजोर हुआ का मतलब है ज्यादा रुपये देकर 1 डॉलर मिल रहा है (जैसे 92 से 94)।**



अक्सर खबरें आती हैं कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया कमजोर हो गया। कभी सोचा है कि रुपया यानी भारतीय करंसी कैसे कमजोर हो जाती है। किसी भी देश की करंसी के मजबूत होने या कमजोर होने के पीछे कई कारण होते हैं। आसान भाषा में समझें ऐसा क्यों और कैसे होता है ।

## यूं ही नहीं बदलती वैल्यू

करंसी की वैल्यू एक बटन दबाने से नहीं बदलती। यह रोज़ाना की डिमांड एंड सप्लाई और देश की आर्थिक हालत, ब्याज दर, व्यापार, निवेश, भरोसे और नीतियों के मिलेजुले असर से बदलती है. जब किसी देश की मुद्रा की मांग बढ़ती है या उसकी सप्लाई घटती है, तो उसकी वैल्यू मजबूत होने लगती है। मांग बढ़ने के पीछे कई कारण हो सकते हैं—देश में निवेश बढ़ना, निर्यात बढ़ना, ब्याज दर आकर्षक होना, महंगाई काबू में होना, या जोखिम कम लगना।

**निर्यात बढ़ना :** मान लें भारत की दवाइयां, आईटी सेवाएं या ऑटो पार्ट्स दुनिया में ज्यादा बिकने लगें। विदेश के खरीदार भुगतान करने के लिए रुपये की मांग बढ़ाते हैं या भारत की कंपनियों को डॉलर देते हैं, जिसे वे रुपये में बदलती हैं। इससे रुपये की मांग बढ़ती है और वह मजबूत हो सकता है।

**विदेशी निवेश का बढ़ना :** अगर विदेशी कंपनियां भारत में फैक्ट्री लगाएं या विदेशी फंड भारतीय शेयर/बॉन्ड में निवेश बढ़ाएं, तो उन्हें अपना डॉलर/यूरो रुपये में बदलना होगा। इससे बाजार में रुपये की मांग बढ़ती है और मुद्रा मजबूत हो सकती है।

**ब्याज दर बढ़ना और अंतर का फायदा :** यदि किसी देश की ब्याज दरें बाकी देशों की तुलना में आकर्षक हों, तो निवेशक वहां के बॉन्ड/डिपॉजिट में पैसा लगाना चाहेंगे। उन्हें उस देश की करंसी खरीदनी पड़ेगी। उदाहरण के तौर पर, अगर भारत में रिटर्न तुलनात्मक रूप से बेहतर दिखे, तो रुपये की मांग बढ़ सकती है और वैल्यू ऊपर जा सकती है।

**महंगाई काबू में आना :** जिस देश में महंगाई कम रहती है, वहां की मुद्रा की खरीदने की ताकत बेहतर रहती है। बाजार को लगता है कि यह मुद्रा समय के साथ ज्यादा स्थिर रहेगी। नतीजा, उस मुद्रा में भरोसा बढ़ता है, मांग बढ़ती है, और वैल्यू मजबूत हो सकती है।

**करंट अकाउंट/ट्रेड घाटा कम होना :** अगर देश का निर्यात बढ़ जाए, तो विदेशी मुद्रा पर निर्भरता कम होगी। इससे स्थानीय मुद्रा मजबूत हो सकती है। उदाहरण- तेल आयात बिल घटे, तो रुपये पर दबाव कम हो सकता है।

## डॉलर महंगा बनाम रुपया मजबूत

- अगर 1 डॉलर की कीमत 90 से 95 रुपया पर चली जाए, तो डॉलर महंगा हुआ और रुपया कमजोर हुआ।
- अगर 1 डॉलर की कीमत 90 से 85 पर आ जाए, तो डॉलर सस्ता हुआ और रुपया मजबूत हुआ।

## आम आदमी पर असर

**रुपया मजबूत-** आयात सस्ता (तेल, मोबाइल, विदेशी शिक्षा), विदेशी यात्रा सस्ती; लेकिन निर्यातकों की कमाई पर दबाव आ सकता है।

**रुपया कमजोर-** आयात महंगा (महंगाई बढ़ सकती है), विदेश पढ़ाई/यात्रा महंगी; लेकिन निर्यातकों को फायदा हो सकता है क्योंकि विदेश में उनके सामान की कीमत प्रतिस्पर्धी बनती है।

इस तरह हम समझ सकते हैं कि करंसी की वैल्यू कोई रहस्यमयी चीज नही। यह मुख्यतः डिमांड सप्लाई का खेल है, जिसे व्यापार, निवेश, ब्याज दर, महंगाई, और वैश्विक घटनाएं प्रभावित करती हैं। जब देश की अर्थव्यवस्था मजबूत दिखती है तो करंसी मजबूत होती है; और जब घाटे, महंगाई, अनिश्चितता बढ़े, तो करंसी दबाव में आ जाती है।

# नर्मदा किनारे नगर वन में आयोजित हुआ अनुभूति कार्यक्रम



## चार विद्यालयों के 250 विद्यार्थियों ने ली पर्यावरण सुरक्षा की शपथ

**जागरण डिंडोरी।** स्कूली विद्यार्थियों में वन,पर्यावरण और वन्य प्राणियों के विषय में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से वन परिक्षेत्र डिंडोरी अंतर्गत जोगी टिकरिया में नर्मदा किनारे सन 1978 में स्थापित नर्सरी में दो दिवसीय अनुभूति कैंप का आयोजन वन विभाग द्वारा किया गया। हालांकि अब इस परिसर को नगर वन के रूप में विकसित किया जा रहा है।वन मंडल अधिकारी सामान्य अशोक सोलंकी के निर्देशन में गुरूवार और शुक्रवार को आयोजित अनुभूति कार्यक्रम मे विधायक डिंडोरी ओमकार मरकाम,जनपद अध्यक्ष आशा सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजू ब्यौहार, जिला पंचायत सदस्य हीरा रुदेश परस्ते, एसडीओपी सतीश द्विवेदी, उपवन मंडल अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, परिक्षेत्र अधिकारी अतुल सिंह, कोतवाली प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे, यातायात प्रभारी सुभाष उइके, प्रषिक्षु रेंजर शशि प्रकाश पांडे, डिप्टी रेंजर ईश्वर सिंह परस्ते सहित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव, कस्तूरबा कन्या शाला, पीएमश्री उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी और हाई स्कूल मुड़की के 250 विद्यार्थियों सहित सभी विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे। वन विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों के दल का नेतृत्व करते हुए वर्ष 1978 में जोगी टिकरिया में स्थापित नर्सरी की सैर कराई और छात्रों को मकड़जाल, दीमक की बामी, सूखे कटे हुए ठूठ की उपयोगिता, पक्षियों व कीटों का महत्व, जैव विविधता व पारिस्थिति तंत्र की जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही जंगल में बरगद, पीपल, नीम, आम, जामुन, इमली आदि पौधों से मिलने वाली आक्सीजन की मात्रा के साथ जल प्रबंधन की तकनीकी पद्वतियों से भी बच्चों को अवगत कराया। इस दौरान वन अमले ने नर्सरी को वर्तमान में नगर वन के रूप में विकसित करने की जानकारी भी दी। नगर वन क्षेत्र का भ्रमण करते हुए विद्यार्थियों ने नर्सरी में स्थापित पेड़ों की प्रजातियों को पहचानने के तरीके, पक्षियों व जानवरों की आवाज निकालकर, उनकी पहचान करना भी सीखा।

कार्यक्रम में बच्चों ने सीखी गई जानकारी की प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम के दौरान वन अमले ने प्लास्टिक और पॉलिथीन के उपयोग के नुकसान की जानकारी देकर कपड़े की थैली और पोटरी बनाने की तरकीब भी छात्रों को सरल अंदाज में सिखाई। अनुभूति कार्यक्रम मे शामिल विद्यार्थियों को वन विभाग द्वारा कैप, पुस्तक, पेन, बैग प्रदान किये गए। कार्यक्रम के अंत मे रेंजर अतुल सिंह ने विद्यार्थियों को वन्यजीव व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई और कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# ट्रैफिक पार्क का आईजी एवं विधायक ने किया शुभारंभ



## आईजी ने बच्चों से कहा बिना हेलमेट के घर के सदस्यों को वाहन न चलाने दें

**छतरपुर।** यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार और सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से छतरपुर के यातायात थाने में ट्रॉफिक पार्क का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। यह कार्यक्रम आईजी हिमानी खन्ना एवं छतरपुर विधायक ललिता यादव की मौजूदगी में रिबिन काटकर संपन्न हुआ।

ट्रॉफिक पार्क का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खेल-खेल में यातायात के नियम सिखाना है, ताकि वे छोटी उम्र से ही सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हो सकें। कार्यक्रम यातायात थाने के हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, स्कूली बच्चे और पुलिस बल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में ट्रॉफिक पार्क निर्माण में सहयोग देने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में राहवीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले तीन युवाओं को भी सम्मानित किया गया। सकूर चच्चा का भी यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष सम्मान किया गया। पेंटिंग के माध्यम से यातायात नियमों को दीवारों पर उकेरने वाले छात्र-छात्राओं तथा हेलमेट बैंक में हेलमेट दान करने वाले व्यापारी संगठन को भी सम्मानित किया गया।

आईजी हिमानी खन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि पहले ट्रॉफिक पार्क बड़े शहरों तक सीमित थे, लेकिन एसपी छतरपुर के प्रयास से अब यहां भी यह सुविधा उपलब्ध हो गई है, जो छतरपुर को एक बड़े शहर के रूप में स्थापित करता है। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन न करने से सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं और मौतें होती हैं।

# ग्वाल मंगरा तालाब बना ज़हरीला मछलियों की मौत से हड़कंप



## दूषित पानी, बदबू और गंदगी से लोगों का जीना दूभर नगरपालिका की लापरवाही से बड़ी आपदा की आशंका

**छतरपुर।** शहर के प्रमुख ग्वाल मंगरा तालाब की हालत इन दिनों बेहद चिंताजनक हो गई है। तालाब का पानी बुरी तरह दूषित हो चुका है, जिसके चलते लगातार हजारों मछलियों की मौत हो रही है। तालाब की सतह पर मरी हुई मछलियां तैरती दिखाई दे रही हैं, वहीं लाखों मछलियां जलकुंभी के नीचे मरी पड़ी हैं, जो नजर नहीं आ रही हैं। इससे चारों ओर तेज बदबू फैल गई है और आसपास रहने वाले लोगों के लिए घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है।

**तालाब में गंदा पानी और नालों का सीधा प्रवाह :** स्थानीय लोगों का आरोप है कि शहर के नालों का गंदा पानी सीधे तालाब में छोड़ा जा रहा है। प्लास्टिक, कचरा और अन्य अपशिष्ट भी तालाब में जमा हो गए हैं। साफ-सफाई और पानी के शुद्धिकरण के लिए नगरपालिका की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है, जिसका खामियाजा अब प्रकृति और आम नागरिक भुगत रहे हैं।

**स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा :** तालाब से उठ रही दुर्गंध के कारण क्षेत्र में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। मच्छरों का प्रकोप तेज हो गया है और त्वचा, सांस तथा पेट से जुड़ी बीमारियां फैलने की आशंका है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते स्थिति नहीं संभाली गई तो यह बड़ी स्वास्थ्य आपदा का रूप ले सकती है।

# मंडला में राशन दुकानों पर सक्रिय चोर गिरोह: 6 माह में 15 वारदातें, अमदरा दुकान से 1.15 लाख का खाद्यान्न चोरी

**जागरण मंडला।** मंडला जिले में शासकीय उचित मूल्य दुकानों को निशाना बनाने वाला एक संगठित चोर गिरोह सक्रिय हो गया है। ताजा घटना नारायणगंज विकासखंड के ग्राम अमदरा में सामने आई है, जहां शुक्रवार रात एक संयुक्त राशन दुकान से लगभग 1.15 लाख रुपये का खाद्यान्न चोरी कर लिया गया।अमदरा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान और कुई वन समिति की संयुक्त दुकान के संचालक मनोज सोनी ने टिकरिया थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों ने दुकान का चैनल गेट तोड़कर 16 क्विंटल गेहूं, 15 क्विंटल चावल और 1.18 क्विंटल शक्कर चुरा ली। चोरी हुए खाद्यान्न की अनुमानित कीमत करीब 1.15 लाख रुपए है।दुकान संचालक के अनुसार, चोरी की घटना के दौरान गांव की बिजली रात 1 बजे से 3 बजे तक गुल रही।पास में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला ने इस दौरान एक मिनी ट्रक देखने की बात कही है। आशंका है कि इस वारदात में 6 से 8 चोर शामिल थे, जिन्होंने सुनियोजित ढंग से चैनल गेट का ताला तोड़कर खाद्यान्न ट्रक में लादा और फरार हो गए।



**अब तक कई गांवों में हुई वारदात :** कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अजय झारिया ने बताया कि पिछले छह माह के भीतर जिले की 10 से 15 राशन दुकानों में चोरी की घटनाएं दर्ज की जा चुकी हैं। इन सभी मामलों में पुलिस में शिकायतें दर्ज कराई गई हैं।झारिया के अनुसार, पहले मवई, बिछिया और मोहगांव विकासखंडों में चोरी हुई थी, और अब नारायणगंज और निवास विकासखंड भी चोरों के निशाने पर आ गए हैं। उन्होंने लगातार हो रही इन वारदातों को देखते हुए राशन दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की सिफारिश की है। 50 क्विंटल खाद्यान्न चोरीजनवरी माह में सुखराम गांव में 11 जनवरी को लगभग 50 क्विंटल खाद्यान्न और लुहारी (निवास) में भी 50 क्विंटल खाद्यान्न चोरी होने की घटनाएं सामने आई थीं। इसके अतिरिक्त, जून से अक्टूबर माह के दौरान घुघरी विकासखंड की डुंडी, तबलपानी, खम्हरिया, राम्हेपुर और मोहगांव विकासखंड के चंदवारा और बोड़ासिल्ली राशन दुकानों में भी चोरी हुई है।इन लगातार हो रही और एक जैसे पैटर्न पर आधारित घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि राशन दुकानों को निशाना बनाने वाला एक संगठित गिरोह जिले में सक्रिय है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है, सुरागों के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

# बेलवेदर इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**कटनी।** बेलवेदर इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में विद्यालय का वार्षिकोत्सव वसुधैव कुटुम्बकम् बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथियों में बेलवेदर इंटरनेशनल स्कूल के प्रेसिडेंट अनिल देवड़ा, डॉ.पंकज गुप्ता, डॉ.मनीष गुप्ता, डॉ.मानसी गुप्ता, विनय चड्डा, काके चड्डा, नवलेश मलिक, वीरेन मैनी, अभिलाष दीक्षित, रौनक खण्डेलवाल, माधवनगर थाना टीआई संजय दुबे, कुठला थाना टीआई, राजेन्द्र मिश्रा, डॉ.बल्देव सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा के साथ अन्य अतिथियों ने शिरकत की।

बेलवेदर इंटरनेशनल विद्यालय की डायरेक्टर अवंतिका गोयनका ने अपने शुभ संदेश में विद्यालय के उत्कृष्टता की प्रशंसा की। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ.जय चड्डा डायरेक्टर एवं देवाशीष चड्ढा ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्जवलन कर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात् उपस्थित मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथियों का अभिनंदन पुष्प श्रीफल शॉल और विद्यालय के प्रतीक चिन्ह को प्रदान कर किया गया। मुख्य अतिथि विधायक संदीप जायसवाल ने अपने उद्बोधन में चड्ढा ग्रुप द्वारा संचालित बेलवेदर इंटरनेशनल स्कूल की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि बेलवेदर इंटरनेशनल स्कूल में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं से बच्चों का समुचित सर्वांगीण विकास हो रहा है तथा स्कूल में प्रवेशित बच्चे इंटरनेशल स्तर की शिक्षा इस विद्यालय में प्राप्त कर रहे हैं।

अतिथियों के स्वागत में नौनिहालों द्वारा स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। नौनिहालों के स्वागत डांस फ्लोर एक्ट ने सभी का मनमोहन लिया तथा कार्यक्रम में करतल ध्वनियों से विद्यालय प्रांगण गूंज उठा। वातावरण में ठंडक होने के बावजूद सभी अतिथियों ने पूरे कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों ने जीवन मूल्यों से जुड़े ईमानदारी करुणा एकता और प्रेरणा जैसे भावों को बताते हुए अंग्रेजी नाटक प्रस्तुत किया जिसमें यह संदेश दिया गया की कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है। विद्यालय में हर क्षेत्र से जुड़े हुए कार्यक्रमों को नृत्य नाटिकाओं द्वारा प्रस्तुतिकरण के माध्यम से सिद्ध कर दिया गया कि विद्यालय के बच्चे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाने की ओर अग्रसर हो चुके हैं। आर्मी डांस, कार्निवल डांस, शिव शक्ति डांस, कांतारा डांस, फ्रेंच डांस, हेमनको डांस, वियतनाम डांस, दशावतार जैसे कार्यक्रम दशकों के सम्मोहन का केंद्र रहे हैं। शिव शक्ति, कांतारा और दशावतार कार्यक्रम की प्रस्तुति की सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की। बच्चों की सुंदर पोजीशन ने कार्यक्रमों को और अधिक आकर्षक बना दिया तथा बच्चों के आत्मविश्वास से सभी प्रस्तुतियों की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम के अंत में देवाशीष चड्ढा ने बच्चों एवं समस्त स्टाफ की प्रशंसा करते हुए कि बच्चों एवं विद्यालय स्टाफ के प्रयास तथा मेहनत से यह वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सफ्ल हो पाया है।

# पैसे मांगना युवक को पड़ा भारी, हाथ-पैर तोड़े

## कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मारपीट का मामला

**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बसारी दरवाजा स्थित नूरानी कॉलोनी में पैसे के लेन-देन को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने की वारदात ने इलाके में दहशत फैला दी है। घटना बीते दिनों रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, मोहम्मद आरिफ अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान पैसे के लेन-देन के विवाद में जॉनी दादा और बाबा मंसूरी उनके घर पहुंचे। आरोप है कि दोनों आरोपियों ने दोपहिया वाहन के लोहे के सॉकर और डंडों से मोहम्मद आरिफ पर बेरहमी से हमला कर दिया। हमले में आरिफ के दोनों हाथ टूट गए, पूरे शरीर पर गंभीर चोटें आईं और सिर में भी गहरी चोट लगने से उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

घटना के बाद घायल मोहम्मद आरिफ ने सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों आरोपियों जॉनी दादा और बाबा मंसूरी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की गंभीर मारपीट संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी जांच में जुटे हैं।

हालांकि, घायल फरियादी मोहम्मद आरिफ मंसूरी ने आरोपियों के खिलाफ अभी तक कोई सख्त कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन से त्वरित न्याय और उचित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि हमलावरों की धमकियों के कारण इलाके में दहशत का माहौल है और उन्हें उचित सुरक्षा की भी आवश्यकता है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हेलमेट जागरुकता वाहन रैली को पुलिस अधीक्षक ने दिखाई हरी झंडी

## हेलमेट पहनें, सुरक्षित रहें, मंडला पुलिस का संदेश

**जागरण मंडला।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक मंडला श्री रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में मंडला पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत पूरे जनवरी माह में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा हेलमेट के प्रति जनजागरूकता के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 31 जनवरी को पुलिस अधीक्षक श्री सकलेचा द्वारा योजना भवन मंडला से हेलमेट पहनने की अनिवार्यता को लेकर आयोजित जागरूकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।



इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री सकलेचा ने बताया कि इस जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंडला पुलिस एवं प्रशासन द्वारा विभिन्न माध्यमों, चौपाल, वाहन चेकिंग, समझाइश, जनसंवाद एवं रैलियों के जरिए नागरिकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को रोका जा सके।कार्यक्रम में माहिष्मती बाइक राइडर ग्रुप सहित स्थानीय युवाओं ने सक्रिय सहभागिता की। बुलेट एवं अन्य दोपहिया वाहनों के साथ निकाली गई इस रैली के माध्यम से नागरिकों को हेलमेट के महत्व, यातायात नियमों के पालन एवं सुरक्षित ड्राइविंग का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिव कुमार वर्मा, आरटीओ श्री विमलेश गुप्ता, यातायात थाना प्रभारी श्री ललित धुर्वे, सूबेदार श्री योगेश राजपूत, माहिष्मती बाइक राइडर के सदस्य एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 1.90 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**छतरपुर।** म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 5 लोगों को बेहतर उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 1.90 लाख रुपए की स्वीकृत की गई है। हितग्राही कल्याणी सिंह पति इलू सिंह वार्ड नंबर 7 विलेज खेड़ा पोस्ट खेडा कसार जिला छतरपुर को 20 हजार रुपए, नाथू वाल्मिक पिता मुन्नीलाल वार्ड नंबर 18 अमानगंज मोहल्ला छतरपुर को 35 हजार रुपए, गुलाब सिंह परमार पिता पूरन सिंह परमार वार्ड नंबर 12 बड़ामलहरा कामोदपुरा जिला छतरपुर को 40 हजार इशाक मोहम्मद पिता शेख जहानी नि. वार्ड नंबर 4 अलीगंज मोहल्ला छतरपुर को 45 हजार रुपए, सौरभ वंशकार पिता संतोष वंशकार निवास वार्ड नंबर 30 बकायन खिड़की कलारैया जिला छतरपुर को 50 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# 30 साल पहले धर्म बदलने वाली रानी बेगम से फिर बनी शीला यादव

## साधु-संतों की मौजूदगी में की सनातनी धर्म में घर वापसी

**छतरपुर।** शहर के वार्ड क्रमांक 11 की पूर्व पार्षद रानी बेगम ने एक बार फिर अपनी जड़ों की ओर लौटते हुए सनातनी धर्म अपना लिया है। शहर की अनगढ़ टौरिया पर आयोजित एक कार्यक्रम में साधु-संतों और हनुमान जी को साक्षी मानकर उनकी घर वापसी संपन्न कराई गई। शुद्धिकरण के बाद उन्होंने अपना मूल नाम शीला यादव पुनः धारण कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक शीला यादव मूल रूप से ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम कुर्रा की निवासी हैं और उनके पिता का नाम चिंटोले यादव है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1995 में उन्होंने साबिर काजी के साथ निकाह के बाद उन्होंने इस्लाम धर्म अपनाया था और लगभग 21 वर्षों तक वैवाहिक जीवन व्यतीत किया। हालांकि, वहां की जीवनशैली और परंपराओं को पूरी तरह आत्मसात न कर पाने के कारण उन्होंने वर्ष 2018 में साबिर काजी से तलाक ले लिया था। तभी से वे हिंदू धर्म की ओर लौटने का मन बना चुकी थीं, लेकिन धार्मिक रीति-रिवाजों से घर वापसी अब संपन्न हुई है। शीला यादव ने अपने इस निर्णय का श्रेय बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा चलाए जा रहे घर वापसी और हिंदू राष्ट्र अभियान को दिया है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म ही उनकी आत्मा से जुड़ा है। अपनी पहचान की इस लड़ाई में उन्होंने समाचार पत्रों में इश्तिहार प्रकाशित कराने और आधार कार्ड अपडेट कराने जैसे कानूनी कदम भी उठाए हैं। शीला यादव ने बताया कि वह पिछले एक वर्ष से वे कलेक्टर कार्यालय के चक्कर काट रही हैं ताकि उनके सभी शासकीय दस्तावेजों में रानी बेगम के स्थान पर शीला यादव नाम दर्ज हो सके, लेकिन अभी तक उन्हें सफलता नहीं मिली है।

# इन्द्रेश महाराज की श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व शहर में निकली ऐतिहासिक शोभायात्रा





## नगर मे उमड़ा आस्था का महासागर, 31 से 6 फरवरी तक आयोजित होगी भागवत

**जागरण, कटनी।** धार्मिक आस्था, भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम शनिवार को कटनी नगर में उस समय देखने को मिलाए जब प.पू.पं.श्री इन्द्रेश उपाध्याय महाराज की अमृतमयी श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से पूर्व नगर के इतिहास की सबसे भव्य, सबसे लंबी और ऐतिहासिक कलश यात्रा निकाली गई। यह दृश्य कटनी के धार्मिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया।

श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित यह विशाल कलश यात्रा सिद्ध पीठ श्री श्री 1000 दक्षिण मुखी बड़े हनुमान जी मंदिर से प्रारंभ हुई। मंदिर परिसर में विधिविधान से पूजन अर्चन के पश्चात श्रद्धालु महिलाओं को कलश प्रदान किए गए। सैकड़ों महिलाओं ने अपने सिर पर सुसज्जित कलश धारण कर भक्ति भाव के साथ यात्रा का शुभारंभ किया। भगवा वस्त्रों में सजी महिलाएं, सिर पर कलश और मुख पर श्रद्धा का तेजकृपूरी यात्रा के दौरान आस्था का जीवंत स्वरूप बनी रहीं। कलश यात्रा में परम पूज्य अनंत श्री विभूषित श्री इन्दिरारमण स्वामी जी महाराज की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने सर्वप्रथम दक्षिण मुखी बड़े हनुमान जी मंदिर में प्रभु की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात मंदिर के सेवादारों द्वारा स्वामी जी की आरती कर उनका अभिनंदन किया गया। सुसज्जित बग्गी में विराजमान स्वामी जी महाराज ने शोभायात्रा की भव्यता को और अधिक दिव्यता प्रदान की।

यात्रा जैसे-जैसे शहर के प्रमुख मार्गों से होकर आगे बढ़ी, पूरा नगर हरि नाम और जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालु नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर, आरती उतारकर और शंख नाद के साथ इस ऐतिहासिक कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया। हाथों में लहराते धार्मिक ध्वज, भक्ति गीतों पर थिरकते श्रद्धालु और अनुशासित पंक्तियों में चलती हजारों की भीड़ृ यह दृश्य कटनी ने पहले कभी नहीं देखा था। यह कलश यात्रा न केवल श्रद्धालुओं की संख्या के लिहाज से ऐतिहासिक रही बल्कि इसकी लंबाई, भव्यता और अनुशासन ने इसे शहर की अब तक की सबसे विशाल कलश यात्रा बना दिया। हजारों पुरुष श्रद्धालु, युवा, बुजुर्ग एवं मातृशक्ति की सहभागिता ने इसे एक विराट आध्यात्मिक आयोजन का स्वरूप प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि श्री रंगनाथ सेवा समिति रंगनाथ नगर कटनी के तत्वावधान में 31 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाला यह भुवन पावनी श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव नगर एवं जिले के लिए गौरव का विषय है। अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथा व्यास प.पू.पं.श्री इन्द्रेश उपाध्याय जी महाराज श्रीधाम वृंदावन अपनी ओजस्वी, सरस और भावपूर्ण वाणी से श्रद्धालुओं को भागवत कथा का अमृतपान कराएंगे। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्री रंगनाथ हनुमान मंदिर के पीछे रंगनाथ नगर साउथ स्टेशन के पासद्ध विशाल एवं सुव्यवस्थित पंडाल में किया जा रहा है जहां प्रतिदिन 20 से 30 हजार श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, स्वास्थ्य, फायर ब्रिगेड, पेयजल एवं स्वच्छता के विशेष इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से संपूर्ण परिसर सीसीटीवी कैमरों से लैस है।

श्रद्धालुओं के लिए 9 विशाल एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं वहीं भक्तिपथ यूट्यूब चैनल के माध्यम से कथा का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा जिससे देश विदेश के भक्त इस पुण्य आयोजन से जुड़ सकेंगे। यह भव्य कलश यात्रा और श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव न केवल कटनी को भक्ति का केंद्र बना रहा है बल्कि नगर की आध्यात्मिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध हो रहा है। श्रद्धा, अनुशासन और भव्यता का यह संगम आने वाले वर्षों तक कटनीवासियों की स्मृतियों में अमिट रहेगा।

# एडवोकेट मिथलेश जैन ने पैरवी कर दिलाई नगर निगम को सफलता

**कटनी।** कटनी रेलवे स्टेशन के बाहर स्थित नगर निगम के राजीव गांधी शॉपिंग काम्प्लेक्स वाणिज्य केंद्र के मामले में नगर निगम की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मिथलेश जैन ने नगर निगम को एक बड़ी सफलता दिलाई है। विदित है कि वाणिज्य केंद्र के विवाद को लेकर ठेकेदार मेसर्स खुशीराम एंड कंपनी द्वारा नगर निगम के विरुद्ध प्रस्तुत प्रकरण में आर्बिट्रेशन प्रोसीडिंग्स जिला न्यायालय, म.प्र.हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक से नगर निगम हार गई थी और नगर निगम के विरुद्ध 22 करोड़ 60 लख रुपए की वसूली का निर्णय पारित हुआ था जिसकी ब्याज समेत राशि लगभग 45 करोड़ रुपए हो चुकी है। इस राशि की वसूली के लिए ठेकेदार खुशीराम एंड कंपनी द्वारा नगर निगम के विरुद्ध वर्ष 2019 में राशि वसूली का निष्पादन प्रकरण प्रस्तुत किया था। जिसमें न्यायालय द्वारा नगर निगम की कुर्की किए जाने हेतु बैंक खाता और संपत्तियों की जानकारी भी मंगा ली गई थी। विगत दिनांक 28 नवंबर 2025 को नगर निगम परिषद की बैठक में इस मुद्दे को उठने के बाद नगर निगम आयुक्त ने एक बैठक बुलाई जिसमें उपस्थित महापौर, निगम अध्यक्ष एवं कमिश्नर द्वारा सर्वसम्मत से इस प्रकरण में नगर निगम की ओर से पैरवी करने हेतु मिथलेश जैन एडवोकेट को नियुक्त करने का निर्णय लिया गया।

मिथलेश जैन ने भी इस प्रस्ताव पर सहमति देते हुए कहा कि चूंकि वे नगर निगम से अनेक वर्षों से जुड़े हुए हैं इसलिए बिना किसी फीस के नगर निगम की ओर से निःशुल्क पैरवी करेंगे। कमिश्नर द्वारा वकालतनामा मिलने के बाद मिथलेश जैन ने सप्तम जिला न्यायाधीश राजेश श्रीवास्तव के न्यायालय में नगर निगम की ओर से पक्ष रखा जिसमें उनके द्वारा कमर्शियल कोर्ट एक्ट की धारा 10 के अंतर्गत आपत्ति प्रस्तुत की तथा माननीय सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट के अनेकों न्याय दृष्टांत प्रस्तुत कर अवगत कराया कि वसूली का यह निष्पादन प्रकरण कटनी न्यायालय में चलने योग्य ही नहीं है। इस प्रकरण में न्यायालय ने तर्क सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रखा था और 29 जनवरी 2026 को न्यायालय ने अपना निर्णय पारित कर नगर निगम के विरुद्ध कटनी न्यायालय में चल रहे प्रकरण की कार्यवाही समाप्त करने का निर्णय किया है।

# महिला कांग्रेस ने चलाया मनरेगा बचाओ संग्राम




## ग्राम पंचायत में लगाई महिलाओं संग चौपाल

**कटनी।** युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं महिला कांग्रेस की नेत्री सौम्या राँधेलिया द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम मुहीम के तहत कटनी जिले कि मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र कन्हवारा एवं पौंडी मे ग्रामीणों जनो के बीच जाकर मनरेगा बचाओ अभियान से जुड़ने हेतु निवेदन किया गया। उनके द्वारा आरोप लगाए गए की भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार द्वारा मजदूरों को सुनिश्चित रोजगार देने लेकर कांग्रेस शासन काल में बनाई गई मनरेगा योजना को करने की तैयारी में है इसलिए इसका नाम बदला जा रहा है जबसे भाजपा सत्ता में आई है केवल योजनाओं का नाम ही बदला जा रहा है। राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा एवं प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया के निर्देश पर पूरे प्रदेश में मनरेगा बचाओ अभियान चलाया जा रह है। सौम्या ने बताया की मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं ग्रामीण भारत के श्रम, स्वाभिमान और स्वावलंबन की पहचान है जिसे नरेंद्र मोदी तबाह करने पर तुले हैं। ऐसे में मनरेगा को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है एवं उनकी अन्य समाया से रूबरू हुए। ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर महिलायें इस अभियान से जुड़ रही है। चौपाल में मुख्य रूप से महिला कांग्रेस नेत्री मिनाक्षी वलवी, रश्मि अग्रवाल, नीरा सोनी, मनीषा सिंह सोलंकी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल पाण्डेय, अजय खटीक, सूर्यकान्त कुशवाहा, कमल सिँह राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलायें उपस्थित रही।

# लखाखेरा में भव्य शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत पुराण एवं पंच कुण्डीय विष्णु यज्ञ का शुभारंभ



## 6 फरवरी तक चलेगा धार्मिक आयोजन

**कटनी।** तहसील बड़वारा अंतर्गत ग्राम लखाखेरा में शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत पुराण एवं पंच कुण्डीय विष्णु यज्ञ का विधिवत शुभारंभ हुआ। आयोजन के प्रथम दिन गांव का माहौल पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात सायंकाल कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाए पुरुष एवं बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर पारंपरिक वेशभूषा में श्रद्धा भाव से चल रही थीं जबकि पुरुष श्रद्धालु भगवा ध्वज लिए भजन कीर्तन और धार्मिक जयघोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे। गाजे बाजे, ढोल नगाड़ों और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से संपूर्ण ग्राम भक्तिरस में सराबोर हो गया। शोभायात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए कथा स्थल श्री सिद्ध बाबा नवग्रह वाटिका पहुंची जहां विधिवत पूजा अर्चना के साथ धार्मिक कार्यक्रम आगे बढ़ाया गया। इस अवसर पर कथा व्यास के रूप में राष्ट्रीय प्रवक्ता पं.नितिन देव महाराज श्री चित्रकूट धाम ने श्रीमद् भागवत कथा के महात्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा श्रवण से मानव जीवन को सही दिशा मिलती है तथा भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संचार होता है। श्रद्धालुओं ने कथा का भावपूर्वक श्रवण किया। वहीं यज्ञाचार्य आचार्य पं.अनुज शास्त्री महाराज वृंदावन के आचार्यत्व में पंच कुण्डीय विष्णु यज्ञ की प्रारंभिक विधियां विधिविधान से संपन्न कराई गईं। यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो उठा। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, व्यवस्था एवं सुरक्षा को लेकर समुचित प्रबंध किए गए हैं। श्रीमद् भागवत पुराण एवं पंच कुण्डीय विष्णु यज्ञ का आयोजन 6 फरवरी तक निरंतर चलेगा। 6 फरवरी को पूर्णाहुति, विशाल भंडारा एवं विदाई समारोह के साथ किया जाएगा। कथा पारायण का समय प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा कथा प्रवचन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह संपूर्ण आयोजन ग्राम लखाखेरा के समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न किया जा रहा है।

# बंधक बनाकर नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, अमकुही की पहाड़ियों में वारदात

## दोस्त के साथ घूमने गई थी पीड़िता, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी

**कटनी।** शहर सीमा से लगे अमकुही पहाड़ी क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है जहाँ एक नाबालिग लड़की के साथ दो आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया और उसे रातभर बंधक बनाकर रखा। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। बताया जाता है कि घटना के समय पीड़िता अपने दोस्तों के साथ अमकुही की पहाड़ी पर घूमने गई थी। इसी दौरान दो आरोपियों ने वहाँ पहुँचकर उसके साथी युवक के साथ मारपीट की और उसे भगा दिया। इसके बाद आरोपी नाबालिग को खींचकर पास के एक निर्मणाधीन मकान में ले गए। वहाँ उन्होंने रातभर उसे बंधक बनाए रखा और उसके साथ गलत काम किया। सुबह करीब 5 बजे पीड़िता किसी तरह आरोपियों के चंगुल से बचकर निकली और पुलिस तक पहुँची। उधर रंगनाथनगर और माधवनगर पुलिस ने रातभर इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। फरार आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।


## नोटिस हर आम व खास

प्रिया गुप्ता पत्नी श्री प्रसून गुप्ता निवासी दीनदयाल धाम कालोनी पड़रा तहसील हुजूर नगर जिला रीवा म.प्र. की निवासी हूँ। मेरे द्वारा दिनांक 22-05-2018 को भूमिस्वामी श्री संदीप गुप्ता तनय श्री इन्द्रभान गुप्ता के नाम मौजा बोदा पटवारी हल्का बोदा तहसील हुजूर नगर जिला रीवा म.प्र. के स्वामित्व की आराजी क्र. 966/6/1 शामिल नं0 967 रकवा 0.0110 हे. एवं 966/6/2 शामिल नं0 967, 968 एरिया 0.004 हे0 की मूल लिंक रजिष्ट्री उपपंजीयक कार्यालय रीवा मे रजिष्टर्ड दिनांक 07-03-2009 ग्रन्थ नं. 7004 फोलियो 03 सीरियल कमांक 5913 एवं रजिष्टर्ड दिनांक 30-04-2009 ग्रन्थ नं0 7047 फोलियो 04 सीरियल नं0 451 उक्त रजिष्ट्री एवं ऋणपुस्तिका को मैने उप पंजीयक कार्यालय रीवा मे संदीप गुप्ता से प्राप्त कर ली थी दिनांक 12-01-2026 को मै अपने पति प्रसून गुप्ता के साथ अपने घर से सिरमौर चौराहा अपने दुकान जा रही थी कही रास्ते मे मोटर साईकिल मे लगा बैग गिर गया बैग मे एक पन्नी के अन्दर हमारी मूल लिंक रजिष्ट्री, ऋणपुस्तिका व अन्य रिकार्ड रखे थे जो कही गुम गए है। जो कि मेरे द्वारा काफी खोजबीन की गयी किन्तु उक्त दस्तावेज कही नही मिले। मेरे द्वारा दिनाक 17-01-2026 को लगभग दिन के 1 बजे के लगभग थाना सिविल लाइन रीवा मे उक्त दस्तावेजो के गुमने की सूचना दी गयी है। मै भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा रीवा से होम लोन लेना चाहती हूँ। यदि किसी वित्तीय शाखा / बैंक / समिति या किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो अपना आपति प्रमाण सहित 15 दिन के अन्दर भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा रीवा मे दर्ज करा सकते है इसके बाद कोई आपति मान्य नही होगी।

भवदीय
सच्चिता नंद पटेल एडवोकेट,
रीवा म.प्र. मो. 8770535614

RN- 83324

## न्यायालय कलेक्टर, जिला रीवा (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक 0064/बी-121/मूल/ 2025-2026

आवेदक- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा रीवा (म.प्र.) द्वारा- प्राधिकृत अधिकारी

बनाम

अनावेदकगण- 1. भगवती प्रसाद सेन/ वर्मा पिता राजरूप वर्मा 2. श्रीमती सुनीता देवी सेन पति भगवती प्रसाद सेन/ वर्मा दोनों निवासी ग्राम जवा तहसील जवा जिला रीवा (म.प्र.)

प्रकरण दिनांक 27.01.2026 को नियत है। उक्त प्रकरण में अनावेदक गण पक्षकार है। अनावेदक गण को सूचना दी जाती है कि प्रकरण में अगली तारीख पेशी दिनांक 10.03.2026 नियत है। नियत दिनांक को अनावेदक गण समय 3.00 बजे दिन स्वयं या अपने अभिभाषक या प्रतिनिधि जो जवाब प्रस्तुत करने के संबंध में कार्यवाही करने में सक्षम हो, कलेक्टर महोदय के न्यायालय में उपस्थित हो कर प्रस्तुत करे। आपको निर्देशित किया जाता है कि नियत दिनांक को आवश्यक लोक दस्तावेज जो अपने पक्ष समर्थन के लिये आवश्यक हो प्रस्तुत करे यदि नियत दिनांक को उपस्थित नहीं होने पर गैर हाजिरी की दशा में उक्त प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर निर्णय किया जावेगा।

आदेशानुसार - **कलेक्टर, जिला रीवा**
रीवा दिनांक - 29/01/2026

## न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला रीवा (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक /0655/अपील/2025–26
रीवा, दिनांक–27/01/2026

01. रमेश कुमार पाण्डेय पिता स्व. मधुसूदन प्रसाद पाण्डेय 02. उमेश कुमार पाण्डेय पिता स्व. मधुसूदन प्रसाद पाण्डेय 03. अशोक कुमार पाण्डेय पिता स्व. मधुसूदन प्रसाद पाण्डेय 04. संतोष कुमार पाण्डेय पिता स्व. मधुसूदन प्रसाद पाण्डेय 05. मु. पुष्पादेवी पति स्व. मधुसूदन प्रसाद पाण्डेय सभी निवासी ग्राम आलमगंज तहसील मनगवां जिला रीवा (म.प्र.)

अपीलार्थीगण।

बनाम

01. अनिल कुमार पाण्डेय तनय स्व. योग भाष्कर प्रसाद पाण्डेय 02. सुशील कुमार पाण्डेय तनय स्व. योग भाष्कर प्रसाद पाण्डेय 03. अश्वनी कुमार पाण्डेय तनय स्व. योग भाष्कर प्रसाद पाण्डेय 04. सतीश कुमार पाण्डेय तनय स्व.योग भाष्कर प्रसाद पाण्डेय सभी निवासी ग्राम बांस तहसील मनगवां जिला रीवा (म.प्र.)

.............उत्तरवादीगण।

//आम इश्तहार//

उत्तरवादीगण क्रमांक 01 ता 04 सभी निवासी ग्राम बांस तहसील मनगवां जिला रीवा मध्यप्रदेश को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थीगण रमेश कुमार पाण्डेय पिता स्व. मधुसूदन प्रसाद पाण्डेय वगैरह सभी निवासी ग्राम आलमगंज तहसील मनगवां जिला रीवा (म.प्र.) के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी तहसील मनगवां जिला रीवा मध्यप्रदेश के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0563/अ–6–अ/2022–23 में पारित आदेश दिनांक 28.08.2022 के आदेश के विरूद्ध मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत अपील पेश किया गया है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 25.02.2026 को पेशी नियत है। अतः उत्तरवादीगण क्रमांक 01 ता 04 सभी निवासी ग्राम बांस तहसील मनगवां जिला रीवा मध्यप्रदेश को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 25.02.2026 को समय 11:00 बजे दिन स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई की कार्यवाही में भाग लें, उत्तरवादीगण क्रमांक 01 ता 04 के उक्त दिनांक एवं समय में अनुपस्थित रहने पर उत्तरवादीगण क्रमांक 01 ता 04 के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावगी।

अपर कलेक्टर
जिला–रीवा (म.प्र.)

RN-83742

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## किराये पर देना है

मार्तण्ड काम्प्लेक्स द्वितीय मंजिल पर 10000 स्क्वायर फीट देना है। सम्पर्क करें- 8878054456, 9424375655
RN-83323(7/2)

## आवश्यकता है

1. सुरक्षा गार्ड, 2. सफाई कर्मी (घर, होटल, हास्पिटल, सॉपिंग मॉल), 3. सुपर वाइजर (10 से 12 पास) अनुभव कम से कम 2 साल। Company Name:- S&R Suraksha Guard एवं Facility Service. सम्पर्क करें रीवा के लिए:- मो. 8839868626, 9685622651, 7724832009
RN-83165(01/02)

## राम श्याम वर वधु केन्द्र

डायरेक्टर-अम्ब्रीश उपाध्याय

मोबा. 7021777625, 9987606771 हमारे यहाँ सभी प्रकार के रिश्ते कराये जाते हैं-तलाकसुदा, विधुर, सर्विसमेन, बिजनेसमेन, गर्वमेन्ट, एम्प्लायी, मांगलिक, नॉन मांगलिक, कुण्डली मिला के करवाये जाते हैं। पता-वार्ड नं. 4, निर्मल नगर के सामने, मंगलम् मैरिज गार्डन के बगल में चोरहटा रीवा (म.प्र.) 486006
RN-83161(28/2)

## आवश्यकता है

मार्केटिंग हेतु स्मार्ट युवक एवं युवतियों की। अट्रैक्टिव सैलरी, संपर्क करें- 9424983717, 9765667183, 9755667183
RN-83168(6/2)

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944


**ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान मध्यप्रदेश ग्राम विकास पखवाड़ा आयोजित : कटनी।** मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में और मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक तेज सिंह के मार्गदर्शन एवं विकासखंड समन्वयक नंदनी वाटिया के सहयोग से ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान मध्यप्रदेश ग्राम विकास पखवाड़ा का आयोजन बड़वारा के सेक्टर क्रमांक.4 बसाड़ी अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नन्हवाराखुर्द, परसवाराखुर्द,


## उपनाम परिवर्तन की सूचना

मैं सुकीर्ति पटेल पुत्री श्री शम्भू प्रसाद पटेल निवासी वार्ड क्र.6 बांसघाट रीवा (म.प्र.) की हूं। सूचित करती हूं कि मेरा विवाह आनन्द शर्मा के साथ हुआ है, इसलिए मेरा उपनाम पटेल से शर्मा में परिवर्तन हो गया है। अतः शासकीय /अशासकीय व मेरे सभी अभिलेखों में पटेल की जगह शर्मा दर्ज किया जाए एवं भविष्य में मुझे सुकीर्ति शर्मा पत्नी आनन्द शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाए।

RN-83744
सुकीर्ति शर्मा पत्नी आनन्द शर्मा

## उत्तर मध्य रेलवे

झाँसी_एम_26_02
दिनांक: 29.01.2026

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/यॉत्रिक, झाँसी, उत्तर मध्य रेल निर्धारित निविदा प्रारूप में निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ऑनलाईन निविदायें (ई-टेण्डरिंग) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **ई-निविदा सूचना संख्या:** झाँसी_एम_26_02 | **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 32,78,118.24/- |
| **कार्य का उसके स्थान सहित नाम:** "झाँसी मंडल के झाँसी और ग्वालियर कोचिंग डिपो में एलएचबी व्हील डिस्क पर एडी करंट एरे (ई सी ए) तकनीक द्वारा सतह दोष का पता लगाने का कार्य 02 वर्ष की अवधि के लिए" | |
| **धरोहर राशि:** रु. 65,600/- | **कार्य समापन की अवधि:** 02 वर्ष |
| **निविदा बंद करने की तारीख एवं समय:** 20.02.2026, बंद होने का समय 15:00 बजे। | |

• निविदा दिनांक 20.02.2026 को 15:00 बजे तक ऑनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा प्रस्तुत करने के लिये भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध कराया गया है।
218/26 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## कार्यालय नगर परिषद् सिरमौर, जिला–रीवा म.प्र.

क्रमांक 187 /निविदा आमंत्रण/2026
सिरमौर, दिनांक 30.01.2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि व लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_479422_1 | कार्यालय उपयोग हेतु White colour four wheeler vahicle with 07 seater, 1493 CC diesel engine with 75 HP and 210NM torque, 5 manual speed and equipped with all useful features like power windows etc. Vehicle manufacturer Mahindra Bolero Scorpio Maruti Suzuki Tata Motors etc or equivalent. वाहन के R.T.O पंजीयन बीमा आदि जरूरी दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर परिषद सिरमौर में प्रदाय किया जाना होगा। | 01 माह लागत रू0 10.00 लाख | 2000.00 एवं अमानत राशि 10000.00 | 30.01.2026 से 14.02.2026 |

नोट :– निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

शर्ते :–
1. निविदा के संबंध में आवश्यक जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।
2. धरोहर राशि ऑनलाईन मान्य की जावेगी।
3. आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मध्य प्रदेश द्वारा जारी ऑनलाईन निविदा निर्देशों एवं म0प्र0 शासन नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा दो लिफाफा पद्धति अनुसार प्रस्तुत करना होगा। जिसमें एक लिफाफे में अमानत राशि (ऑनलाईन रसीद) एवं दूसरे लिफाफे में अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति रखनी होगी।
5. जीएसटी पंजीयन होना अनिवार्य है।
6. जीएसटी का भुगतान नियमानुसार अलग से देय होगा।
7. निविदा दर समस्त करों एवं अन्य शुल्क जोड़कर प्रस्तुत करना होगा।
8. बंधन युक्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
9. अमानत राशि एवं अन्य दस्तावेज निविदादाता को विशेष वाहक अथवा रजिस्टर्ड डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा दिनांक 14.02.2025 शायं 05:00 बजे तक जमा करना अनिवार्य है।
10. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निकाय के पास सुरक्षित रहेगा।
11. किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग में ब्लैक लिस्टेड फर्म/कम्पनी अपात्र होगी।

अध्यक्ष
नगर परिषद् सिरमौर,
जिला–रीवा म.प्र.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् सिरमौर,
जिला–रीवा म.प्र.

# एक दिन बाद आम बजट, राज्य सरकार को केंद्रीय करों की राशि बढ़ने की उम्मीद

## भाजपा ने राज्यभर में बजट की खूबियों को पहुंचाने का प्लान किया तैयार, कांग्रेस की भी बजट पर नजर



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** देश के इतिहास में पहली बार रविवार को संसद में केन्द्रीय वित्त मंत्री देश का वित्तीय बजट पेश करेंगी। बजट पर मध्यप्रदेश सरकार और राजनीतिक दलों की नजर भी है। राज्य सरकार बजट में प्रदेश की बेहतर हिस्सेदारी होने की उम्मीद लगाए हुए है, तो भाजपा ने राज्यभर में बजट की खूबियों को पहुंचाने का प्लान भी तैयार कर लिया है। गौरतलब है कि केंद्रीय बजट 1 फरवरी को संसद में पेश किया जाएगा। इसमें मध्यप्रदेश की अपेक्षाएं कितनी पूरी होती हैं, इसे लेकर राज्य सरकार और आर्थिक विश्लेषक नजर बनाए हुए हैं। इधर सरकार ने केंद्र से अपनी कर्ज लेने की सीमा बढ़ाने और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं के एवज में लंबित राशि का भुगतान कराने का आग्रह किया है। इसी तरह सरकार को आदिवासी छात्रों की स्कॉलरशिप की राशि वर्ष 2018-19 से लेकर वर्ष 2024-25 तक की लंबित है। राज्य सरकार ने मांग की है कि उनकी इस मद की 564 करोड़ की राशि का भुगतान कराया जाए, क्योंकि यह राशि राज्य सरकार पात्र छात्रों को अपने संसाधनों से दे चुकी है। प्रदेश को 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों से काफी उम्मीदें हैं। सरकार चाहती है कि उसे केन्द्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत तक हो जाए। फिलहाल मध्यप्रदेश सरकार को 7.85 प्रतिशत केन्द्रीय करों की हिस्सेदारी मिल रही है, यानि कि इस मद में राज्य सरकार को हर साल 1 लाख 11 हजार करोड़ की राशि मिल रही है।

### सिंहस्थ के लिए 20 हजार करोड़ मांगे

वित्त विभाग संभाल रहे उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा पिछले दिनों केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से मिले थे, तब उन्होंने अपनी मांगों के साथ सिंहस्थ की तैयारी के लिए 20 हजार करोड़ के विशेष पैकेज की मांग की थी।

### भाजपा बजट की करेगी ब्राडिंग

प्रदेश भाजपा ने केन्द्रीय बजट की ब्राडिंग को लेकर रोडमैप तैयार कर लिया है। इसके लिए प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने जिलाध्यक्षों से कहा है कि वे विशेष समितियों का गठन करें, जिसके सहारे बजट की जानकारी जनता तक पहुंच सके। इन पांच सदस्यीय समितियों में आईटी और सोशल मीडिया टीम के एक सदस्य को शामिल किया जाएगा। ये समिति केंद्रीय बजट में मध्यप्रदेश से जुड़े बजट प्रावधानों को विशेष रूप से उल्लेखित कर स्थानीय स्तर पर एक रणनीति के तहत उसका प्रचार करेगी। समिति ये पूरी जानकारियां ग्राम पंचायत स्तर पर पहुंचाएगीं। इतना ही नही जिलों की समितियां केन्द्र के बाद इसी माह राज्य सरकार के बजट का भी प्रचार-प्रसार करेगी। बताया गया है कि बजट के बाद प्रदेश और जिला स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा, जहां इन समितियों को विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

### मंत्रालय में हुई बैठक आम बजट का इंतजार

शुक्रवार को वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की बैठक हुई। इसमें राज्य सरकार के अगले बजट को लेकर चर्चा हुई। सूत्रों की मानें तो अधिकारियों ने सुझाव दिया कि आम बजट पेश होने के उपरांत एक बार फिर से राज्य के अगले बजट को अंतिम रूप देने बैठक रखी जाए। तब आम बजट में मध्यप्रदेश की हिस्सेदारी की तस्वीर भी साफ हो जाएगी।

### कांग्रेस ने विशेषज्ञों को सौंपी जिम्मेदारी

कांग्रेस की भी केन्द्रीय बजट पर नजर है। नेतृत्व ने पदाधिकारियों से कहा है कि केन्द्र व प्रदेश के पूर्व बजट का अध्ययन किया जाए और ये जानकारी जुटाई जाए कि पूर्व बजट में मध्यप्रदेश को लेकर जो वायदे किए गए थे, वे पूरे हुए है या नहीं। इसी तरह कौन से विकास कार्य अभी भी अधर में हैं, जिन्हें इस बजट में नहीं लिया गया होगा। जानकारों का कहना है कि कांग्रेस प्रदेश भाजपा के अभियान की पोल खोलने सामांतर अभियान चलाएगी।

# पूर्व मुख्यमंत्री के वारिसों की याचिका हाइकोर्ट से निरस्त

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने 30 जुलाई 1967 से 12 मार्च 1969 तक मध्य प्रदेश के पांचवे मुख्यमंत्री रहे गोविन्द नारायण सिंह द्वारा अपने ही बेटे शिव बहादुर सिंह को बेची गई सतना की 11.57 एकड़ जमीन के स्वामित्व को संदेहास्पद पाया। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि गोविन्द नारायण सिंह ने अपंजीकृत और अपर्याप्त स्टाम्प पर बनी सेल डीड के आधार पर विवादित जमीन बेची थी। ऐसे दस्तावेजों के आधार पर न तो जमीन का स्वामित्व मिलता है और न ही अस्थाई निषेधाज्ञा। हाई कोर्ट ने अधीनस्थ अपीलीय अदालत के उस आदेश को उचित निरूपित किया, जिसमें ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई अस्थायी रोक को निरस्त कर दिया गया था। इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री के वारिसों की ओर से दायर याचिका निरस्त कर दी। याचिकाकर्ता अंबिकापुर, छत्तीसगढत्र निवासी नर्मदेश्वर प्रताप सिंह, रामेश्वर प्रताप सिंह और सतना निवासी माधवी सिंह की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि उनके पिता शिव बहादुर सिंह ने वर्ष 1992 में अपने पिता गोविन्द नारायण सिंह से अपंजीकृत सेल डीड के जरिए 11.57 एकड़ भूमि खरीदी थी। वह भूमि वर्षों से उनके कब्जे में है। इसी आधार पर स्थायी निषेधाज्ञा चाही गई। अधीनस्थ अदालत ने पांच फरवरी, 2025 को उनके पक्ष में अस्थायी निषेधाज्ञा दे दी थी। विवादित जमीन के असली मालिक सेठ मनोहर लाल थे। मनोहर लाल की कथित पावर आफ अटार्नी के आधार पर पूर्व मुख्यमंत्री गोविन्द नारायण सिंह ने 11.57 एकड़ जमीन अपने बेटे शिव बहादुर सिंह को आठ दिसंबर, 1992 को बेची थी। वर्ष 1998 में जमीन का नामांतरण भी हुआ। ट्रायल कोर्ट द्वारा पांच फरवरी, 2025 को पूर्व मुख्यमंत्री के वारिसों को दी गई अस्थाई निषेधाज्ञा के विरुद्ध सेठ मनोहर लाल के वारिसों ने जिला अदालत में अपील दायर की।

## इंदौर में वृद्ध ने तोड़ा दम, दूषित पानी से मौत का आंकड़ा 31

**जागरण, इंदौर।** शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से फैली बीमारी के कारण शुक्रवार को एक और मरीज की मौत हो गई। मृतक की पहचान 72 साल के एकनाथ सूर्यवंशी के रूप में हुई है। अब तक कुल 31 लोगों की जान जा चुकी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी बॉम्बे हॉस्पिटल में मरीजों से मिलने पहुंचे थे तब उन्होंने उनके बेटे से हाल पूछा था। एकनाथ सूर्यवंशी को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद 29 दिसंबर 2025 को पहले शैल्बी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। हालत बिगड़ने पर उन्हें 3 जनवरी 2026 को बॉम्बे हॉस्पिटल रेफर किया गया। यहां 4 जनवरी को उन्हें वेंटिलेटर पर शिफ्ट कर दिया, उनका इलाज करीब 30 दिनों तक चला, जिसमें वे 25 दिन से अधिक समय तक वेंटिलेटर पर रहे।

# मनरेगा का नाम बदलने पर धरना



**विसं भोपाल।** कांग्रेस ने कोलार में शुक्रवार को मनरेगा का नाम बदले जाने के खिलाफ धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार इस योजना को बंद करना चाहती है। कोलार कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड की अगुवाई में कांग्रेसियों ने कजलीखेड़ा दशहरा मैदान पर मनरेगा बचाओं संग्राम के बैनर तले धरना दिया। राठौड ने कहा कि मनरेगा का नाम बदला जाना पूरी तरह से जनविरोधी है। इससे मनरेगा से जुड़े मजदूरों के सामने अपनी जीविका को लेकर संकट खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस विषय को लेकर लगातार आंदोलन करती आ रही है,जो भविष्य में भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे अरुण श्रीवास्तव,वरिष्ठ नेता सुखलाल ठाकुर,अमित मीना,राजेन्द्र मीना सहित दूसरे नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संघ की शाखाएं गुणवत्ता के साथ बढ़ें: अरुण जैन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण जैन ने कहा है कि शाखा लगाने के लिए कितना परिश्रम लगता है और सतत प्रक्रिया अपनानी होती है। संघ की शाखाएं बढ़ें लेकिन उनकी गुणवत्ता भी बढ़े, यह शरद मेहरोत्रा ने अपने व्यवहार से कार्यकर्ताओं को सिखाया। सहप्रचारक जैन ने शुक्रवार को भोपाल के मानस भवन में आयोजित शरद स्मृति व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्व. शरदचंद्र मेहरोत्रा संघकार्य के कुशल शिल्पी थे। एक-एक कार्यकर्ता को गढ़ना और उनका ध्यान रखना, उनक्की कुशलता थी। उन्होंने बताया कि जब मध्यभारत में शरद जी प्रचारक होकर आये तो संघकार्य को नया आयाम मिला। उनके प्रयासों से शिवपुरी और ग्वालियर में आवासीय विद्यालय शुरू हुए। गोविंदनगर में शिक्षा और सेवा का जो प्रकल्प आज दिखाई दे रहा है, उसकी नींव में शरद जी थे। साहित्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय विचारों को स्थान मिले, इसके लिए अर्चना प्रकाशन की नींव



उन्होंने रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रान्त के संघचालक अशोक पांडेय ने कहा कि किसी भी महापुरुष को याद करके हम अपने कर्तव्य की इतिश्री नहीं करते हैं। वे दीपस्तंभ हैं, जो हमें मार्ग दिखाते हैं। शरद जी अपने अंतिम समय तक देश-समाज की चिंता करते रहे। अपने ध्येय के लिए पूर्ण समर्पित शरद जी का जीवन हम सबके लिए अनुकरणीय है।

# प्रदेश के फूलों की सुगंध पेरिस और लंदन तक: सीएम

## पुष्प महोत्सव का हुआ आगाज प्रदेश भर के पुष्प उत्पादक मौजूद





**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश में पुष्प उत्पादन में अग्रणी राज्य है। यहां के फूलों की सुगंध पेरिस और लंदन तक पहुंच रही है। हम फूल उत्पादन के जरिए किसानों की आमदनी बढ़ानी की दिशा में काम कर रहे है। सीएम शुक्रवार को गुलाब उद्यान में राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को पुष्प उत्पादन के लिए तकनीकी प्रशिक्षण और अनुदान में सहायता प्रदान कर रही है। वर्तमान में यही पुष्प किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और निर्यात क्षमता को मजबूत बनाने का माध्यम बन रहे हैं। पुष्प महोत्सव के माध्यम से किसानों को व्यवसायिक स्तर पर फूलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। आयोजन में पुष्प उत्पादक किसान, नर्सरी संचालक और खरीदार तीनों एक स्थान पर जुटे हैं। किसानों को बाजार की संभावनाओं और फूलों की खेती की जानकारी प्रदान की जा रही है। फूलों की खेती का रकबा निरंतर बढ़ रहा है। प्रदेश के किसान, फूल नहीं अपने मन का भाव दूसरे स्थानों पर भेजते हैं। प्रदेश के 40 हजार किसान पुष्प उत्पादन से जुड़े हैं और 45 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में फूलों का उत्पादन हो रहा है। हर साल लाखों टन फूल गुजरात, महाराष्ट्र सहित विदेशों में भी भेजे जा रहें है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश, देश का दूसरा सर्वाधिक पुष्प उत्पादक राज्य है। वर्ष 2021-22 तक राज्य में फूलों की खेती का रकबा 37 हजार हैक्टेयर था, जो अब बढ़कर 44 हजार हैक्टेयर हो चुका है।

### प्रदेश का पुष्प उत्पादन 86 लाख टन हुआ

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में उद्यानिकी विभाग नवाचारी कार्यक्रमों के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रदेश का पुष्प उत्पादन 86 लाख टन हो गया है। इस पुष्प प्रदर्शनी में किसानों का मार्गदर्शन करने के लिए उद्यानिकी विभाग के विशेषज्ञ उपस्थित हैं। किसान भाई इस प्रदर्शनी का लाभ उठाएं और अपनी आय बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के लक्ष्य को पूर्ण करने में सहभागी बनें।

### अब तीन दिवसीय तक होगा पुष्प महोत्सव

एक दिवसीय पुष्प महोत्सव अब तीन दिनी होगी। इसका घोषणा सीएम डॉ. यादव ने की। प्रदर्शनी में सेंसर बेस्ड ऑटोमेशन फर्टीगेशन सिस्टम पर कार्यशाला शनिवार को आहुत की गई है। जिसमें विषय-विशेषज्ञ फर्टीगेशन सिस्टम के संबंध में किसानों को नवीन तकनीकी की जानकारी प्रदान करेंगे।

# यूजीसी ने सिफारिशों की अनदेखी की: दिग्विजय

## संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष सिंह ने यूजीसी पर लगाए आरोप

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्यसभा सांसद एवं संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने कहा है कि समिति द्वारा जो सिफारिशें की गई थी,उसे यूजीसी ने नहीं माना। झूठे मामलों पर सजा हटाने का फैसला यूजीसी का था, इसका संसदीय समिति से कोई संबंध नहीं है।

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने इस संबंध में अपने बयान में कहा कि समिति ने सामान्य वर्ग को सूची से बाहर रखने पर भी कोई टिप्पणी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि यदि यूजीसी ने भेदभाव की स्पष्ट परिभाषा और उदाहरण तय कर दिए होते,तो इससे न केवल वंचित वर्गो को सुरक्षा मिलती बल्कि झूठे मामलों की आशंका भी काफी कम हो जाती। सिंह ने कहा कि संसदीय समिति ने यह बात की थी,किन्तु उसे नजरांदाज कर दिया गया। सिंह ने कहा कि फरवरी 2025 में रोहित वेमुला और पायल तड़वी की माताओं की पहल और सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद केन्द्र सरकार और यूजीसी ने उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव रोकने



**झूठे मामलों पर सजा हटाने का फैसला यूजीसी का था**

के लिए ड्राफ्ट इक्विटी रेगुलेशंस जारी किए थे। इसका उद्देश्य कैंपस में जाति,सामाजिक और अन्य आधारों पर होने वाले भेदभाव को रोकना था। समिति ने माना कि नियम सही दिशा में हैं,लेकिन उन्हें सरल और स्पष्ट बनाए जाने की जरुरत है।

संसदीय समिति के अध्यक्ष सिंह ने बताया कि समिति द्वारा जो सिफारिशें की गई थी,उनमें से यूजीसी ने केवल तीन ही मानी। जबकि इक्विटी कमेटी में एससी - एसटी-ओबीसी प्रतिनिधित्व बढ़ाने और भेदभाव की विस्तृत परिभाषा तय करने जैसी सिफारिशों को नहीं माना गया। उन्होंने कहा कि समिति ने यूजीसी से अनुरोध किया था कि यह स्पष्ट करना कि किन कृत्यों और मामलों को भेदभाव माना जाएगा,न केवल छात्रों के लिए सुरक्षा को मजबूत करेगा,बल्कि विनियमों का दुरुपयोग करके फर्जी मामले दर्ज करने की संभावना को भी कम करेगा। उन्होंने बताया कि समिति पांच सिफारिशें की थी,उनमें से तीन सिफारिशों को पूरी तरह से नजरांदाज किया गया। समिति ने ओबीसी छात्रों और अन्य के उत्पीड़ने को भी जाति-आधारित भेदभाव में शामिल करने, दिव्यांगता को भी भेदभाव के आधार के रुप में मान्य किए जाने,इक्विटी कमेटी में एससी-एसटी और ओबीसी का प्रतिनिधित्व 50 प्रतिशत से अधिक करने व निर्णय निष्पक्ष हो,भेदभाव की स्पष्ट पहचान और उदाहरण नियमों में लिखे जाएं तथा जातिगत भेदभाव को सार्वजनिक कर ,प्रशिक्षण और छात्रों के लिए स्वास्थ्य सहायता व कानूनी मदद देने की सिफारिशें की गई थी।

# कॉलेजों को मार्कशीट नहीं भेजने पर विद्यार्थी परेशान

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के कॉलेजों ने उच्च शिक्षा विभाग से शिकायत की है कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की मार्कशीट, नामांकन, चरित्र प्रमाण पत्र, टेबुलेशन रजिस्टर और दस्तावेजों के संशोधन समय पर नहीं होते हैं, जबकि छात्रों से पूरा परीक्षा शुल्क लिया जाता है। शुक्रवार को अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन और आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा द्वारा सभी विवि के अधिकारियों की बैठक ली गई। इसमें बताया कि मार्कशीट न मिलने से विद्यार्थी परेशान होते हैं और कॉलेजों को विवि जाकर प्रतियां लानी पड़ती हैं। कई बार टेबुलेशन रजिस्टर वहां मांगने पर भी नहीं मिलते। इस पर एसीएस राजन ने सभी विश्वविद्यालयों को समयबद्ध वितरण के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 की ई-प्रवेश प्रक्रिया को अपग्रेड किया जाएगा। इसके लिए कॉलेज वर्तमान सत्र में आई समस्याएं और सुधार सुझाव विभाग को भेज सकेंगे। जल्द ही ई-प्रवेश पोर्टल पर एक एप्लीकेशन जारी होगा, जिसमें कॉलेज ऑनलाइन ही समस्याएं और सुझाव दर्ज कर सकेंगे।

# सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़

## राज्य स्तरीय ऋण संगोष्ठी में नाबार्ड का स्टेट फोकस पेपर का सारंग ने किया विमोचन

**विसं, भोपाल।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि एवं सहकारिता है और सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि इन दोनों क्षेत्रों को सशक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था वैश्विक मंच पर तीव्र गति से आगे बढ़ रही है। सारंग शुक्रवार को राज्य स्तरीय ऋण संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), मध्यप्रदेश द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित किया गया। सारंग ने कहा कि जनधन योजना के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया है, जिससे न केवल योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचा है, बल्कि बैंकिंग प्रणाली भी मजबूत हुई है। सारंग ने बताया कि कुछ कमजोर जिला सहकारी बैंकों के कारण कृषकों को पूर्ण वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में कठिनाइयाँ आ रही थीं। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6 कमजोर जिला सहकारी बैंकों रीवा, सतना, जबलपुर, ग्वालियर, शिवपुरी एवं दतिया को 50-50 करोड़, कुल 300 करोड़ की अंशपूंजी सहायता प्रदान की गई। सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके लिए 16 विभागों को मिलाकर



विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष भी कृषि क्षेत्र में निवेश धरातल पर उतरेंगे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि नाबार्ड का स्टेट फोकस पेपर 2026-27 आगामी वित्तीय वर्ष के लिए एक ठोस ब्लूप्रिंट है, जो प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दिशा प्रदान करेगा। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाना आवश्यक है। इसके लिए ग्रामीण उद्यमियों तक समय पर एवं पर्याप्त ऋण पहुँचना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वर्ष अगले वित्तीय वर्ष में मध्यप्रदेश को विकास की नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा।

**अनदेखी** पहले पब्लिक डोमेन में होती थी अस्पताल के स्टाफ की सूची, पोर्टल से हटाई जरूरी जानकारी

# आयुष्मान में गडबड़ी पर निजी अस्पतालों को सरकारी संरक्षण

**नगर संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में निजी अस्पताल द्वारा आयुष्मान योजना में गड़बड़ी कर करोड़ों रुपए का आर्थिक घोटाला किया गया है। वर्ष 2023 में सबसे पहले यह मामला सामने आया था। अब फिर एक बार भोपाल में पांच अस्पतालों पर कार्रवाई की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने पांच निजी अस्पतालों को आयुष्मान योजना से सस्पेंड कर दिया है और सात दिन के भीतर अस्पताल संचालकों को उन पर लगे गंभीर आरोपों का जवाब देना होगा, यदि जवाब संतोषजनक नहीं दिए गए तो अस्पतालों को सूची से बाहर कर दिया जाएगा। दरअसल निजी अस्पतालों द्वारा बार बार आयुष्मान योजना में की जा रही आर्थिक गड़बड़ी की मुख्य वजह स्वास्थ्य विभाग का नरम रवैया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा वह पोर्टल बंद कर दिया गया है, जिस पर निजी अस्पताल की तमाम जानकारी उपलब्ध रहती है। जिसमें अस्पताल संचालक का नाम, अस्पताल में मौजूद परमानेंट चिकित्सकों के नाम, नर्सिंग स्टाफ के नाम, रेट लिस्ट और सुविधाओं का ब्यौरा।




### वेबसाइट पर अधूरी जानकारी

स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल के अलावा आयुष्मान भारत निरामयम योजना की वेबसाइट पर भी अधूरी जानकारी है। वेबसाइट पर योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पताल का नाम तो दिया गया है, लेकिन आयुष्मान योजना के तहत अस्पताल में कौन कौन सी बीमारियों का इलाज मिलेगा, यह नहीं बताया गया। इसका नुकसान तब होता है जब किसी अस्पताल में मरीज इलाज के लिए पहुंचता है और अस्पताल वाले मरीज की बीमारी योजना में न होने का हवाला देकर मरीज से नकद रुपए ऐंठ लेते हैं।

### 2023 में हुआ था घोटाला

आयुष्मान में सबसे पहले वर्ष 2023 में यह मामला सामने आया था। उस समय स्वास्थ्य विभाग द्वारा तीन साल में कुल एक हजार करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया गया था। इसमें 200 करोड़ रुपए का घोटाला सामने आया था। इस मामले में आयुष्मान योजना कार्यालय मप्र द्वारा कार्रवाई करते हुए 120 निजी अस्पतालों को योजना से बाहर कर दिया गया था। हालांकि समय गुजरने के साथ उक्त 120 अस्पतालों में से कई अस्पताल नाम बदलकर फिर से योजना के तहत सूचीबद्ध हो चुके हैं

### फैक्ट फाइल मप्र

| 1099 सरकारी अस्पताल | 827 निजी अस्पताल | 248 डि-इम्पैनल्ड अस्पताल |
|---|---|---|

31 सस्पेंडेड अस्पताल

### फैक्ट फाइल भोपाल

| 28 सरकारी अस्पताल | 203 निजी अस्पताल | 203 डि-इम्पैनल्ड अस्पताल |
|---|---|---|

16 सस्पेंडेड अस्पताल

### फ्रॉड रोकने पर मिला है मप्र को सम्मान

यह भी एक संयोग है कि मप्र आयुष्मान भारत निरामयम कार्यालय को फर्जीवाड़ा नियंत्रण के लिए देश में नंबर का अवार्ड दिया गया है। हाल ही में यह सम्मान मिला है। मप्र आयुष्मान कार्यालय द्वारा एक ऐसा सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है जो निजी अस्पतालों की गड़बड़ी को तुरंत पकड़ लेता है, जिसमें इलाज के नाम पर की गई धांधली और अनियमित बिलिंग शामिल है।

### निलंबित 5 अस्पतालों को एक सप्ताह में देना है जवाब

दो दिन पहले आयुष्मान मप्र द्वारा भोपाल के जिन 5 अस्पतालों को निलंबित किया है। उन्हें एक सप्ताह का समय दिया गया है कि वह अपना जवाब प्रस्तुत करें। यदि जवाब संतोषजनक नहीं रहा तो अस्पताल को डि-इम्पैनल्ड कर दिया जाएगा, यानि यह अस्पताल आयुष्मान योजना के तहत मरीज का इलाज नहीं कर सकेंगे।

> गड़बड़ी रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। हाल ही में हमें देश में बेहतर कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया है। जिन अस्पतालों पर हाल ही में कार्रवाई हुई है, उन्हें जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।
>
> ■ **मयंक अग्रवाल**, प्रभारी सीईओ आयुष्मान मप्र

# युवाओं को उद्यमिता के लिए सक्षम बना रही है राज्य सरकार: टेटवाल

**विसं, भोपाल।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार का फोकस युवाओं को केवल रोजगारोन्मुख बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें उद्यमिता के लिए भी सक्षम करना है। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास, आत्मअनुशासन और प्लेसमेंट की ठोस तैयारी पर ध्यान केंद्रित होगा। उन्हें शासन स्तर पर हर संभव सहयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। टेटवाल शुक्रवार को संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में प्लेसमेंट किक ऑफ सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती तकनीकों के माध्यम से रोजगार की बदलती प्रकृति पर भी बात रखी।



मंत्री ने कहा कि संस्थान में प्रवेश प्रक्रिया सुचारु रूप से आगे बढ़ रही है, इंडस्ट्री कनेक्ट लगातार मजबूत हो रहा है और विभिन्न उद्योग स्वयं प्रशिक्षण के लिए संस्थान से जुड़ रहे हैं। उन्होंने जर्मन और जापानी भाषा प्रशिक्षण की शुरुआत, एलुमनी क्लब के गठन और उत्कृष्ट विद्यार्थियों को विशेष सम्मान प्रदान करने की आगामी पहल की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की सिंगापुर एक्सपोजर विजिट तथा संस्थान में संचालित विभिन्न एक्स्ट्रा करिकुलर गतिविधियों से जुड़े वीडियो प्रदर्शित किए गए। महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने पर भी विशेष बल दिया गया।

## डिग्री के साथ व्यावहारिक व कार्यस्थल का अनुभव जरूरी


कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि वर्तमान समय में कौशल विकास और रोजगार सृजन देश और प्रदेश की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि तेजी से बदलते आर्थिक और तकनीकी परिवेश में युवाओं को केवल शैक्षणिक डिग्री तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें व्यावहारिक कौशल, तकनीकी ज्ञान, कार्यस्थल का अनुभव देना आवश्यक है, जिससे वे आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को ढाल सकें। टेटवाल कोर्टयार्ड मैरियट में आयोजित फिक्की सेंट्रल इंडिया एड-स्किल्स एजुकेशन समिट को संबोधित कर रहे थे।

# अमरीकी युद्धपोत ईरान की ओर बढ़ रहे ट्रंप ने खामेनेई को दी खुली चेतावनी


## अमेरिका ने कहा हमारी प्राथमिकता कूटनीति है युद्ध नहीं, धमकी को लेकर ईरान ने अपनी ताकत का किया दावा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने कहा है कि वे ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई से बचना चाहते हैं और परमाणु समझौते को लेकर बातचीत के रास्ते खुले रखना चाहते हैं। हालांकि, इसके साथ ही अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य ताकत बढ़ा दी है। ट्रंप का कहना है कि उनकी प्राथमिकता युद्ध नहीं, बल्कि कूटनीति है। अमेरिकी समय के मुताबिक, गुरुवार को फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप पर बनी एक डॉक्यूमेंट्री के प्रीमियर के दौरान ट्रंप ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान के आसपास अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाई है, लेकिन उम्मीद है कि इसका इस्तेमाल न करना पड़े।

**ईरान की ओर बढ़ रहे अमेरिकी जहाज :** ट्रंप ने कहा, मैंने अपने पहले कार्यकाल में सेना को मजबूत किया था और अब हमारे जहाज ईरान की ओर बढ़ रहे हैं। उम्मीद है कि हमें उनका इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा। जब उनसे पूछा गया कि ईरान से बातचीत होगी, तो ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के पास बहुत बड़े और ताकतवर युद्धपोत क्षेत्र में मौजूद हैं और अच्छा होगा अगर हालात बातचीत से ही सलझ जाए। ट्रंप ने बताया कि उन्होंने ईरान के सामने दो साफ शर्तें रखी हैं। पहली, ईराम परमाणु हथियार नहीं बनाएगा और दूसरी शर्त है कि देश में प्रदर्शन कर रहे लोगों की हत्या बंद की जाए।




### मिडिल ईस्ट में 40,000 अमेरिकी सैनिक तैनात



मिडिल ईस्ट में अभी अमेरिकी सैन्य मौजूदगी काफी मजबूत है। मिडिल ईस्ट और पर्शियन गल्फ में लगभग 30,000 से 40,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। फिलहाल मिडिल ईस्ट में करीब 6 नौसैनिक जहाज मौजूद हैं, जिनमें 3 गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर शामिल हैं, जो बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस और अन्य ऑपरेशन के लिए सक्षम हैं।

### ईरान का दावा : हमारे 1000 ड्रोन तैयार



अमेरिका की सैन्य धमकी के बीच ईरान ने अपनी ताकत को लेकर बड़ा दावा किया है। ईरानी सेना का कहना है कि उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार कर लिए हैं। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान पर और कड़े हमलों की चेतावनी दे चुके हैं। ट्रम्प के मुताबिक अमेरिकी युद्धपोत ईरान की तरफ बढ़ रहे हैं।

### मिडिल ईस्ट में अमेरिका तैनात कर रहा युद्धपोत

यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका लगातार मिडिल ईस्ट में अपने युद्धपोत और हवाई सैन्य साधन तैनात कर रहा है। तनाव बढ़ने के बीच ट्रंप प्रशासन ईरान पर दबाव बनाए हुए है। इसी दिन कैबिनेट बैठक में अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी कहा कि अगर राष्ट्रपति ट्रंप आदेश देंगे तो सेना कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा, जब ट्रंप कहते हैं कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलने देंगे, तो वह गंभीर हैं। ट्रंप प्रशासन ईरान पर बड़े सैन्य हमले के विकल्पों पर भी चर्चा कर रहा है।

### विरोध प्रदर्शनों में हजारों मौत

एक न्यूज एजेंसी के अनुसार, इन चर्चाओं में हाल के विरोध प्रदर्शनों के बाद ईरान में सत्ता परिवर्तन की संभावनाओं पर भी बात हुई है। ईरान में इस महीने सरकार विरोधी प्रदर्शनों में हजारों लोगों की मौत हुई है। ईरान में महंगाई, आर्थिक संकट और बढ़ती कीमतों के कारण दशकों का सबसे बड़ा विरोध आंदोलन देखने को मिला है। ट्रंप का मानना है कि यह असंतोष ईरान के सर्वच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के खिलाफ माहौल बना सकता है।

## राहुल ने असम का अपमान किया: शाह

**दिसपुर, जेएनएन।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को दौरे के लिए असम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कई योजनाओं का ऐलान कर डिब्रूगढ़ में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर असम का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया है। इसके अलावा गृह मंत्री ने कहा कि आज, पीएम मोदी और असम सरकार ने लचित बोरफुकन की जीवनी का 23 भाषाओं में अनुवाद करके उसे उपलब्ध कराया है। 400वीं जयंती पर, हेमंत बिस्वा सरमा इसे यहां मनाना चाहते थे। पीएम मोदी ने कहा, इसे असम की राजधानी, विज्ञान भवन में मनाइए। उन्होंने यह भी कहा कि वह आएंगे और लचित बोरफुकन को पूरी दुनिया में फैलाएंगे।



**राहुल गांधी के पटका न पहनने का उठाया मुद्दा :** शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में, असम और नॉर्थ-ईस्ट के अलग-अलग कल्चरल गमछे हमारे नॉर्थ-ईस्ट कल्चर के सम्मान के प्रतीक हैं। 26 जनवरी को, एट-होम प्रोग्राम के दौरान, राष्ट्रपति ने सभी के लिए नॉर्थ-ईस्ट के गमछे रखे। आए हुए सभी लोगों ने नॉर्थ-ईस्ट के गमछे पहने, सिवाय एक व्यक्ति के, जिसका नाम राहुल है। उसे किस तरह की दुश्मनी है? वह हमारे नॉर्थ-ईस्ट के लोगों के साथ इतना अन्याय क्यों करता है?

# वीबी जी राम जी एक्ट के खिलाफ कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन




**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को बदलकर लाए गए विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) एक्ट, 2025 (वीबी-जी राम-जी एक्ट) के खिलाफ मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान तेज कर दिया है। 30 जनवरी को दिल्ली में पार्टी के प्रमुख नेता इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए, जो महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित किया गया। बता दें कि अकबर रोड स्थित एआईसीसी मुख्यालय के बाहर मनरेगा बचाओ संग्राम यात्रा के दौरान दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक लिया। वे 30 जनवरी रोड से गांधी स्मृति की ओर जा रहे थे। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया। दिल्ली कांग्रेस प्रमुख देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने से रोका। उन्होंने कहा, हम शांतिपूर्ण अभियान चला रहे थे, लेकिन हजारों पुलिसकर्मियों ने हमें रोक लिया। मैं मोदी सरकार को चेतावनी देता हूं कि वे हमारे संकल्प को नहीं तोड़ पाएंगे। केरल में एआईसीसी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने केंद्र पर नागरिकों के अधिकार छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, नए मनरेगा बिल से पहले रोजगार का अधिकार छीना गया। अब आर्थिक सर्वे में सूचना का अधिकार को बेकार बताया गया है। उनका इरादा साफ है कि सामान्य नागरिकों के सभी अधिकार छीनना चाहते हैं, जो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।


### मनरेगा बचाना ही मजदूर की आवाज बचाना

कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा, सांसद जयराम रमेश और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने नई दिल्ली में प्रदर्शन किया। पवन खेड़ा ने कहा, जो सरकार मजदूर और किसान का अपमान करती है, वह लंबे समय तक नहीं टिकती। उन्होंने बताया कि सभी राज्यों की राजधानियों में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। कहा, मनरेगा बचाना मतलब मजदूर की आवाज बचाना है। इस देश में मजदूर और किसान का अपमान करने वाली कोई सरकार ज्यादा दिन नहीं टिकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी खूबसूरत थी इसलिए डग बर्गम को मंत्री बनाया

**वाशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने आंतरिक मामलों का मंत्री डग बर्गम को लेकर ऐसा बयान दिया है, जिसपर विवाद शुरू हो गया है। उन्होंने कहा- मैंने बर्गम को मंत्री बनाया क्योंकि उनकी पत्नी कैथरीन बहुत खूबसूरत लगीं। ट्रम्प ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि उन्होंने कैथरीन को पहली बार एक वीडियो में घुड़सवारी करते देखा था। इसके बाद उन्होंने कैथरीन के बारे में पता लगाया। ट्रम्प ने कहा, मेरे लोगों ने मुझे इनके बारे में बताया। फिर मैंने कहा कि मैं उसे हायर करने जा रहा हूं क्योंकि जिस आदमी के पास वैसी पार्टनर हो यह अपने आप में एक बड़ी तारीफ है। ट्रम्प ने बर्गम की भी तारीफ की और कहा कि वे एक सफल बिजनेसमैन हैं, नॉर्थ डकोटा के दो टर्म के मजबूत गवर्नर रहे हैं और उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। इस दौरान बर्गम और कैथरीन भी मौजूद थे। हालांकि, ट्रम्प की इन टिप्पणियों पर तुरंत आलोचना शुरू हो गई। कई लोगों ने इसकी मंशा और लहजे पर सवाल उठाए कि उन्होंने एक कैबिनेट नियुक्ति के लिए किसी महिला की शक्ल-सूरत पर इतना जोर क्यों दिया। ट्रम्प का महिलाओं के बारे में ऐसे बयान देने का पुराना इतिहास रहा है।



### अविमुक्तेश्वरानंद बोले
### योगी 40 दिन में हिंदू होने का प्रमाण दें

**वाराणसी, जेएनएन।** प्रयागराज माघ मेला छोड़ने के बाद शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरकार पर तीखे हमले कर रहे हैं। उन्होंने वाराणसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- मुझसे शंकराचार्य होने का प्रमाण पत्र मांगा गया। मैंने वह दे दिया। मेरे प्रमाण सच्चे थे, इसलिए उन्हें मानना पड़ा। अब प्रमाण मांगने का समय पीछे छूट गया। अब मुख्यमंत्री को अपने हिंदू होने का प्रमाण देना चाहिए। उन्होंने कहा-हम आपको 40 दिन का समय दे रहे। इन दिनों में आप गो-भक्त होने का प्रमाण दीजिए। अगर प्रमाण नहीं दे पाते, तो समझा जाएगा कि आप नकली हिंदू, कालनेमि, पाखंडी और ढोंगी हैं। सिर्फ दिखावे के लिए आपने गेरुआ वस्त्र धारण किया है। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि मुख्यमंत्री और जगद्गुरु रामभद्राचार्य घेराबंदी करके गोहत्या बंदी की मांग करने वालों पर तरह-तरह के हमले कर रहे। अगर आप सच में हिंदू हैं, तो गो-माता को राज्य माता घोषित करें। यूपी से गोमांस का निर्यात बंद करें, नहीं तो गैर हिंदू घोषित कर देंगे।



### जा मर जा... आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केरल हाईकोर्ट ने एक पारिवारिक विवाद का फैसला सुनाते हुए कहा कि अगर पति-पत्नी गुस्से में जा-मर जा जैसे शब्द कहते हैं तो यह आत्महत्या के लिए उकसावा नहीं माना जाएगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत अपराध सिद्ध करने के लिए यह प्रूफ करना जरूरी है कि आरोपी का इरादा जानबूझकर आत्महत्या के लिए उकसाने का था। मामला एक महिला और उसकी छोटी बेटी से संबंधित है, जिसने कथित तौर पर पति द्वारा डांटे जाने पर आत्महत्या कर ली थी।

# ऑटिज्म स्टेम सेल थेरेपी पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) के इलाज को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम और दूरगामी असर वाला फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि ऑटिज्म के इलाज के रूप में स्टेम सेल थेरेपी का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, जब तक वह किसी मंजूरशुदा और निगरानी में चल रहे क्लिनिकल ट्रायल का हिस्सा न हो। यह फैसला उन परिवारों के लिए बहुत महत्वपूण है जो इलाज की उम्मीद में बिना वैज्ञानिक सबूत वाली थैरेपी का सहारा लेते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऑटिज्म के लिए स्टेम सेल थेरेपी को रूटीन इलाज की तरह पेश करना अनैतिक है और इसे मेडिकल लापरवाही माना जाएगा।



### कहां इस्तेमाल हो सकता है स्टेम सेल

न्यायमूर्ति जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि स्टेम सेल का इस्तेमाल केवल मंजूरशुदा, नियंत्रित और निगरानी वाले क्लिनिकल ट्रायल में ही किया जा सकता है जिसका उद्देश्य इलाज नहीं बल्कि वैज्ञानिक शोध होना चाहिए। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि सिर्फ इसलिए कि स्टेम सेल को ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 में दवा की परिभाषा में रखा गया है, इसका मतलब यह नहीं कि इसे किसी भी बीमारी में इलाज के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि जो मरीज पहले से स्टेम सेल थेरेपी ले रहे हैं, उनके साथ अचानक अन्याय नहीं होना चाहिए।

## तमिलनाडु में कांग्रेस- डीएमके चुनावी गठबंधन लगभग तय

**नई दिल्ली, जेएनएन।** तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और कांग्रेस के बीच चुनावी गठबंधन करीब-करीब तय हो गया है। राहुल गांधी के साथ हुई बातचीत के बाद आए सकारात्मक नतीजों ने दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन की राह बनाई है। हालांकि, कांग्रेस अभी भी राज्य में पावर शेयरिंग यानी सत्ता में भागीदारी का विकल्प तलाश रही है, लेकिन रणनीतिक रूप से वह इस मुद्दे पर सार्वजनिक चर्चा नहीं करेगी। सीट शेयरिंग (सीटों के बंटवारे) की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अब मुकुल वासनिक को सौंपी गई है, जिसके कारण गिरीश चोडनकर की भूमिका सीमित हो जाएगी। इसके साथ ही, तमिलनाडु में कांग्रेस की चुनाव पर्यवेक्षक समिति का विस्तार करते हुए इसके सदस्यों की संख्या 5 से बढ़ाकर 8 कर दी गई है। गठबंधन को लेकर पिछले कुछ वक्त से चल रही अटकलों पर अब विराम लग गया है। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी ने व्यक्तिगत रूप से इस मामले में रुचि ली और डीएमके नेतृत्व से बातचीत की। इस उच्च स्तरीय संवाद के बाद दोनों दल एक बार फिर साथ चुनाव लड़ने पर सहमत हुए हैं।



# कड़ाके की ठंड में तिरपाल ओढ़ाकर सड़क पर कराई डिलीवरी, 3 घंटे लेटी रही प्रसूता

### विदिशा के पठारी का शर्मनाक मामला: कॉल के बाद भी नहीं पहुंची एंबुलेंस

### मानवीय संवेदनाओं को झकझोरने वाली घटना व्यवस्था पर उठे सवाल

**जागरण, पठारी।** प्रदेश के विदिशा जिले से मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाला शर्मनाक मामला सामने आया है। जिले के छपारा गांव की रहने वाली संध्या आदिवासी को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने रात करीब 12 बजे 108 एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस को लगातार फोन किये। इसके बाद भी कोई मदद नहीं पहुंची। परिजन गर्भवती महिला को लेकर पैदल ही अस्पताल ले जाने निकल पड़े लेकिन बीच रास्ते में प्रसव पीड़ा बढ़ गई। आनन-फानन में परिजनों ने कड़ाके की ठंड में महिला को सड़क किनारे जमीन पर लेटा दिया। गांव की चौकीदार ने तिरपाल ओढ़ाकर मोबाइल की रोशनी में सड़क पर ही प्रसव कराया। करीब 3 घंटे जच्चा-बच्चा कड़कड़ाती सर्दी में सड़क पर ही लेटे रहे। इसके बाद एक स्थानीय रहवासी अपनी कार लेकर पहुंचे और जच्चा-बच्चा को अस्पताल पहुंचाया। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है। घटना पठारी इलाके के छपारा गांव में गुरुवार रात की है, जिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस बुलाई थी, वह गांव से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर है।

### घटना ने उठाए आपातकालीन सेवाओं पर गंभीर सवाल

प्रसूता संध्या के पति संजय आदिवासी ने बताया कि समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण यह स्थिति बनी। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग और आपातकालीन सेवाओं की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आक्रोशित लोगों ने मांग की है कि दोषियों पर कार्रवाई हो और भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, ताकि किसी महिला को इस तरह सड़क पर प्रसव पीड़ा न झेलनी पड़े।

### जांच के बाद कार्रवाई: सीएमएचओ

शुक्रवार दोपहर सीएमएचओ रामहित कुमार, बीएमओ प्रमोद दीवान तहसीलदार अभिषेक पांडे ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिवार से जानकारी लेकर स्टाफ से मामले की चर्चा की। सीएमएचओ रामहित कुमार ने बताया कि पठारी के पास कुरवाई और त्योंदा में एंबुलेंस हैं, वे मौके पर पहुंच सकती थीं। कहां लापरवाही हुई है, इसकी जांच करके कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले भी जिले में एम्बुलेंस को लेकर लापरवाही सामने आई है। मामले में स्टाफ पर कार्रवाई करते हुए 10 हजार का जुर्माना लगाया था।

## बांग्लादेश ने 20 फाइटर के बदले चीन को ड्रोन फैक्ट्री बनाने जमीन दी

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश ने चटगांव में भारत को दी गई सेज (स्पेशल इकोनॉमिक जोन) का जमीन आवंटन रद्द कर दिया गया है। यूनुस सरकार ने यह जमीन चीन को ड्रोन फैक्ट्री बनाने के लिए दे दी है। लगभग 850 एकड़ में फैली इस जमीन में इस साल के अंत तक प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। चीन ड्रोन टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करने को भी राजी हो गया है। यहां मीडियम रेंज और वर्टिकल लिफ्ट वाले ड्रोन बनेंगे। चटगांव प्लांट भारतीय सीमा से 100 किमी दूर है। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत-पाकिस्तान के बाद ड्रोन बनाने वाला तीसरा देश बन जाएगा। दूसरी ओर चीन ने बीते साल बांग्लादेश को 20 जे-10सीई फाइटर जेट देने की डील भी की थी। ये सप्लाई भी इस साल के अंत से शुरू हो जाएगी। चीन ने बांग्लादेश को पेमेंट में भी बढ़ी मोहलत दी है। भारत और बांग्लादेश के बीच 2015 में एक समझौता हुआ था। पीएम मोदी की ढाका यात्रा के दौरान शेख हसीना के साथ संयुक्त घोषणा में भारत के निवेशकों के लिए एक इंडियन इकोनॉमिक जोन स्थापित करने का फैसला लिया गया। इसके लिए चटगांव के मीरसाराई में लगभग 850 एकड़ भूमि आवंटित की गई थी। एक और दूसरा छोटा इकोनॉमिक जोन मोंगला (बागेरहाट) में भी प्रस्तावित था। इसका मकसद द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाना, भारतीय निवेश आकर्षित करना, रोजगार सृजन करना और बांग्लादेश में भारतीय कंपनियों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान करना था।

## बेकाबू ट्रक की टक्कर से कार चकनाचूर, 4 की मौत

**जागरण, ग्वालियर।** प्रदेश के ग्वालियर में घना कोहरा लोगों के लिए काल बनकर आया। शुक्रवार सुबह घने कोहरे के चलते ग्वालियर- इटावा हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में बैठे सभी चार लोगों की मौके पर मौत हो गई और कार भी चकनाचूर हो गई। मृतकों में दो महिलाएं हैं। सभी भिंड के रहने वाले हैं। हादसा सुबह करीब 8 बजे घने कोहरा के बीच हुआ। इस दौरान दृश्यता 200 से 500 मीटर के बीच थी। कार सवार भिंड से ग्वालियर जा रहे थे। ट्रक के कार से टकराते ही तेज आवाज सुनकर लोग घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस जब तक मौके पर पहुंची तब तक कार सवार सभी लोगों की मौत हो चुकी थी। कार को कटर से काटकर मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान सौरभ शर्मा निवासी मेहगांव (भिंड), ज्योति यादव (भिंड), भूरे प्रजापति (गोरमी) भिंड और उमा राठौर पत्नी पति राम राठौर, निवासी मोरोली भिंड के रूप में हुई है।

## आलिया ने किया नई फिल्म का एलान



**नई दिल्ली, जेएनएन।** जिगरा के बाद आलिया बतौर प्रोड्यूसर अपनी अगली फिल्म लाने के लिए तैयार है। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी अपकमिंग फिल्म का एलान कर दिया है। यह फिल्म थिएटर नहीं बल्कि ओटीटी पर रिलीज होगी। आलिया भट्ट प्राइम वीडियो की ओरिजिनल फिल्म डोंट बी शाय एक 20 साल की लड़की की कहानी है। भट्ट के प्रोडक्शन हाउस, इटरनल सनशाइन और उनकी बहन शाहीन के साथ मिलकर बनी यह फिल्म एक ऐसी युवा महिला की कहानी है, जिसे लगता है कि उसने अपनी जिंदगी की पूरी प्लानिंग कर ली है, लेकिन कहानी में तब बड़ा मोड़ आता है जब सब कुछ उसके कंट्रोल से बाहर हो जाता है। आलिया भट्ट ने एक प्रेस स्टेटमेंट में इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी एक्साइटमेंट जाहिर की और कहा, एटर्नल सनशाइन में, हम हमेशा ऐसी कहानियों को सपोर्ट करना चाहते हैं जो सच्ची लगें और ऐसी आवाजों को जो अपनी हों। यह फिल्म अपनी ईमानदारी और कमिंग-ऑफ-एज नजरिए की वजह से हमें तुरंत पसंद आ गई और श्रीति के पैशन और एनर्जी ने स्वाभाविक रूप से कहानी की भावना को और मजबूत किया। हमें ऐसे पार्टनर मिले जो लगातार बोल्ड क्रिएटिव फैसले लेते हैं और असल में अलग तरह की कहानी कहने का सपोर्ट करते हैं, जो विचारों का एक स्वाभाविक मेल लगा, और इस कहानी के लिए अपने दर्शकों तक पहुंचने के लिए यह सही जगह थी।

# पहचान के अभाव में अटकी नक्सलियों की मदद

## पुलिस अब पंचायतों में जाकर बनवा रही दस्तावेज, परिवार के पास लौटने की तैयारी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में सरेंडर करने वाले नक्सलियों के साथ सरकारी महकमा भी इन दिनों परेशान है। इसकी सबसे बड़ी वजह इन नक्सलियों के पास कोई नागरिकता या पहचान से जुड़ा दस्तावेज न होना है। इसके कारण इन आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को सरकारी नीति के तहत आर्थिक मदद अब तक नहीं मिल पाई है। आलम ये है कि बालाघाट में पुलिस के सामने हथियार डालने वाले 14 नक्सली अब इस समस्या के निदान के लिए पुलिस से ही गुहार लगा रहे हैं।

इस मामले में सबसे बड़ा संकट यही है कि इनमें से किसी के पास आधार और वोटर आईडी तो दूर की बात बर्थ सर्टिफिकेट या स्कूली शिक्षा से जुड़ा एक भी सर्टिफिकेट तक नहीं है। एमपी के सरकारी नियमों के अनुसार किसी भी तरह की आर्थिक सहायता की राशि बैंक खाते में ही जमा होती है। ऐसे में नक्सलियों को सरेंडर पर मिलने वाली आर्थिक मदद बैंक एकाउंट न होने की वजह से अटक गई है। इनमें से किसी भी नक्सली के पास उनकी पहचान साबित करने वाला दस्तावेज न होने के कारण इनका अब तक बैंक खाता नहीं खुल पाया है।



फाइल फोटो

### फिलहाल पुलिस की सुरक्षा में बालाघाट में रह रहे नक्सली

ये सभी नक्सली फिलहाल पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था में बालाघाट में ही रह रहे हैं। इन्हें कड़ी सिक्योरिटी के बीच रह रहे हैं। इन्हें सामूहिक तौर पर रहने और ठहरने के लिए बड़े हॉल और कमरे दिए गए हैं। पुलिस ही इनके भोजन और कपड़ों का इंतजाम करती है। ये सरेंडर कर चुके नक्सली पुलिस को पूछताछ के दौरान हथियार छिपाने और ठहरने के अपने ठिकानों की जानकारी भी दे रहे हैं, जहां जाकर पुलिस सर्चिंग अभियान के दौरान कई ट्रक सामान बरामद कर चुकी है। ये नक्सली समर्पण के बाद आर्थिक मदद मिलते ही अपने परिवार के पास अपने मूल गांव लौटना चाहते हैं।

### पड़ोसी राज्य से मांगी मदद, वहां जाकर बनवा रहे सर्टिफिकेट

समर्पण करने वाले 14 में से एक नक्सली दीपक जहां एमपी का निवासी है, शेष 13 पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के मूल निवासी हैं। पुलिस ने इन नक्सलियों से उनके गांव का पता लेकर वहां की पंचायतों से संपर्क कर वहां के सरपंच और सचिव से इनका जन्म प्रमाण पत्र बनवा रही है। वहां से बर्थ सर्टिफिकेट मिलने के बाद ही इनके वोटर, आधार कार्ड बनेंगे और बैंक खाता भी खोला जाएगा। सीएम डॉ मोहन यादव के सामने हथियार छोड़ शांति की राह अपनाने वाले इन नक्सलियों पर एमपी, सीजी और महाराष्ट्र पुलिस की तरफ से 14-14 लाख का इनाम घोषित था।

### सरकारी नीति के तहत हर एक को मिलेगी लाखों की मदद

एक आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली को कुल 33 लाख रुपये तक का लाभ मिल सकता है। इसमें घर खरीदने से लेकर शादी करने, कौशल विकास, उनके नाम पर ईनामी राशि और हथियार सरेंडर करने की राशि भी शामिल है। मध्य प्रदेश नक्सली पुनर्वास नीति 2023 के तहत किसी भी सरेंडर करने वाले नक्सली को हथियार सरेंडर करने पर 4.5 लाख, आवास निर्माण के लिए 1.5 लाख, विवाह सहायता के लिए 50 हजार, संपत्ति खरीद के लिए 20 लाख, कौशल विकास के लिए 1.5 लाख और समर्पण करने पर नकद प्रोत्साहन के रूप में 5 लाख या उन पर घोषित इनामी राशि दी जाती है। यह कुल मिलाकर लगभग 33 लाख होती है।

> सभी नक्सली कड़ी सुरक्षा में पुलिस के साये में रह रहे हैं। पुलिस इनकी देखभाल के साथ इनके प्रमाण पत्र बनवाकर बैंक खाते खुलवाएगी। सभी हथियार जालने वाले नक्सली पुलिस के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं।
>
> **- पंकज श्रीवास्तव**, स्पेशल डीजी, एंटी नक्सल ऑपरेशन

## दावा-बिल गेट्स को हुई थी यौन बीमारी



**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने एपस्टीन सेक्स स्कैंडल से जुड़ी नई फाइल्स रिलीज की हैं। इनमें जेफ्री एपस्टीन के कुछ ईमेल सामने आए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इनमें एपस्टीन ने दावा किया है कि माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स रूसी लड़कियों के साथ संबंधों के बाद यौन बीमारी (सेक्शुअली ट्रांसमिटेड डिजीज, एसटीडी) हुई थी। ईमेल में यह भी लिखा है कि गेट्स ने एपस्टीन से एंटीबायोटिक दवाएं मांगी थी, ताकि वह ये दवाएं चुपचाप अपनी पूर्व पत्नी (तब की पत्नी) मेलिंडा गेट्स को दे सकें। हालांकि आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। नई फाइलों में 30 लाख पेज, 1 लाख 80 हजार तस्वीरें और 2 हजार से ज्यादा वीडियो भी शामिल हैं। जस्टिस डिपार्टमेंट के मुताबिक, एपस्टीन ने 18 जुलाई 2013 को सुबह 11.49 बजे खुद को एक लंबा ईमेल लिखा था। इसमें उसने गेट्स पर नाराजगी जताई और कहा कि गेट्स ने छह साल पुरानी दोस्ती खत्म कर दी। ईमेल में लिखा गया, आपने मुझसे आपके एसटीडी से जुड़े ईमेल डिलीट करने को कहा, मेलिंडा को चुपचाप एंटीबायोटिक देने के लिए दवाएं मांगीं।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पन्ना में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**जागरण, पन्ना ।** छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संस्था प्रमुख डॉ एस डी चतुर्वेदी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। तत्पश्चात सामूहिक राष्ट्रगान एवं मध्य प्रदेश गान की गूंज से तथा गगनभेदी नारों से वातावरण में देश-प्रेम, त्याग और बलिदान के भाव का संचार हुआ। प्राचार्य जी ने अपने उद्बोधन में आजादी के नायकों का सम्मान करते हुए कहा कि हमें मौलिक अधिकारों के साथ कर्तव्य को नहीं भूलना चाहिए तथा हमें सकारात्मक सोच के साथ उन्नति के मार्ग में जो बाधा बने उनसे दूर रहें। गणतंत्र दिवस के इस पावन पर्व पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ पी पी मिश्रा एवं सह प्राध्यापक डॉ मनोरमा गुप्ता व डॉ आर एम दत्ता, सहायक प्राध्यापक डॉ डीपी कुशवाहा, डॉ मनोज कुमार, डॉ नंदकुमार पटेल, डॉ बी एन जायसवाल, लेफ्टिनेंट सिद्धू सिंह, डॉ सतीश कुमार त्रिपाठी , डॉ राजेश कुमार पटेल , डॉ पीयूष शर्मा, डॉ अरविंद निषाद , डॉ अरविंद मंडेलिया, डॉ निशांत खरे, श्री स्वप्निल मेश्राम एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी के साथ ही बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे :

**एनसीसी सीनियर डिवीजन (पुरुष) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया :** गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम अंतर्गत निश्शस्त्र प्लाटून की परेड में एनसीसी सीनियर डिवीजन द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसका नेतृत्व सार्जेंट अखिलेश आदिवासी ने किया। कैडेट्स ने अपनी लगन और मेहनत से महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।



**राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर ने तृतीय स्थान अर्जित किया :** एनएसएस की परेड में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रशिक्षित जवानों जैसे परेड किया और निश्शस्त्र प्लाटून में तृतीय स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

## लेफ्टिनेंट सिद्धू सिंह गणतंत्र दिवस पर हुए सम्मानित

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के सिद्धू सिंह सहायक प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग एवं एनसीसी अधिकारी को 26 जनवरी 2026 जिला मुख्यालय पन्ना के मुख्य समारोह स्थल पुलिस परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि माननीय उच्च शिक्षा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार ,सांसद खजुराहो वीडी शर्मा एवं क्षेत्रीय विधायक पूर्व खनिज मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह व कलेक्टर पन्ना श्रीमती ऊषा परमार के संयुक्त कर कमलों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आपको यह सम्मान शासकीय कार्यों को निष्ठा एवं समर्पण से संपादित करने के लिए प्राप्त हुआ है। लेफ्टिनेंट सिद्धू सिंह एनसीसी अधिकारी के रूप में अतिरिक्त कार्यों एवं जागरूकता अभियानों में विद्यार्थियों एवं समाज को जागरूक करने में महत्वपूर्ण योगदान देते रहे हैं। महाविद्यालय परिवार के मुखिया डॉ एसडी चतुर्वेदी, प्रशासनिक अधिकारी डॉ पी पी मिश्रा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जेके वर्मा, डॉ मनोरमा गुप्ता, डॉ आर एम दत्ता, डॉ नंदकुमार पटेल, डॉ डीपी कुशवाहा , डॉ बी एन जायसवाल , डॉ मनोज कुमार , डॉ आनंद चौरसिया, डॉ राजेश कुमार पटेल, डॉ सतीश कुमार त्रिपाठी, डॉ शुभम पाठक, आभास तिवारी, प्रशांत चौबे, सुश्री वैशाली रजक, डॉ पीयूषा शर्मा, डॉ अरविंद मंडेलिया, डॉ निशांत खरे, डॉ पुष्पराज चौरसिया, अरविंद निषाद , स्वप्निल मेश्राम, विपिन सिंह ग्रंथपाल एवं समस्त महाविद्यालय परिवार आपको बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता है।

# वैष्णव माता विधि महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**जागरण, पन्ना ।** वैष्णव माता शिक्षा समिति द्वारा संचालित वैष्णव माता विधि महाविद्यालय, इंस्टीट्यूट, बी.एड., आईटीआई, नर्सिंग, फार्मेसी में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान समिति की ओर से अंकुर त्रिवेदी उपस्थित रहे। संस्था में ध्वजारोहण महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अविनाश पाण्डेय द्वारा किया गया। ध्वजारोहण पश्चात सभी के द्वारा सभी के द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस दौरान प्राचार्य अविनाश पाण्डेय द्वारा सभी को संबोधित करते हुए कहा गया कि 26 जनवरी 1950 के दिन जब संविधान लागू हुआ था तो हर देशवासी को नई पहचान और लोकतांत्रिक मूल्य मिले थे। यानी 26 जनवरी से हमारा देश गणतांत्रिक बन गया। कहा जाता है कि राजतंत्र जब खत्म होता है तब गणतंत्र शुरू होता है। कार्यक्रम उपरांत सभी को मिष्ठान वितरण पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापकगण राजकुमार सेन, अतुल पाण्डेय, अमित पाण्डेय, बृजकिशोर त्रिपाठी, भरत सिंह सिंगरौल, नरेन्द्र अहिरवार, महेन्द्र सिंह, पंकज पाण्डेय, भूपेन्द्र चौबे, मनोज जड़िया, शिवम पाठक, गरिमा जैन, श्रद्धा सिंह, अदिति नितिका डनायक, साधना साहू, सरिता अग्रवाल, महेश, सविता, रेखा, उपस्थित रहीं।

# दुष्कृत्य का आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल



**पन्ना ।** पीड़िता के द्वारा थाना पवई में आकर ऐसी रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी के द्वारा उसके साथ जबरदस्ती कई बार दुष्कृत्य किया गया है जिसकी सूचना पर थाना पवई में अपराध क्रमांक 33/26 धारा 64(2)द, 351(3) [illegible] पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण महिला संबंधी एवं गंभीर प्रकृति का होने से पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह एवं एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के द्वारा थाना प्रभारी पवई सुशील कुमार अहिरवार को तत्परता से कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था जिसके पालन में थाना प्रभारी पवई के नेतृत्व में एक टीम गठित कर आरोपी को दिनांक 30/01/26 को गिरफ्तार किया गया है जिसका मेडिकल परीक्षण होने के उपरांत माननीय न्यायालय के आदेश से आरोपी को उप जेल पवई भेज दिया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार , महिला उप निरीक्षक सरिता तिवारी , सहायक उप निरीक्षक आनंद मोहन , प्रधान आरक्षक अनिल गर्ग , आरक्षक मनोज अहिरवार, महिला आरक्षक विनीती सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ अभिभावक परिवार सम्मेलन किया गया आयोजित



**जागरण, पन्ना ।** सरस्वती शिशु मंदिर के पुरुषोत्तमपुर में स्थित छत्रसाल आवासीय परिसर में भव्य पारिवारिक सम्मेलन आयोजित किया गया उक्त कार्यक्रम में अध्यक्षता नोनी बाई गोंड द्वारा की गईकार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकुमार मिश्रा उपस्थित रहे । विशिष्ट अतिथि सोनू सिंह रमेश प्रसाद शर्मा सुरेश शिवहरे विजय चांसोरिया एवं उनकी पत्नी हेमलता चांसोरिया संस्था के अध्यक्ष श्री आर पी प्रजापति मंचासीन रहे ।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुई तत्पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा व्यवस्थापक इंजी. योगेंद्र भदोरिया विद्यालय परिवार विद्यालय समिति एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से गायन किया गया एवं इसके पश्चात छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए सरस्वती विद्यालय के छात्रों द्वारा सामूहिक गीत एवं योग शारीरिक का भी प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम के सभी अतिथियों का स्वागत शाल पहनाकर किया गया कार्यक्रम में परिवार प्रबोधन समाज नागरिक कर्तव्य पर्यावरण एवं स्वावलंबन पर अतिथियों के द्वारा विस्तृत चर्चा की गई इसके पश्चात विद्यालय में आयोजित की गई विद्यालय समिति सुपर परीक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी भैया बहनों को समिति के सदस्यों आगंतुक अतिथियों एवं विद्यालय परिवार के आचार्य दीदी द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम में समिति के वरिष्ठ सदस्य छोटेलाल साहू राजेश गौतम धर्मेंद्र नामदेव सुशील तिवारी सचिन जैन विजय तिवारी विनोद तिवारी पंकज गुप्ता शैलेंद्र चंदेल श्रीमती जया गुप्ता नंदकिशोर गुप्ता प्राचार्य शारदा प्रसाद मिश्रा एवं सैकड़ो की संख्या में आम नागरिक एवं बच्चों के अभिवावक उपस्थित रहे कार्यक्रम में मंच संचालन नेहा रावत और व्यवस्थापक इंजी योगेंद्र भदौरिया द्वारा किया गया।

# कृषक कल्याण वर्ष का करें प्रभावी क्रियान्वयन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने वीसी से दिए निर्देश

**जागरण, पन्ना ।** सरकार ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया है। कृषि वर्ष के आयोजन और प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समस्त जिलों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी वीसी कक्ष में कलेक्टर ऊषा परमार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं उप संचालक कृषि ओ.पी. तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष के दौरान किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। किसान रथ चलाए जाएं। इनका शुभारंभ स्थानीय सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से ही कराएं। उन्होंने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में किसानों से विभिन्न स्थानों पर निरंतर संवाद करें। प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित करें। जलवायु, ऊर्जा एवं सतत् कृषि को बढ़ावा देने के लिए ई-विकास पोर्टल एवं किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग के लिए जागरूक किया जाए। दलहनी और तिलहनी फसलों का उत्पादन क्षेत्र बढ़ाने के लिए भी व्यापक प्रचार-प्रसार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में कृषि आधारित उद्योगों के विकास के लिए हर जरूरी प्रयास किए जाएं। कृषक कल्याण वर्ष मनाने में किसान कल्याण एवं कृषि विकास के नेतृत्व में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य पालन, जल संसाधन, सहकारिता, ऊर्जा, राजस्व, वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कुटीर एवं ग्रामोद्योग सहित 15 से अधिक विभाग सक्रिय भूमिका निभाएंगे। वीसी में पराली व नरवाई जलाने की घटनाओं



पर सख्ती से अंकुश लगाने, जिले का नरवाई प्रबंधन प्लान बनाने, खेतों से निकलने वाली पराली एवं भूसे के समुचित उपयोग तथा फसलों के अवशेष से गोबर से कंपोजिट बायोगैस संयंत्रों की स्थापना सहित गौवंश के लाभ के लिए किसानों द्वारा खेत से निकली पराली और भूसा निकटतम छोटी-बड़ी गौशालाओं में ही पहुंचाने के लिए भी निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए समन्वित प्रयास, पशुपालकों को नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य पर ध्यान देने से होने वाले आर्थिक लाभों के बारे में जागरूक करने, मत्स्य बीज उत्पादन के लिए जिला स्तर पर अधिकाधिक मत्स्य प्रक्षेत्र विकसित करने, हर नगरीय निकाय क्षेत्र में फिश पार्लर स्थापित कर मछली विक्रेता द्वारा तय फिश पार्लर अथवा मार्केट में ही मछली का विक्रय सुनिश्चित कराने के लिए भी निर्देशित किया।

# सलीम खान स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष बने



**पन्ना ।** मध्य प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष एस. बी. सिंह द्वारा सलीम खान स्वास्थ्य विभाग ज़िला चिकित्सालय पन्ना में जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।को पदस्थ। पर विश्वास करते हुए शासन द्वारा मान्यता प्राप्त मध्य प्रदेश स्वास्थ्य कर्म चारी संघ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर जिले के जनप्रतिनिधियों अधिकारी कर्मचारी पत्रकारों साहित्यकारों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है साथ ही विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी ने बधाई दी है जिनमें मुख्य रूपसे पेनसर एसोसीशन के जिला अध्यक्ष विनोद मिश्रा पूर्व राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष शिव कुमार मिश्रा पेंशनर के जिला अध्यक्ष एम एल थापक पेंशनर के जिला अध्यक्ष पुलिस विभाग सुरेश द्विवेदी बीएमएस के पूर्व संरक्षक विनोद तिवारी प्रदेश अध्यक्ष अपाक्स के पी सिंह यादव प्रांतीय पटवारी संघ कार्यवाहक अध्यक्ष विमल यादव राज्य पत्रतित अधिकारी कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह परमार राज्य कर्मचारी संघ के संयोजक राजेश कुमार मिश्रा तृतीय कर्मचारी संघ वी पी परोहा आलोक खरे बीएमएस जिला अध्यक्ष महेंद्र तिवारी लिपिक वर्गीय जिला अध्यक्ष आर डी चौरसिया कमलेश त्रिपाठी वन कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष माहीप रावत पशुचिकित्सालय के जिला अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश कुमार पटेल लघुवेतन संघ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डेय सुनील खरे राम किशोर गर्ग राजेश कुमार रजक राज किशोर शर्मा डॉक्टर राकेश सोनी सभी मित्र आदि।

# छत्रसाल महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित




**जागरण, पन्ना ।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की स्वायत्तशासी संस्था मेरा युवा भारत पन्ना के तत्वाधान में छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में विभिन्न योजनाओं पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. एस.डी. चतुर्वेदी ने व्यक्तित्व विकास के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान कर कहा कि हम अपना ऐसा व्यक्तित्व बनाएं, जो दूसरों के लिए उदाहरण बने। निःस्वार्थ भाव से ईमानदारी एवं लगन के साथ परिश्रम करने से सफलता निश्चित है।

लीड बैंक प्रतिनिधि ओमप्रकाश जोशी ने कार्यशाला में पीएम मुद्रा योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से गैर कृषि, लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों को 10 लाख रूपए तक का बगैर गारंटी अनुदान मिलता है। यह योजना विनिर्माण, व्यापार, सेवा और संबद्ध गतिविधियों के लिए बैंकों के माध्यम से शिशु, किशोर और तरूण श्रेणी में वित्त पोषण करती है। डॉ. अरविन्द तिवारी ने जल संरक्षण के विषय पर जानकारी दी। साथ ही वर्षा जल के संरक्षण और पर्यावरण के बेहतरी के लिए पौधरोपण की आवश्यकता बताई। डॉ. पुनीत दुबे ने स्वच्छ भारत मिशन और साफ सफाई की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में स्वरोजगार, कृषि और उद्यानिकी विषयों तथा अन्य विभागीय योजनाओं पर भी महत्वपूर्ण एवं सारगर्भित जानकारी प्रदान की गई। जिला युवा अधिकारी कीर्तिका कुहर ने माय भारत से संबंधित योजनाओं के बारे में बताया और ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं से इन कार्यक्रमों से जुड़कर सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद हारून द्वारा किया गया।

# राजबहादुर पटेल बने जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के जिला संगठन महासचिव



**पन्ना।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार राजबहादुर पटेल को जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना का जिला संगठन महासचिव नियुक्त किया गया है। राजबहादुर पटेल इससे पूर्व पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं प्रभारी जिला निर्वाचन कार्यालय, जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वे ग्राम धरमपुरा जिला पन्ना के निवासी हैं और एक किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता रामपाल पटेल ने किसान होने के बावजूद उन्हें उच्च शिक्षा दिलाई। राजबहादुर पटेल ने पुणे यूनिवर्सिटी से एमसीए की शिक्षा प्राप्त की है। उच्च शिक्षित होने के बावजूद उन्होंने अपना संपूर्ण समय समाज सेवा और संगठन कार्य को समर्पित किया है। संगठन में उनकी सक्रियता, अनुभव और समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति पर राजबहादुर पटेल ने राष्ट्रीय महासचिव मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रभारी संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले, जिला संगठन प्रभारी राजभान सिंह एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि वे कांग्रेस पार्टी के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

# 108 ग्रामों के जनजातीय परिवारों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए लगाई ड्यूटी

**जागरण, पन्ना ।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के सुचारू क्रियान्वयन के उद्देश्य से लक्षित जनजातीय परिवारों को गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाया जाएगा। कलेक्टर ऊषा परमार ने इसके लिए जिले में गैस एजेंसीवार खाद्य विभाग एवं जनजातीय विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की है। योजना अंतर्गत निर्धन परिवारों को निःशुल्क नवीन गैस कनेक्शन के साथ ऑयल कंपनी द्वारा प्रथम रिफिल और गैस चूल्हा भी निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। गरीब परिवार की कोई भी वयस्क महिला पूर्व से किसी प्रकार का गैस कनेक्शन स्थापित नहीं होने पर इसके लिए पात्र होंगी। हितग्राही का आधार आधारित प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। प्रगति की समीक्षा प्रत्येक सप्ताह टीएल मीटिंग में भी की जाएगी, जबकि अपर कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला उज्ज्वला योजना समिति पन्ना द्वारा नियमित रूप से इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। ड्यूटीरत अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा गैस एजेंसी से समन्वय स्थापित कर धरती आबा अभियान में शामिल पन्ना जिले के 108 ग्रामों में गैस कनेक्शन से वंचित आदिवासी परिवारों को प्राथमिकता से योजना अंतर्गत नवीन गैस कनेक्शन प्रदान करना सुनिश्चित किया जाएगा। किसी प्रकार की समस्या पर अजयगढ़ एवं गुनौर के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी कल्लू पटेल तथा पन्ना, पवई एवं शाहनगर के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रदीप त्रिपाठी से संपर्क किया जा सकता है।

**इन कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी :** जिला कलेक्टर ने 21 गैस एजेंसीवार आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की है, जिसके तहत अजयगढ़ के खरौनी इंडेन ग्रामीण वितरक के लिए शिवरतन पटेल एवं रामरतन अहिरवार, आरामगंज एलपीजी गैस सर्विस के लिए अनिल गुप्ता एवं एकांत प्रजापति, अमानगंज के मां ज्वाला देवी इंडेन के लिए सुषमा तिवारी, गुनौर के जामराय इंडेन ग्रामीण वितरक के लिए शिवदर्शन अहिरवार, आदित्य भारत गैस ग्रामीण वितरक के लिए आराधना राजपूत एवं नितिन एचपी गैस एजेंसी के लिए रेखा यादव, देवेन्द्रनगर के कार्तिकेय इंडेन के लिए सनिद पाण्डेय, पवई के राधिका इंडेन के लिए सुजाता पुष्पकार, रैपुरा के बारी इंडेन ग्रामीण वितरक के लिए नीलम प्रजापति, पिपरियाकलां इंडेन ग्रामीण वितरक के लिए ममता प्रजापति एवं दिव्य भारत गैस ग्रामीण वितरक के लिए विजय सिंह, शाहनगर के शाहनगर इंडेन के लिए शिवप्रसाद अहिरवार, वंदना भारत गैस ग्रामीण वितरक के लिए मुकेश पाण्डेय एवं शुभी एचपी गैस ग्रामीण वितरक के लिए दीपिका उईके तथा सिमरिया के मोहन्द्रा इंडेन ग्रामीण वितरक के लिए सुशीला प्रजापति की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

# नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाताओं की मासिक कार्यशाला संपन्न




**जागरण, पन्ना ।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिले की समस्त नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाताओं के साथ शुक्रवार को जिला पंचायत पन्ना के सभाकक्ष में मासिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक अनीता जाटव के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में सभी विकासखंड समन्वयक, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं सीएमसीएलडीपी के परामर्शदाता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाताओं द्वारा बोरी बंधान अभियान तथा महापुरुषों की जयंती के अवसर पर ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत किए गए कार्यों की जानकारी साझा की गई। साथ ही आगामी दिवसों में संचालित की जाने वाली योजनाओं पर चर्चा कर उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्थाओं को अपने-अपने सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों के साथ समन्वय बनाकर नियमित बैठकें करने के निर्देश दिए गए, जिससे राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक आसानी से पहुंचाया जा सके। कार्यशाला में उपस्थित सभी सहभागियों ने सामाजिक जागरूकता और ग्रामीण विकास को गति देने के लिए समन्वित प्रयासों को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

# शरीर में उभर रहे दर्द के फफोले मौसम में बदलाव बन रहा कारण

**जागरण,रीवा।** बदलते मौसम में त्वचा रोग से पीड़ित मरीज जिला चिकित्सालय पहुंच रहें हैं। शरीर में उभरे दर्द भरे फफोले का इलाज कराने मरीज जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। चिकनपॉक्स जैसे ही लक्षण ऐसे बीमार व्यक्ति या फिर बच्चों में देखे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि सर्दियों के साथ ही शुरुआती बसंत में ही इस संक्रमण का ज्यादा फैलना विशेषज्ञों के द्वारा बताया जा रहा है। उनके बताए अनुसार इस बीमारी से घबराने की जरुरत नहीं है। बस अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखकर खुद को सुरक्षित रखा जा सकता है।

**फरवरी-मार्च माह में सामने आते हैं मामले :** शिशु रोग विशेषज्ञों की माने तो वेरिसेला जॉस्टर वायरस के कारण शरीर में दर्द भरे फफोले उभर आते हैं। जिसके साथ हल्का बुखार, कमजोरी और खुजली वाले पानी भरे छाले शरीर में फैल जाते हैं। यह वायरस शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण होती है। ऐसे मामले ज्यादातर फरवरी-मार्च माह में सामने आते हैं। वायरस की वजह से शरीर में उभरे दर्द के फफोले उपचार के बाद तीन से पांच दिन में ठीक हो जाते हैं। समय रहते डॉक्टर से दवा लेकर सेवन करने से यह ठीक हो जाती है पर लापवाही बरतने पर यह गंभीर रूप लेती हैं।

# जांच एवं बेहतर उपचार से एएनसी महिला अंगूरी आदिवासी को मिला नया जीवन

**जागरण, पन्ना ।** जिले के ग्राम लालपुरा निवासी हाईरिस्क प्रेगनेंसी महिला अंगूरी आदिवासी को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा समय पर जांच और बेहतर उपचार के माध्यम से नया जीवन प्रदान किया गया है। ग्राम में आयोजित सत्र के दौरान सीएचओ द्वारा महिला की एएनसी जांच की गई थी। एएनएम द्वारा अनमोल पोर्टल पर गर्भवती महिला का पंजीयन करवाया गया। आवश्यक परामर्श के उपरांत अंगूरी आदिवासी की दूसरी जांच हुई और इसके बाद महिला और पूरा परिवार काम करने दिल्ली चला गया। गांव में 18 नवम्बर को आयोजित सत्र में महिला नहीं मिली। समन्वित प्रयास के माध्यम से 4 दिसम्बर को महिला परिवार सहित दिल्ली से वापस अपने गांव आई। एएनसी महिला की जानकारी मिलते ही आशा कार्यकर्ता इंद्रकुंवर राजे द्वारा तत्काल घर पहुंचकर फॉलोअप लिया गया। इस दौरान महिला की स्थिति ठीक नहीं पाई गई और स्वास्थ्य संस्था में जाकर जांच करवाने की समझाईश दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पवई में 6 दिसम्बर को आवश्यक जांच के बाद सीवियर एनीमिया हाईरिस्क के लक्षण पर महिला को उचित खानपान और जिला चिकित्सालय पन्ना में ब्लड ट्रांसफ्यूजन के लिए भर्ती होने की सलाह दी गई। एएनसी महिला और परिवारजन जिला अस्पताल जाने के इच्छुक नहीं थे। बीएमओ डॉ. प्रशांत भदौरिया एवं बीसीएम राजेन्द्र रैकवार की समझाईश और प्रयास से ब्लड ट्रांसफ्यूजन के लिए राजी किया गया। जिला



अस्पताल पन्ना में एएनसी को 7 एवं 8 दिसम्बर को 2 यूनिट ब्लड लगाया गया, लेकिन तीसरी यूनिट ब्लड लगाने के पूर्व ही महिला और परिवार 10 दिसम्बर को घर आ गए। इसकी सूचना पर मेडिकल ऑफिसर हरदुआ खम्हरिया को टीम सहित तत्काल उपस्थित होकर महिला को उचित परामर्श देने तथा जिला चिकित्सालय में भर्ती कराने के लिए कहा गया। स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम की तन्मयता से एवं तत्कालीन चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदर्श गर्ग, सेक्टर सुपरवाईजर राधेश्याम राय, सीएचओ रश्मि साहू, एएनएम सुशीला सिंह, आशा सुपरवाइजर संध्या यादव और आशा द्वारा अंगूरी के घर का भ्रमण कर स्थिति ठीक नहीं पाए जाने पर फिर से स्वास्थ्य संस्था में भर्ती होने के लिए कहा गया। इसके बावजूद भी महिला और उसका परिवार किसी भी स्वास्थ्य संस्था में जाने के लिए तैयार नहीं थे एवं झाड़ फूंक से इलाज कराना चाहते थे। टीम द्वारा 16 दिसम्बर को घर भ्रमण के दौरान जांच में महिला का बीपी और हीमोग्लोबिन कम पाया गया। पोस्ट ब्लड ट्रांसफ्यूजन स्थिति 7.2 पाए जाने पर हाईरिस्क महिला को स्वास्थ्य संस्था में भर्ती कराने का प्रयास किया गया, लेकिन अंगूरी आदिवासी केन्द्र पर जाने को तैयार नहीं थी। कई स्तर पर प्रयास के बाद 26 दिसम्बर को आयुष्मान आरोग्य मंदिर मड़वा में बीएमओ के मार्गदर्शन से महिला का आवश्यक उपचार किया गया और 12 जनवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरदुआ खम्हरिया में एएनसी महिला का सुरक्षित प्रसव संभव हुआ। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। जन्म के समय बच्चे का वजन एक किलो 900 ग्राम पाया गया। प्रसव उपरांत बीसीएम एवं आशा कार्यकर्ता को नियमित रूप से विजिट करने के निर्देश के साथ मां एवं बच्चे की जानकारी व मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। कम वजन का बच्चा होने के कारण महिला को कंगारू मदर केयर की जानकारी भी दी गई। इस प्रक्रिया से बच्चे का तापमान नियंत्रण में रहने के साथ संक्रमण से सुरक्षा और वजन बढ़ोत्तरी में भी सहायता मिलती है। गत 16 जनवरी को सीएचओ एवं एएनएम द्वारा शिशु की देखभाल और स्तनपान सहित साफ-सफाई के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। भ्रमण एवं पुनः भ्रमण के दौरान भी जच्चा-बच्चा को स्वस्थ्य पाया गया।

## ग्रामीण प्रतिभाओं का उत्सव

# एनटीपीसी सिंगरौली की खेलकूद प्रतियोगिता अंतिम चरण में रोमांच चरम पर

**जागरण, शक्तिनगर**

एनटीपीसी सिंगरौली के नैगम सामाजिक दायित्व सीएसआर विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता अब अपने अंतिम चरण की ओर अग्रसर है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी खिलाड़ियों में अपार उत्साहए अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव देखने को मिला। दूसरे दिन 400 मीटर 200 मीटर एवं 100 मीटर दौड़ क्रिकेट रिले रेस लंबी कूद फुटबॉल वॉलीबॉल कबड्डी एवं रस्सा कस्सी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अब तक संपन्न सभी प्रतिस्पर्धाओं में ग्रामीण खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना एवं शानदार प्रदर्शन का परिचय देते हुए दर्शकों का भरपूर उत्साहवर्धन किया। एथलेटिक्स एवं टीम स्पर्धाओं में विभिन्न गांवों के खिलाड़ियों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया तथा कई मुकाबले अत्यंत रोमांचक एवं निर्णायक क्षणों से भरपूर रहे। विशेष रूप से कबड्डी एवं रस्सा कस्सी जैसी टीम स्पर्धाओं में महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों का जोश समर्पण एवं



सामूहिक भावना सराहनीय रही। चयनित खिलाड़ी अब फाइनल मुकाबलों के लिए अपनी दावेदारी को और अधिक सशक्त बना रहे हैं। खिलाड़ियों के आत्मविश्वास अनुशासन एवं खेल कौशल ने यह स्पष्ट कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। यह प्रतियोगिता न केवल खेल कौशल को निखारने का माध्यम बनी है बल्कि खिलाड़ियों के बीच आपसी भाईचारे सहयोग नेतृत्व एवं सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को भी सुदृढ़ कर रही है। काली मंदिर बस स्टैंड बलिया नाला अंबेडकर नगर चिलकाडांड निमियाटांड दिया पहरी कोहरौल घरसड़ी एवं चंदुआर सहित अनेक गांवों से आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस वर्ष की प्रतियोगिता की एक उल्लेखनीय विशेषता ग्रामीण महिलाओं की सक्रिय एवं सशक्त सहभागिता रही। महिला खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह सिद्ध किया कि वे खेल के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरताए दृढ़ संकल्प एवं सफलता की नई मिसाल स्थापित कर रही हैं। इस तीन दिवसीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आज आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख संदीप नायक प्रज्ञा नायक अध्यक्षा वनिता समाजए सहित एनटीपीसी सिंगरौली के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

# एनटीपीसी विंध्याचल आपकी सेवा के लिए सदा रहेगा कृतज्ञ : संजीब कुमार साहा

## एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा 4 कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई




**जागरण, विन्ध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना मे आज अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात 4 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों मे. आनंद कुमार उप प्रबंधक फ्यूल हैंडिलिंग बंशी राम सहायक प्रबंधक बीएमडी गोरे लाल उप अभियंता प्रचालन एवं रमाकांत प्रचालक मानव संसाधन शामिल है। सर्वप्रथम सेवानिवृत होने वाले सभी कर्मचारियों द्वारा सूर्या भवन के प्रांगण मे पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता को दोहराते हुये वृक्षारोपण किया गया। इसके पश्चात एनटीपीसी.विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में परियोजना प्रमुख विंध्याचल संजीब कुमार साहा एवं महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं एडीएम एम सुरेश नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियनध्एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक विंध्याचल संजीब कुमार साहा ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी.विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी.विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं एडीएम एम सुरेश नें भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का परियोजना प्रमुख विंध्याचल संजीब कुमार साहा एवं अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा श्रीफल शाल एवं स्मृति.चिन्ह से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एनटीपीसी मे उनके द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण.पत्र आदि भी प्रदान किया गया। तत्पश्चात सेवानिवृत्त कर्मचारीगण ने भी मंच पर आकर अपने अनुभव साझा किए और एनटीपीसी के साथ बिताए गए समय को अविस्मरणीय बताया। उन्होंने कहा कि उनकी पहचान एनटीपीसी के कारण ही बनी है और वे सदैव इसके आभारी रहेंगे। उन्होंने अपने सहकर्मियों के सहयोग और स्नेह के लिए विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण विभागाध्यक्षगण यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधिगण संबंधित विभागों के कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित रहे। समारोह का सफल संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन श्रीमती पूर्णिमा चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

# डीएवी दुधीचुआ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ग्रैंडपेरेंट्स डे




**जागरण, वैढ़न।** डीएवी दुधीचुआ में आज ग्रैंडपेरेंट्स डे का आयोजन उत्साहपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पीढ़ियों के बीच संवाद को सुदृढ़ करना तथा पारिवारिक मूल्यों के महत्व को रेखांकित करना रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अमिताभ श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान तकनीक.प्रधान युग में दादा.दादी एवं नाना.नानी का स्नेहए अनुभव और मार्गदर्शन बच्चों के लिए अमूल्य है। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा दो तक के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं जिनमें उनकी मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों ने अपने कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रैंडपेरेंट्स के सम्मान एवं उनके अनुभवों की महत्ता का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संपादन प्री.प्राइमरी कक्षाओं की कोऑर्डिनेटर श्रीमती आकृति दुबे के निर्देशन में तथा शिक्षिकाओं के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती प्रतिभा त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण एवं स्मरणीय वातावरण में हुआ।

# जनवरी में एनसीएल से निदेशक तकनीकी/संचालन सुनील प्रसाद सिंह सहित 58 कर्मी हुए सेवानिवृत्त

**जागरण, सिंगरौली।** आज नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल के निदेशक तकनीकी/संचालन सुनील प्रसाद सिंह सहित 8 अधिकारी और 50 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। एनसीएल मुख्यालय से सुनील प्रसाद सिंह निदेशक तकनीकी/संचालन राम हरख प्रसाद सहायक पर्यवेक्षक इलेक्ट्रिकल रंजीत सहायक पर्यवेक्षक परिवहन राजस्व विभाग सेवानिवृत्त हुए। इन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में एनसीएल मुख्यालय में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त हो रहे एनसीएल के निदेशक तकनीकी/संचालनद्ध सुनील प्रसाद सिंह ने अभिनंदन समारोह के दौरान सेवानिवृत्ति को जीवन का एक पड़ाव बताया । साथ ही पूर्व की स्मृतियों के आलोक में सभी को सहयोग प्रेम और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही पेशेवर ज़िन्दगी की सफलताओं का श्रेय एनसीएल सहित कोल इंडिया को दिया । इस अवसर पर कंपनी के अध्यक्ष.सह.प्रबंध निदेशक सीएमडी बी. साईराम निदेशक मानव संसाधन मनीष कुमार निदेशक वित्त रजनीश नारायण निदेशक तकनीकी/परियोजना एवं योजना आशुतोष द्विवेदी मुख्यालय के विभागाध्यक्ष अन्य अधिकारीगण



कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे। अभिनंदन समारोह के दौरान एनसीएल के अध्यक्ष.सह.प्रबंध निदेशक बी. साईराम ने कहा कि सुनील प्रसाद सिंह सौम्य शांत एवं सरल व्यक्तितत्व के धनी होने के साथ साथ एक कुशल निर्णयकर्ता सभी को साथ लेकर चलने वाल सॉफ्ट स्किल्स के धनी कठिन परिस्थितियों से पार पाने वाले समाधानकर्ता रहे हैं। उन्होंने कंपनी की उत्कृष्टता में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के बहुमूल्य योगदान की सराहना की तथा उन्हें कंपनी की सुदृढ़ आधारशिला रखने हेतु धन्यवाद दिया एवं उनके स्वस्थ सुखद एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन की कामना की। अपने उद्बोधन में निदेशक मानव संसाधन मनीष कुमार ने कहा कि निदेशक तकनीकी/संचालन सुनील प्रसाद सिंह बड़े ही सौम्य व शांत स्वभाव के अधिकारी एवं उत्कृष्ट होस्ट हैं। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों की सेवाओं को नमन करते हुए उनके सुखद एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की। इस दौरान निदेशक वित्त रजनीश नारायण ने कहा कि सुनील प्रसाद सिंह मिलनसार सरल एवं सभी को जोड़कर रखने वाले व्यक्ति हैं। इसके अलावा उन्होने सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी/परियोजना एवं योजना आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि सुनील प्रसाद सिंह एक उत्कृष्ट खनन अधिकारी एवं सरल स्वभाव के व्यक्तित्व हैं। उन्होने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को जीवन की आगामी पारी के लिए शुभकामनाएँ दीं। समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों ने अपने कार्यकाल की स्मृतियों को साझा किया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों ने भी सेवानिवृत्त कर्मियों से जुड़े संस्मरण एवं विचार व्यक्त किए। अंत में सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति से संबंधित उपादेय भेंट किए गए। एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में भी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित किए गए।

## डाइट रीवा में प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**रीवा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में प्राचार्य टीपी सिंह के नेतृत्व में आयोजित दो दिवसीय विज्ञान मेला का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस अवसर पर विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान विषयों पर आधारित मॉडल प्रदर्शनी, पर्यावरण गीत, लघु नाटिका एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रीवा संभाग के 89 विद्यार्थियों एवं 39 मार्गदर्शक शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रत्येक विषय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। प्राचार्य टीपी सिंह द्वारा विजेता प्रतिभागियों की घोषणा करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अनीता अवधूत, अनीता सोहगौरा, डॉ.अशोक पटेल, अनिल सिंह तिवारी, डॉ.विपिन शर्मा, सुनीता अग्निहोत्री, प्रमोद सोहगौरा, दीप्ति शुक्ला, अर्पण मिश्रा, अपूर्ण तिवारी, पूनम मिश्रा सहित डाइट रीवा के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समापन अवसर पर प्राचार्य टीपी सिंह ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। यह रहा परिणाम... विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान नंद जी सिंगरौली, द्वितीय स्थान संजय शाह सीधी, तृतीय स्थान अनुज शाह सिंगरौली, गणित विषय में प्रथम स्थान सुमित तिवारी सिंगरौली, द्वितीय स्थान अनय सिंह रीवा, तृतीय स्थान माधवी साकेत सीधी, शिक्षक सेमिनार में प्रथम स्थान संगीता सिंह शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिपरा रीवा, द्वितीय स्थान शरद कुमार पांडेय शासकीय हाई स्कूल शाहपुर सिंगरौली रहे।

# एनटीपीसी विंध्याचल की मसाला यूनिट को एआईएम समिट में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

**जागरण, विन्ध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल करते हुए ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन सी एस आर एवं इनोवेशन समिट 26 में पीएसयू श्रेणी के अंतर्गत रनर.अप ट्रॉफी जीतकर स्टेशन का गौरव बढ़ाया है। यह सम्मान स्टेशन की सीएसआर पहल के तहत ईडीआईआई के सहयोग से स्थापित मसाला उत्पादन इकाई के लिए प्रदान किया गया। इस परियोजना को एक केस स्टडी के रूप में प्रणव वर्मा अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन द्वारा प्रस्तुत किया गया जिन्होंने स्टेशन की ओर से रनर.अप ट्रॉफी भी प्राप्त की। ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन सीएसआर एवं इनोवेशन समिट एक राष्ट्रीय मंच है जो संगठनों द्वारा किए जा रहे सामाजिक प्रभाव और जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं को मान्यता देने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। एनटीपीसी विंध्याचल की मसाला यूनिट का मूल्यांकन विशिष्टता प्रभाव विस्तार क्षमता और स्थिरता जैसे कठोर मानकों पर किया गया। इस पहल को समुदाय.केंद्रित स्वरूप आजीविका सृजन की क्षमता स्केलेबिलिटी तथा दीर्घकालिक स्थिरता के लिए सराहा गया। यह सम्मान स्टेशन की समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करता है और सामाजिक.आर्थिक सशक्तिकरण हेतु एनटीपीसी विंध्याचल के सतत प्रयासों को दर्शाता है।




# श्री ज्वालामुखी मंदिर पार्किंग में ट्रक ट्रेलर खड़ा किए जाने से दर्शनार्थियों में आक्रोश

## मंदिर पार्किंग से ट्रक ट्रेलर को हटाए जाने की मांग

**जागरण, शक्तिनगर।** स्थानीय शक्तिपीठ श्री ज्वालामुखी मंदिर पार्किंग के सामने नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड तृतीय चरण विस्तार परियोजना का मटेरियल यार्ड बनाया गया है जिसमें प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में ट्रक ट्रेलर बल्कर बड़े वाहन आकर मंदिर के प्राचीन मार्ग के समीप बने पार्किंग में खड़ा कर दिया जाता है। मंदिर पार्किंग में बड़े वाहनों के खड़े किए जाने से मंदिर पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को सुविधा पैदा होती है वही ट्रक एवं टेलर के ड्राइवर द्वारा पार्किंग परिसर में मदिरापान एवं मांसाहार का सेवन किया जाता है जिस मंदिर की पवित्रता एवं गरिमा नष्ट हो रही है। इस संबंध में एनटीपीसी परियोजना को मंदिर पार्किंग से बड़े वाहनों को हटाने की मंदिर के प्राधिकृत पुजारी द्वारा किया गया था पर पार्किंग को खाली करने से इनकार कर दिया गया इस संबंध में जिला प्रशासन एवं स्थानीय पुलिस को भी मंदिर पार्किंग क्षेत्र को खाली कराए जाने हेतु पीजी पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई थी पर इस पर स्थानीय पुलिस ने गलत आख्या प्रस्तुत करते हुए मंदिर पार्किंग को खाली नहीं कराया गया जिससे स्थानीय जन समुदाय में आक्रोश व्याप्त है। श्री ज्वालामुखी मंदिर के तीर्थ पुरोहित आचार्य पंडित वेदांती मिश्रा द्वारा बताया गया कि एनटीपीसी तृतीय चरण परियोजना मटेरियल यार्ड मंदिर प्राचीन मार्ग के ठीक सामने बनाया गया है जिस मंदिर पर आने वाले तीर्थ यात्रियों दर्शनार्थियों को सुविधा होती है इस संबंध में परियोजना प्रबंधन को सूचित किया गया है पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है मंदिर की सुचिता पवित्रता को बनाए रखने के लिए मंदिर पार्किंग से बड़े वाहनों को हटाया जाना आवश्यक है। विश्व हिंदू परिषद प्रखंड शक्ति नगर के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि हम सब हिंदू स्वाभिलंबी समाज को मंदिर की गरिमा और पवित्रता बनाकर रखना चाहिए अगर परियोजना प्रबंधन में मंदिर प्राचीन मार्ग पार्किंग से बड़े वाहनों को नहीं हटाया तो हिंदू समाज द्वारा व्यापक जन आंदोलन किया जाएगा। मंदिर पार्किंग में बड़े वाहनों को खड़ा किए जाने के संबंध में मंदिर के कर्मकांडी शास्त्री दुर्गा प्रसाद मिश्र द्वारा अवगत कराया गया कि मंदिर पार्किंग में खड़े वाहनों के ड्राइवर द्वारा मांसाहार एवं मदिरापान किया जाता है जो धर्म विरुद्ध है ऐसे में परियोजना प्रबंधन को पार्किंग अन्यत्र शिफ्ट किया जाना आवश्यक है। प्रसाद विक्रेता सुरेश अग्रहरि ने बताया कि मंदिर पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को मुख्य मार्ग एवं प्राचीन मार्ग पर बड़े वाहन खड़ा होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है विगत दिनों श्री ज्वालामुखी मंदिर मुख्य मार्ग पर एक बाइक सवार की अज्ञात वाहन द्वारा धक्का मारने से मृत्यु हो चुकी है ऐसे में मंदिर मुख्य मार्ग के दोनों पटरिया को खाली कराया जाए एवं पार्किंग में बड़े वाहनों के खड़ा किए जाने पर रोक लगाया जाना चाहिए।

# विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण जी राम जी एक्ट की कार्यशाला सम्पन्न

**जागरण, वैढ़न।** केंद्र सरकार की बहुउद्देशीय एवं रोजगार संवर्धन के दृष्टिकोण से प्रारंभ की गई योजना जी राम जी के संदर्भ मे भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली जिले की विशेष कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास एवं पंचायत




राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह उपस्थित रहीं तथा कार्यशाला को संबोधित करने के लिए मुख्य वक्ता के रूप मे लोकसभा सांसद डॉ राजेश मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह नगर परिषद अध्यक्ष प्रमिला वर्मा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेमवती खैरवार गिरीश द्विवेदी मंचासीन रहे। केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ एवं उपयोगिता को ग्रामीण स्तर पर जन जन तक पहुंचाने के लिए पार्टी ने एक राष्ट्रव्यापी अभियान प्रारंभ किया है। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न एवं क्रियान्वयन हेतु चलाए जा रहे अभियान का नेतृत्व लोकसभा सांसद डॉ राजेश मिश्रा द्वारा किया जाएगा। जिला स्तर पर जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व मे यह अभियान चलेगा जिसके लिए जिलाध्यक्ष द्वारा एक विशेष जिलास्तरीय टोली का गठन किया गया है। जिसके लिए जिला महामंत्री योगेन्द्र द्विवेदी को इस अभियान का संयोजक बनाया गया है तथा सह संयोजक किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनोद चौबे को सह संयोजक बनाया गया है। टोली सदस्यों मे जिलामंत्री संदीप झा एवं युवा नेता पुनीत शुक्ला रखे गये हैं जो इस अभियान को जिले भर में संचालित करेंगे। जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि कार्यक्रम मे स्वागत एवं प्रस्तावना उद्बोधन जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने दिया। जिलाध्यक्ष ने इस योजना एवं इस अभियान की संक्षिप्त जानकारी कार्यकर्ताओं के समक्ष रखीं। जिलाध्यक्ष ने अभियान की आगामी रूप रेखा को विस्तार पूर्वक कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पंचायत ग्रामीण विकास विभाग राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि कांग्रेसी लोग योजना के नाम से ही परेशान हैं और दुष्प्रचार मे लग गये हैं इसलिए आप को दुगुनी शक्ति से इस अभियान मे लगना है तथा तथा इस योजना को लेकर जो भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं उनको दूर करना? है। कार्यक्रम को देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम ने भी संबोधित किया एवं कार्यक्रम मे केंद्रीय बजट के सामूहिक श्रवण तथा प्रसार के कार्य की रूप रेखा पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम का मंचीय संचालन जिला महामंत्री एवं अभियान के संयोजक योगेन्द्र द्विवेदी ने किया तथा आभार प्रकट किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं सह संयोजक विनोद चौबे द्वारा किया गया। कार्यशाला मे मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष प्रदीप शाह विजया सिंह पूनम गुप्ता महामंत्री विक्रम सिंह जिलामंत्री हर्ष सिंह कार्यालय मंत्री विजय वैश्य समस्त मंडल अध्यक्ष एवं मंडलों की टोली एवं वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तिलक स्पॉटिंग क्लब बरका ने 3-0 से बढ़त बनाकर जीत हासिल की



## महुली में फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

**जागरण निवास।** महुली में आज तबला स्पॉटिंग क्लब के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन मैच गीड़ा एवं तिलक स्पॉटिंग क्लब बरका के बीच खेला गया जिसमें तिलक स्पॉटिंग क्लब बरका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-0 से बढ़त बनाकर जीत हासिल की। इस रोमांचक मुकाबले को देखने के लिए हजारों की संख्या में ग्रामीण दर्शक उपस्थित रहे। यह प्रतियोगिता आदिवासी वनांचल क्षेत्र में आयोजित की गई जहाँ खेल के प्रति युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवसर जनपद अध्यक्ष प्रणव पाठक रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रीति देवेंद्र पनांडिया विनोद जायसवाल मोतीलाल प्रजापति दिलसरण सिंह क्षत्रपति सिंह बंहबहादुर सिंह सियालाल जायसवाल एवं रामधारी सिंह उपस्थित रहे। मैच का आंखों.देखा हाल बृजेंद्र सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना की सराहना की और आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

# अंडर-19 विश्व कप: पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल की हार का बदला लेने उतरेगा भारत

**बुलावायो, जेएनएन।** पांच बार का चैंपियन भारत रविवार को यहां आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से एशिया कप फाइनल में मिली शर्मनाक हार का बदला लेने की कोशिश करेगा। भारत पिछले साल 21 दिसंबर को दुबई में हुए अंडर-19 एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान से 191 रन से हार गया था जबकि 14 दिसंबर को उसने इसी टूर्नामेंट का ग्रुप मैच इस चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ 90 रन से जीता था। पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत पाकिस्तान के साथ अपनी 'हाथ नहीं मिलाने की नीति' भी जारी रख सकता है। भारतीय अंडर-19 टीम ने अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान के साथ मैच के बाद हाथ मिलाने से परहेज किया। उस टूर्नामेंट के ग्रुप चरण मैच के दौरान भी भारत ने ऐसा ही किया था। रविवार को आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम उस हार का बदला लेने के लिए बेताब होगी। किसी भी मैच से पहले सचिन तेंदुलकर से वर्चुअल हौसलाअफजाई मिलना सपनों के सच होने जैसा होता है और भारतीय खिलाड़ियों को इस महान खिलाड़ी से कुछ कीमती सलाह मिली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 'एक्स' पर लिखा, मौजूदा अंडर-19 विश्व कप में खेल रही भारत की अंडर-19 टीम ने विश्व क्रिकेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के साथ वर्चुअल बातचीत की। बीसीसीआई ने लिखा, यह एक बहुत बहुमूल्य अनुभव था।




**भारत-** आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उद्धव मोहन और किशन सिंह।

**पाकिस्तान-** फरहान यूसुफ (कप्तान), उस्मान खान, अली हसन बलूच, हमजा जहूर, हुजैफा अहसान, मोहम्मद शायन, समीर मिन्हास, अहमद हुसैन, अब्दुल सुभान, अली रजा, दानियाल अली खान, मोहम्मद सैयाम, मोमिन कमर, नकाब शफीक, उमर जैब।

### बना रहा भारत की जीत का सिलसिला

भारत ने अपने पहले सुपर सिक्स मैच में 27 जनवरी को मेजबान जिम्बाब्वे को 204 रन से हराकर जीत का सिलसिला जारी रखा। पाकिस्तान के रूप में भारत का अगला मैच एक मजबूत विरोधी के खिलाफ होगा और एशिया कप फाइनल में बड़ी हार म्हात्रे की अगुआई वाली टीम को परेशान कर सकती है। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू (चार मैच में 183 रन) और वैभव सूर्यवंशी (चार मैच में 166 रन) लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

### विहान और हेनिल से हैं उम्मीदें

विहान मल्होत्रा (चार मैच में 151 रन) से भी भारत को उम्मीदें हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पिछले मैच में जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 109 रन बनाए थे और वह अपनी अच्छी फॉर्म को जारी रखना चाहेंगे। गेंदबाजी में दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेनिल पटेल (चार मैच में 10 विकेट) और जिम्बाब्वे के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट चटकाने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उद्धव मोहन ने भारत के लिए प्रभावी प्रदर्शन किया है। कप्तान म्हात्रे ने भी जिम्बाब्वे के खिलाफ अपनी ऑफ ब्रेक गेंदबाजी से तीन विकेट लिए।

**6-4, 4-6, 6-4 से सबालेंका को हराया**

# एलिना रायबकिना आस्ट्रेलिया ओपन की नई चैंपियन



**मेलबर्न, जेएनएन।** कजाकिस्तान की टेनिस स्टार एलिना रायबकिना ने आॅस्ट्रेलिया ओपन जीत लिया है। उन्होंने शनिवार को फाइनल मैच में टॉप सीड बेलारूसी स्टार आर्यना सबालेंका को 6-4, 4-6, 6-4 से हराया। वे यह खिताब जीतने वाली कजाकिस्तान की पहली महिला खिलाड़ी बनी हैं। 26 साल की रायबकिना ने पहली बार इस ग्रैंड स्लैम का खिताब जीता है। 3 साल पहले वे फाइनल में पहुंची थीं, लेकिन तब उन्हें सबालेंका के हाथ पराजय का सामना करना पड़ा था। आज रायबकिना ने उस हार का बदला ले लिया। रायबकिना ने पहले सेमीफाइनल मैच में अमेरिका की जेशिगा पेगुला को 6-3, 7-6 से हराकर बाहर किया था।

### दो घंटे तक चला फाइनल मुकाबला

दो घंटे 16 मिनट तक चले इस मुकाबले में कजाकिस्तानी स्टार ने पहला सेट जीतकर मैच में 1-0 की बढ़त बना ली। लेकिन दूसरे सेट में सबालेंका ने जोरदार वापसी की। उसके बाद रायबकिना ने तीसरा सेट जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में इतिहास रचने उतरेंगे जोकोविच और अल्कारेज

**मेलबर्न, जेएनएन।** थकान और खुशी के पल में नोवाक जोकोविच ने भीड़ में मार्गरेट कोर्ट को पहचान लिया और उन्हें इतनी देर तक जागकर उन्हें अब तक के सबसे सफल टेनिस खिलाड़ी बनने से सिर्फ एक जीत दूर पहुंचते हुए देखने के लिए धन्यवाद दिया। रोड लेवर एरिना में 83 साल की कोर्ट दो बार के गत ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर पर जोकोविच की पांच सेट की जीत के दौरान वीआईपी दर्शकों के बीच मौजूद थीं। यह मुकाबला शनिवार सुबह डेढ़ बजे खत्म हुआ। ये दोनों 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब का सर्वकालिक रिकॉर्ड साझा करते हैं लेकिन रविवार को यह बदल सकता है। सिनर पर जोकोविच की कड़ी जीत ने शीर्ष रैंकिंग वाले अल्कारेज के खिलाफ खिताबी मुकाबला तय किया। स्पेन का 22 साल का यह खिलाड़ी करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनने की राह पर है। अल्कारेज और सिनर मिलकर अब तक जोकोविच को 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से रोकने में सफल रहे हैं। दोनों ने पिछले आठ ग्रैंडस्लैम खिताब बराबर संख्या में जीते हैं। सेमीफाइनल में जीत के बाद जोकोविच ने कोर्ट को धन्यवाद दिया कि वह सिनर के खिलाफ लगातार पांच हार का सिलसिला खत्म करने और ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार चार सेमीफाइनल हार का सिलसिला तोड़ने के दौरान उनके साथ थीं। जोकोविच ने कहा, कुछ दिग्गज सुबह दो बजे तक जागते रहे! उन्होंने कहा, यहां आने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।



## हैरिसन और नील ने जीता पुरुष डबल्स का खिताब एलिस-झेंग शुआई बनीं महिला युगल की विजेता

**मेलबर्न, जेएनएन।** एलिस मर्टेन्स ने शनिवार को चीन की झेंग शुआई के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीतकर महिला युगल में नंबर एक रैंकिंग पर वापसी की चार साल बाद एक टीम के तौर पर वापसी करने वाली मर्टेन्स और झेंग पहले सेट में 0-3 और 1-4 से पीछे थीं लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए कजाखस्तान की एना डैनिलिना और सर्बिया की एलेक्जेंड्रा क्रूनिक को 7-6, 6-4 से हराया। पुरुष युगल के फाइनल में क्रिश्चियन हैरिसन और नील स्कुप्स्की ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के पुरुष डबल्स का खिताब जीत लिया है। शनिवार को खेले गए मुकाबले में अमेरिकी-ब्रिटिश जोड़ी ने रॉड लेवर एरिना में 1 घंटे 49 मिनट तक चले मुकाबले में घरेलू पसंदीदा जेसन कुबलर और मार्क पोलमैन्स को 7-6(4), 6-4 से हराकर खिताब अपने नाम किया। वाइल्ड कार्ड जोड़ी कुबलर और पोलमैन्स ने पूरे फाइनल में शानदार मुकाबला किया, और उन्होंने शुरुआती सेट में 2-5 से वापसी करके घरेलू फैंस को खुश कर दिया और टाई-ब्रेक के लिए मजबूर कर दिया। लेकिन, हैरिसन और स्कुप्स्की के 3/4 से लगातार चार पॉइंट जीतकर एक सेट आगे बढ़ने के बाद मैच का मोमेंटम काफी बदल गया। हैरिसन और स्कुप्स्की ने सेमीफाइनल में मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस को 6-3, 7-6(7) से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।




## खेल एक नजर

### मिलर को टी20 विश्व कप खेलने के लिए मंजूरी मिली

**जोहानिसबर्ग, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका के सीनियर बल्लेबाज डेविड मिलर को अगले सप्ताह शुरू हो रहा टी20 विश्व कप खेलने के लिये मेडिकल मंजूरी मिल गई। मिलर को एसए 20 के दौरान मांसपेशी में खिंचाव आ गया था। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा कि वह रविवार को दक्षिण अफ्रीका टीम के साथ मुंबई रवाना होंगे। सीएसए ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा ,'' दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर को भारत और श्रीलंका में आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप 2026 खेलने के लिये मेडिकल मंजूरी मिल गई है। इसमें कहा गया। एसए 20 में पार्ल रॉयल्स के लिये खेलते हुए मिलर की मांसपेशी में खिंचाव आ गया था लेकिन इस सप्ताह उन्होंने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है । वह रविवार को टीम के साथ जोहानिसबर्ग से मुंबई रवाना होंगे। पिछली उपविजेता दक्षिण अफ्रीका को ग्रुप डी में न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, कनाडा और संयुक्त अरब अमीरात के साथ रखा गया है। उसे नौ फरवरी को अहमदाबाद में कनाडा से पहला मैच खेलना है।

### ऑस्ट्रेलिया की टी20 वर्ल्ड कप टीम से पेट कमिंस बाहर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया ने 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में शुरू हो रहे टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी फाइनल स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही ऑस्ट्रेलिया को तगड़ा झटका पैट कमिंस के रूप में लगा है। कमिंस बैक इंजरी की वजह से टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। पैट कमिंस समेत ऑस्ट्रेलिया ने अपने 15 खिलाड़ियों के फाइनल स्क्वॉड में कुल 2 बदलाव किए हैं। टॉप-ऑर्डर बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट को भी टीम से बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह बेन ड्वार्शियस ने ली है। बिग बैश में धमाल मचाने वाले स्टीव स्मिथ को स्क्वॉड में नहीं चुना गया है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन ड्वार्शियस और बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ ऑस्ट्रेलिया की 15 खिलाड़ियों की टीम में शामिल हुए हैं और सेलेक्टर टोनी डोडमाइड का मानना है कि यह जोड़ी 7 फरवरी को भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। जोश हेजलवुड, टिम डेविड और नाथन एलिस सभी वर्ल्ड कप के लिए फिट घोषित कर दिए गए हैं। हेजलवुड एशेज से पहले हैमस्ट्रिंग और अकिलीज में चोट लगने के बाद से नहीं खेले हैं। डेविड हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बीबीएल के ज्यादातर मैच और पाकिस्तान सीरीज नहीं खेल पाए थे, जबकि एलिस हैमस्ट्रिंग में हल्की चोट के कारण बीबीएल फाइनल और पाकिस्तान दौरे से बाहर रहे थे।बेन डोडेमाइड ने कहा, पैट को अपनी पीठ की चोट से उबरने के लिए ज्यादा समय चाहिए, इसलिए बेन एक अच्छा रिप्लेसमेंट हैं जो लेफ्ट-आर्म पेस बॉलिंग के साथ-साथ शानदार फील्डिंग और निचले क्रम में अच्छी बैटिंग भी कर सकते हैं। हमें विश्वास है कि अच्छी गति से गेंद को स्विंग कराने की उनकी क्षमता और चतुर वेरिएशन उन परिस्थितियों के लिए बहुत उपयुक्त होंगे जिनकी हम उम्मीद करते हैं और टीम के ओवरऑल स्ट्रक्चर के लिए भी। मैट (रेनशॉ) ने हाल ही में सभी फॉर्मेट में प्रभावित किया है।



## डब्ल्यूपीएल: यूपी वारियर्स के खिलाफ जीत की तलाश में दिल्ली कैपिटल्स

**वडोदरा, जेएनएन।** कुछ शीर्ष बल्लेबाजों की खराब फॉर्म की समस्या से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार को यहां वुमेंस प्रीमियर लीग मैच के आखिरी लीग मैच में यूपी वारियर्स के खिलाफ जीत की तलाश में होगी। दिल्ली की जीत उन्हें सीधे गुजरात जाइंट्स के खिलाफ एलिमिनेटर में जगह दिला देगी। टीम ऐसी स्थिति में आठ अंक के साथ लीग में तीसरे स्थान पर रहेगी और गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स की टीम बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर निचले पायदान पर मौजूद यूपी वारियर्स की जीत मुंबई की टीम के लिए रास्ता खोल सकती है। उस स्थिति में तीन टीम मुंबई, दिल्ली कैपिटल्स और वारियर्स तीनों के समान छह अंक रहेंगे और नेट रन रेट (एनआरआर) तय करेगा कि फाइनल में जगह बनाने के लिए एलिमिनेटर में गुजरात जाइंट्स का सामना कौन सी टीम करेगी। इन तीन टीम में से माइनस 1.146 के साथ वारियर्स का नेट रन रेट सबसे खराब है। दिल्ली का माइनस 0.164 जबकि मुंबई का प्लस 0.059 है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम आठ मैच में छह जीत के साथ पांच टीम की तालिका में शीर्ष पर रहते हुए पहले ही सीधे फाइनल में जगह बना चुकी है। दिल्ली की शीर्ष क्रम की बल्लेबाजों ने मौजूदा सत्र में अधिक रन नहीं बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका की लिजेल ली सात मैच में 230 रन के साथ टीम की सबसे सफल बल्लेबाज हैं। उनकी हमवतन स्टार लॉरा वोल्वार्ट ने सात मैच में 194 रन बनाए हैं जो उम्मीद से कम है। शेफाली वर्मा सात मैच में 179 रन ही बना पाई हैं। दिल्ली को इस अहम मैच में इस भारतीय सलामी बल्लेबाज से बड़े योगदान की उम्मीद होगी। नई कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने सात मैच में 132 रन बनाकर बेहद निराश किया है और उनकी एक बड़ी पारी टीम को जीत दिला सकती है। उनका मौजूदा सत्र का अब तक का सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 51 रन रहा है। गेंदबाजी में भी दिल्ली के विदेशी खिलाड़ियों का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी मारिजेन कैप और वेस्टइंडीज की चिनेल हेनरी सिर्फ सात और छह विकेट चटका पाई हैं।




**दिल्ली कैपिटल्स-** जेमिमा रोड्रिग्स (कप्तान), तानिया भाटिया, चिनेल हेनरी, लिजेल ली, निकी प्रसाद, शेफाली वर्मा, लॉरा वोल्वार्ट, लूसी हैमिल्टन, मारिजेन कैप, एलेना किंग, स्नेह राणा, प्रगति सिंह, मीनू मणि, नंदिनी शर्मा, श्री चरणी और एडला श्रुजाना।

**यूपी वारियर्स-** मेग लैनिंग (कप्तान), हरलीन देओल, शिप्रा गिरी, एमी जोन्स, किरण नवगिरे, प्रतिका रावल, सिमरन शेख, गोंगाडी त्रिशा, डिएंड्रा डॉटिन, चार्ली नॉट, शिखा पांडे, श्वेता सहरावत, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, क्लो ट्रायोन, सोफी एकलेस्टोन, क्रांति गौड़, सुमन मीणा।

## विराट व रोहित शर्मा बगैर ट्रांजिशन फेज से गुजर रही टीम इंडिया: टेम्बा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने क्रिकइंफो के लिए लिखे अपने एक लेख में भारतीय टेस्ट टीम के मौजूदा हालात पर अपनी राय साझा की है। उनका मानना है कि जहां सफेद गेंद (वनडे और टी20) के क्रिकेट में भारत एक बेहद मजबूत टीम है, वहीं टेस्ट क्रिकेट में वह फिलहाल एक ट्रांजिशन फेज यानी बदलाव के दौर से गुजर रही है। बावुमा के अनुसार, टेस्ट मैचों में विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की अनुपस्थिति ने टीम की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। उन्होंने इस स्थिति की तुलना 2019 के उस दौर से की है, जब दक्षिण अफ्रीका को भी अपने बड़े खिलाड़ियों के जाने के बाद ऐसी ही मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। बावुमा ने कहा कि वनडे में विराट कोहली और रोहित शर्मा की मौजूदगी भारत को मजबूती देती है, लेकिन टेस्ट में इन दोनों की अनुपस्थिति ने टीम की कमजोरी उजागर की है।



### गंभीर पर न बनाए दबाव

हेड कोच गौतम गंभीर का पक्ष लेते हुए बावुमा ने बीसीसीआई को सलाह दी है कि वह उन पर दबाव न बनाए और उन्हें 2027 के वनडे वर्ल्ड कप तक का पूरा समर्थन और लंबा समय दे। बावुमा ने अलग-अलग फॉर्मेट के लिए अलग-अलग कोच रखने के मॉडल का विरोध करते हुए कहा कि इससे खिलाड़ियों में भ्रम की स्थिति पैदा होती है। उनके मुताबिक, गंभीर के पास सफेद गेंद के क्रिकेट में अच्छे संसाधन मौजूद हैं और वनडे में कोहली व रोहित की मौजूदगी कोच के लिए राहत का कारण बनी रहेगी, जो उन्हें टेस्ट की चुनौतियों से निपटने का समय दे सकती है। बावुमा ने यह भी रेखांकित किया कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में शुभमन गिल की चोट भारत के लिए बड़ा झटका साबित हुई, जिससे टीम को ऋषभ पंत को अस्थायी कप्तान के रूप में उतारना पड़ा।

**टी20 वर्ल्ड कप**

### बुमराह बनेंगे प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट: चहल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 को शुरू होने में कुछ ही दिन का समय रह गया है। ऐसे में क्रिकेट एक्सपर्ट्स टूर्नामेंट को लेकर बड़ी-बड़ी भविष्यवाणियां कर रहे हैं। इस कड़ी में टीम इंडिया के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बेस्ट बैटर, बेस्ट बॉलर, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाला खिलाड़ी और टूर्नामेंट के हाईएस्ट स्कोर को लेकर कई भविष्यवाणी की है। बता दें, चहल ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए ना तो अभिषेक शर्मा का नाम लिया है और ना ही सूर्यकुमार यादव का। टी20 वर्ल्ड कप को लेकर युजवेंद्र चहल की बड़ी भविष्यवाणियां- टॉप बैटर ऑफ द टूर्नामेंट- अभिषेक शर्मा, टॉप बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट- जसप्रीत बुमराह, कौन सबसे ज्यादा छक्के मारेगा- अभिषेक शर्मा, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट- जसप्रीत बुमराह।



## इंग्लैंड ने पहले मुकाबले में श्रीलंका को हराया, सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंग्लैंड ने श्रीलंका को पहले टी-20 मुकाबले में डकवर्थ-लुईस नियम के तहत 11 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही इंग्लिश टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। बारिश के कारण मुकाबला तय समय पर शुरू नहीं हो सका, जिसके चलते ओवरों में कटौती कर इसे 17-17 ओवर का मैच कर दिया गया। शुक्रवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इंग्लिश गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 133 रन पर ऑलआउट कर दिया। जवाब में इंग्लैंड ने 15 ओवर में 4 विकेट पर 125 रन बना लिए थे, तभी बारिश ने फिर से खलल डाल दिया और आगे का खेल संभव नहीं हो सका। डकवर्थ-लुईस नियम के अनुसार इंग्लैंड उस समय टारगेट से आगे था, जिसके चलते मुकाबला इंग्लैंड के नाम रहा। गेंदबाजी में सैम करन और आदिल रशीद ने अहम भूमिका निभाई, जिसमें करन ने हैट्रिक ली। इंग्लैंड के लिए ओपनर फिलिप सॉल्ट ने 35 गेंदों में 46 रन, वहीं टॉम बैंटन ने 15 गेंदों में 29 रन की पारी खेली। श्रीलंका के लिए ईशान मलिंगा ने 2 विकेट, महीश तीक्षणा और कप्तान दसुन शनाका ने 1-1 विकेट लिया। सीरीज का दूसरा मुकाबला 1 फरवरी को पल्लेकेले में ही खेला जाएगा।




### सैम करन की हैट्रिक

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जिसके बाद श्रीलंका की टीम 16.2 ओवरों में 133 रन पर ऑलआउट हो गई। श्रीलंका की ओर से कुसल मेंडिस ने 37 जबकि पाथुम निसांका ने 23 रन बनाए। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें आदिल रशीद और सैम करन ने तीन-तीन विकेट चटकाए। सैम करन ने श्रीलंका की पारी के 16वें ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर दासुन शनाका, महीश तीक्षणा और माथीश पथिराना को आउट करते हुए हैट्रिक पूरी की।

## सिटी स्पोर्ट्स

### वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट में भावनगर यूनिवर्सिटी 45 रन से हारी

**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू), भोपाल की पुरुष क्रिकेट टीम ने वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने दूसरे नॉकआउट मुकाबले में महाराजा कृष्ण कुमार सिंह जी भावनगर यूनिवर्सिटी, गुजरात को 45 रनों से पराजित किया। मैच में आरएनटीयू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। विश्वविद्यालय की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 204 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। आरएनटीयू की ओर से विकेटकीपर गीतांश राठौर ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 34 गेंदों में 5 छक्कों और 2 चौकों की मदद से शानदार 63 रन बनाए। वहीं मोहम्मद तासीन आजाद ने 21 गेंदों में 3 चौके और 2 छक्कों की सहायता से 40 रन बनाए। इसके अतिरिक्त संजय मानिक ने 23 गेंदों में 2 चौके और 4 छक्के, कुणाल भरथरे ने 16 गेंद में 3 चौके और 1 छक्का लगाते हुवे 24 रन, मयंक पंचाल ने 18 गेंद में 1 चौके और 2 छक्के लगाते हुए नाबाद 26 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाराजा कृष्ण कुमार सिंह जी भावनगर यूनिवर्सिटी की टीम को आरएनटीयू के गेंदबाजों ने 20 ओवर में 8 विक्केट लेकर 159 रनों समेट दिया।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स का समापन, इंदौर ओवरऑल चैंपियन, भोपाल उपविजेता और जबलपुर तृतीय स्थान पर

**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 का भव्य समापन समारोह शनिवार शाम कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल में संपन्न हुआ। समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल पटेल ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बीते दिनों प्रदेश के विभिन्न खेल मैदानों पर बना खेल वातावरण यह दर्शाता है कि मध्यप्रदेश तेजी से खेलों का केंद्र बन रहा है। इस अवसर पर सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि खेलो एमपी यूथ गेम्स ने प्रदेश के युवाओं को प्रतिभा प्रदर्शन का ऐतिहासिक मंच दिया है।



### खेलों के क्षेत्र में मध्यप्रदेश बनेगा नंबर एक मंत्री सारंग

समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में खेलों के क्षेत्र में निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं। खेल अकादमियों का सशक्त संचालन, रेजिडेंशियल एकेडमी मॉडल और योग्य प्रशिक्षकों की उपलब्धता से खिलाड़ियों का सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि मध्यप्रदेश खेलों के मामले में देश में नंबर-1 बने। आने वाले समय में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक खेल अधोसंरचना विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

### मैदान चरित्र निर्माण की कार्यशाला : राज्यपाल

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि खेल का मैदान केवल हार-जीत का स्थान नहीं होता, बल्कि यह चरित्र निर्माण की कार्यशाला होता है। खेल से अनुशासन, धैर्य, संघर्ष और आत्मविश्वास विकसित होता है। जीत का संकल्प और हार के बाद फिर खड़े होने की क्षमता खेल ही सिखाता है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि खेलो एमपी यूथ गेम्स के माध्यम से गांव-गलियों में छिपी प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें मंच देना एक सराहनीय पहल है।

### अमनदीप की स्वर्णिम ड्रैग-फ्लिक्स ने उभरते हॉकी सपने को नई रोशनी दी

**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** साई एनसीओई भोपाल के उभरते हुए हॉकी खिलाड़ी अमनदीप लकरा ने हाल ही में संपन्न हॉकी इंडिया लीग 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय हॉकी में एक उल्लेखनीय अध्याय जोड़ा है। हैदराबाद तूफ़ान का प्रतिनिधित्व करते हुए अमनदीप लकरा ने 9 गोल दागकर अपनी टीम को कांस्य पदक दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' घोषित किया गया। ओडिशा के सुंदरगढ़ में जन्मे अमनदीप लकरा हॉकी से गहराई से जुड़े परिवार से आते हैं। उनका सफर समर्पण, अनुशासन और त्याग से प्रेरित रहा है। उनके पिता श्री विजय के. लकरा, स्वयं एक हॉकी कोच हैं, जो खिलाड़ी के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना पूरा नहीं कर सके। इसी अधूरे सपने को साकार करने के संकल्प के साथ अमनदीप ने भारत के लिए खेलने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अमनदीप लकरा ने वर्ष 2013 में हॉकी खेलना शुरू किया और उन्हें पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी एवं पद्म श्री सम्मानित दिलीप तिर्की से प्रेरणा मिली। तभी से वह निरंतर उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ते हुए अपने खेल को निखार रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय जूनियर स्तर पर भी अमनदीप लकरा ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है।

## जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक 3 फरवरी को

**सतना।** वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत एमपी वन मित्र पोर्टल पर जिला स्तर पर लंबित दावों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक 3 फरवरी को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने बैठक में संबंधित अधिकारियों तथा समिति के सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## सतना में कजरौटा महोत्सव का आयोजन

**सतना।** कला साहित्य एवं परम्पराओं का अनूठा संगम भारतीय कला महोत्सव कजरौटा का आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी तक व्यंकटेश लोक, सतना में किया जा रहा है। महोत्सव के तीसरे दिन 1 फरवरी को समकालीन साहित्य एवं आंचलिक साहित्य पर आधारित साहित्य विमर्श, हिन्दी, उर्दू, बघेली रचना पाठ के अलावा अनूप का अशेष संसार सहित अन्य कार्यक्रम होंगे।






# चाकू मारकर पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### घटना के बाद से हो गया था रफूचक्कर, मैहर कोतवाली टीआई ने दबोचा



जागरण, सतना

पत्नी की चाकू मारकर हत्या करने वाले आरोपी को मैहर टीआई अनिमेश द्विवेदी ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की घटना को अंजाम देकर आरोपी पति फरार हो गया था जिसे मैहर टीआई ने दबोच लिया है। यह कार्यवाही एसपी अवधेश प्रताप सिंह के निर्देश एएसपी डॉ चंचल नागर और सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में यह कार्यवाही मैहर कोतवाली पुलिस द्वारा की गई है। आरोपी हत्या की घटना को अंजाम देकर चार माह से फरार चल रहा था।

### ये थी घटना

फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि इसका जीजा केशव दुवे निवासी गोटेगांव नरसिंहपुर का इसके घर सगमनिया आया था जो अपनी पत्नी अर्चना दुवे से झगडा विवाद कर चाकू से गले मे वार किया है तथा बीच बचाव मे फरियादी के भाई के साथ भी डंडा से मारपीट किया हैए रिपोर्ट पर अपराध धारा 296,109, 115-2 बीएनएस कायम कर विवेचना की गई । मामले की मजरूबा अर्चना दुवे की उपचार दौरान जिला अस्पताल सतना मे मृत्यु होने से मामले मे धारा 103 बीएनएस का इजाफा किया जाकर आरोपी केशव दुवे की लगातार संभावित स्थानों पर दविश देते हुये पता तलाश के क्रम मे दिनांक 30 जनवरी को भेंडाघाट जबलपुर मे मुखबिर सूचना पर दस्तयाब किया गया जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है।

### ये आरोपी गिरफ्तार

पत्नी की हत्या के आरोप में पुलिस ने केशव दुबे पिता प्रह्लाद दुवे उम्र 39 वर्ष निवासी देव मुरलीधर वार्ड थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर को गिरफ्तार किया गया है। पकडे गये आरोपी को मैहर पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।


# श्रीराम दरबार शक्तिकेन्द्र की बैठक संपन्न

### शोभा यात्रा मार्ग के भव्य सजावट का लिया गया संकल्प




**जागरण, सतना।** हिंदू पर्व समन्वय समिति के तत्वावधान में श्रीराम नवमी शोभायात्रा के सार्थक आयोजन हेतु श्रीराम दरबार शक्तिकेंद्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 36, 40 एवं 41 की बैठक संपन्न हुई। भगवान राम की शोभायात्रा वार्ड 36 से शुरू होकर वार्ड 41 में प्रवेश कर वार्ड 40 में समाप्त होती है समिति के अध्यक्ष मणिकांत महेश्वरी संयोजक उत्तम बेनर्जी रमेश जैन रामावतार चमड़िया की उपस्थिति में तीनों वार्डों के रामभक्त बंधुओ भगिनियो ने सहभागिता की। बैठक की शुरुआत हनुमान चालीसा पाठ से की है सभी का स्वागत मणिकांत माहेश्वरी ने किया। बैठक में आगामी कार्ययोजना के साथ शोभा यात्रा मार्ग की साज सज्जाएयात्रा समाप्त होने के पश्चात मार्ग की साफ सफाई करने विस्तृत विचार विमर्श किया गया कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उत्तम बेनर्जी ने शक्तिकेंद्र योजना की विस्तृत चर्चा करते हुए अबकी बार हर परिवार के संकल्प को घर.घर पहुंचने की सम्पूर्ण योजना की प्रस्तावना रखी उन्होंने बताया सतना से राम भक्तों की टीम अयोध्या रवाना हो चुकी है वहां से भगवान राम जी के चरणों में धर्मध्वजा स्पर्श कराकर सतना लाई जाएगी और 9 शक्ति केंद्रों के सभी 45 वार्डो में ध्वज यात्रा निकाल कर शहर वासियों को श्री राम नवमी शोभायात्रा में पधारने का आमंत्रण दिया जाएगा। बैठक का संचालन हरिओम गुप्ता ने तथा आभार प्रदर्शन दीपक अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर पार्षद द्वय रमेश शुक्ला पीके जैन सविता गुप्ता तृप्ति विश्वकर्मा उषा गुप्ता विभा पांडे नवीन गुप्ता अनमोल गुप्ता आशीष अग्रवाल अभिषेक जैन बलराम शुक्ला दीपक अग्रवाल गुरुदत्त आहूजा रवि जायसवाल संदीप चमड़िया मोनू महाराज हिमांशु श्रीवास्तव शुभम माली अरविंद शर्मा श्रेय शुक्ला अनिल कुशवाहा रवि गुप्ता सागर चौरसिया डोला सोनी केशव मखीजा शिवप्रसाद सोनी करण चौरसिया गोपाल डागी अनिल सैनी राहुल जैन रविंदर बबलूश्रीवास्तव संदीप जैन आदित्य अग्रवाल अंकित अग्रवाल अमित जायसवाल सहित बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल हुए।

# मानपुर कल्याणपुर मार्ग पर गुणवत्ताहीन निर्माण का आरोप



**जागरण, सतना।** मानपुर से कल्याणपुर पहुंच मार्ग अब सड़क कम और भ्रष्टाचार की मिसाल ज्यादा बन चुका है। कांग्रेस नेता प्रभात द्विवेदी ने तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि मरम्मत के नाम पर जनता के पैसों की खुली लूट की गई है। सड़क पर लगाए गए जोड़ भी घटिया स्तर के हैं और डामरीकरण मानकों के विपरीत किया गया है। द्विवेदी ने कहा कि यह केवल लापरवाही नहीं बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार का मामला प्रतीत होता है। जनता की जान को खतरे में डालकर कागजों में विकास दिखाया जा रहा है। सड़क कुछ ही समय में उखड़ना इस बात का प्रमाण है कि काम ईमानदारी से नहीं हुआ। उन्होंने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि अधिकारी समय रहते निरीक्षण करते तो जनता को यह दिन नहीं देखना पड़ता। कांग्रेस नेता ने कलेक्टरए एसडीएम और संबंधित विभाग को तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच करने जिम्मेदार ठेकेदार और अधिकारियों पर कार्रवाई करने तथा सड़क का दोबारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की मांग की है। द्विवेदी ने चेतावनी दी कि अगर भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की कोशिश हुई तो सड़कों पर उतरकर जनआंदोलन करेगें और जिम्मेदारों का नाम उजागर करेगें।

## प्रभारी मंत्री राधा सिंह आज मैहर के विभिन्न कार्यक्रमों में होंगी शामिल

**सतना।** मध्यप्रदेश शासन की पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह 1 फरवरी को प्रातः 10 बजे शारदा देवी के दर्शन करेंगी। इसके बाद प्रभारी मंत्री प्रातः 11 बजे पीआईसी भवन में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों के साथ टेलीविजन पर केन्द्रीय बजट का सीधा प्रसारण देखेंगी तथा दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत गोबरी में उप स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण एवं ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यो का भूमिपूजन करेंगी। प्रभारी मंत्री दोपहर 3 बजे फेन्टू क्लब द्वारा आयोजित अखिल भारतीय विधायक फुटबाल कप 2026 के समापन समारोह में पुरूस्कार वितरण करने के पश्चात सायं 5 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगी। प्रभारी मंत्री राधा सिंह इसी रात्रि 9.20 बजे रेवांचल एक्सप्रेस द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी।

## जल जनित रोगों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी

**सतना।** बदलते मौसम और दूषित जल के बढ़ते खतरों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आम जनमानस के लिए जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला ने लोगों से अपील की है कि हैजा, टाइफाइड और दस्त जैसी बीमारियों से सुरक्षित रहने के लिए स्वच्छता और खान-पान का विशेष ध्यान रखें। पानी उबालकर पिएं, पीने के पानी को कम से कम 10-15 मिनट तक उबालें। इसके अलावा वॉटर फिल्टर का उपयोग करें या क्लोरीन की गोली (500 मिलीग्राम की एक गोली 20 लीटर पानी में) का उपयोग करें। खाना खाने से पहले और शौच के बाद हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह धोएं। हमेशा ताजा बना हुआ और गर्म खाना ही खाएं। भोजन को हमेशा ढककर रखें ताकि मक्खियों से बचाव हो सके। यदि बीमार हों, तो चिकित्सक द्वारा दी गई दवा का पूरा कोर्स करें, बीच में दवा न छोड़ें। नदी, तालाब या खुले कुओं का पानी सीधे पीने से बचें। बाजार में बिकने वाले खुले, पहले से कटे हुए फल या सब्जियों का सेवन न करें। बासी और अशुद्ध खाने से दूर रहें। पीने के पानी के स्रोतों (जैसे हैंडपंप, कुएं) के पास कूड़ा-कचरा न फेंकें और वहां गंदगी न होने दें। किसी भी बीमारी की स्थिति में बिना डॉक्टरी सलाह के खुद से दवा न लें। यदि किसी व्यक्ति को पेट दर्द, उल्टी, दस्त या तेज बुखार की शिकायत हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं। शरीर में पानी की कमी रोकने के लिए ओ.आर.एस. घोल का निरंतर सेवन करते रहें। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है। कि सावधानी ही इन बीमारियों से बचाव का सबसे कारगर उपाय है।

## फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित मैहर प्रीमियर लीग के तीसरे दिन खेले गए रोमांचक मुकाबले

**मैहर।** फ्रेंड्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित मैहर प्रीमियर लीग के तीसरे दिन दर्शकों को रोमांच से भरपूर मुकाबले देखने को मिले। टूर्नामेंट के तीसरे दिन खेले गए सभी मैचों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खूब रन बटोरे जिससे मैदान में उत्साह का माहौल बना रहा। तीसरे दिन खेले गए पहले मुकाबले में हरनामपुर और रिया.11 की टीमें आमने.सामने रहीं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रिया.11 की टीम ने 10 ओवर में 84 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरनामपुर की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 8 ओवर में 4 विकेट शेष रहते मैच जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच विनीत रहे। दूसरे मुकाबले में हेलीपैड और कुसैड़ी के बीच मुकाबला खेला गया। कुसैड़ी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 94 रन बनाए। जवाब में हेलीपैड की टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए चार विकेट खोकर 8 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मुकाबले में अरुणेंद्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं तीसरे मुकाबले में हेलीपैड बनाम हरनामपुर के बीच खेला गया रोमांचक मैच दर्शकों के लिए खास आकर्षण रहा। हरनामपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 96 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हेलीपैड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 ओवर में 5 विकेट खोकर मैच अपने नाम कर लिया। इस मैच में प्रिंस चौरसिया को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य जयंती तिवारी , महेश तिवारी रवि सराफ पार्षद जितेंद्र शुक्ला, जिला महामंत्री मनोज शुक्ला, डिप्टी कमिश्नर अशोक तिवारी तथा जनपद पंचायत मैहर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए टूर्नामेंट की सराहना की।





















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:-** मोबाइल नं रीवा- 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com